जबलपुर

शुक्रवार, 20 जून 2025

आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष–09

वर्ष : 20, अंक : 51

पृष्ठ : 8+6=14 मूल्य : 3.00 *


**मौसम**

अधि. 32

न्यून. 24


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



10 युद्ध खत्म कराने का संकल्प न ले सके





मैट्रो

6 होटल में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़...



inh 24x7


छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### लेह जा रही इंडिगो की फ्लाइट में आई खराबी

**नई दिल्ली।** गुरुवार सुबह 6 बजे दिल्ली से लेह जा रही इंडिगो की फ्लाइट (6ई 2006 ) में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर उसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में 180 यात्री सवार थे, और सभी सुरक्षित हैं। यह चौथी घटना है।



### अब कोरोना के दो नए वैरिएंट आए चर्चा में

**नई दिल्ली।** तीन हफ्तों में ही देश में एक्टिव केस बढ़कर 7400 से अधिक हो गए थे। अब एक्टिव केस घटकर 5976 रह गए हैं। कोरोना के दो वैरिएंट्स निंबस और स्ट्रातस को लेकर इन दिनों काफी चर्चा है। इन वैरिएंट्स की संक्रामकता दर ओमिक्रॉन के पिछले वैरिएंट्स की तुलना में ढाई गुना तक अधिक हो सकती है। पिछले एक महीने से अधिक समय से भारत सहित दुनिया के कई देशों में कोरोनावायरस का प्रकोप देखा जा रहा है।



लाड़ली बहनों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की बड़ी घोषणा

# दीवाली से लाड़लियों को 1500 रु. 2028 तक करेंगे 3 हजार प्रतिमाह




## वर-वधू का 'सिकल सेल जेनेटिक कार्ड' भी मिलाएं : सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

डॉ. यादव ने कहा कि अगले माह रक्षाबंधन पर्व पर लाड़ली बहनों को शगुन के रूप में 250 रुपए की अतिरिक्त राशि दी जाएगी

मुख्यमंत्री ने खरगोन में की मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा

सिकल सेल उन्मूलन, सबके साथ, प्रयास से होगा : राज्यपाल पटेल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को घोषणा की कि लाड़ली बहना योजना के तहत इस साल की दीवाली से हर माह 15 सौ रुपए की राशि हर माह दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह भाजपा का संकल्प है। इसे डंके की चोट पर पूरा किया जाएगा। योजना की राशि को 2028 तक बढ़ा कर 3 हजार रुपए प्रति माह कर दिया जाएगा। डॉ. यादव विश्व सिकल सेल दिवस पर बड़वानी के ग्राम तलून में आयोजित कार्यक्रम को इंदौर कलेक्टोरेट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने कहा कि अगले माह रक्षाबंधन पर्व पर लाड़ली बहनों को शगुन के रूप में 250 रुपए की अतिरिक्त राशि दी जाएगी। डॉ. यादव ने खरगोन जिले में नए मेडिकल कॉलेज खोलने की भी घोषणा की। इससे संपूर्ण निमाड़ अंचल को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का प्रदेश की जनता के नाम संदेश और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों पर आधारित अभिनंदन-पत्र का उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा वाचन किया गया।

### मौसम खराब होने के कारण सीएम डॉ. यादव नहीं पहुंच सके बड़वानी



*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का प्रदेश की जनता के नाम संदेश और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों पर आधारित अभिनंदन-पत्र का उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा वाचन किया*

### मौसम खराब होने के कारण नहीं उड़ सका हेलीकाप्टर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने बड़वानी के ग्राम तलून जाना था। अचानक मौसम खराब होने के कारण मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर इंदौर से नहीं उड़ पाया। लिहाजा, मुख्यमंत्री इंदौर कलेक्टोरेट पहुंचे और यहीं से बड़वानी के कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया।

### इस बीमारी का पता जितनी जल्दी चलेगा उतना ही इसे नियंत्रण में रख सकेंगे : सीएम

डॉ. यादव ने कहा कि हमारे समाज में शादी से पहले कुंडली मिलान की परंपरा है। अब समय आ गया है कि कुंडली के साथ हम वर-वधू का 'सिकल सेल जेनेटिक कार्ड' भी मिलाएं। इस बीमारी का पता जितनी जल्दी चल जाए इसे नियंत्रण में रखने और रोगी को स्वस्थ रखने की संभावना उतनी ही अधिक होती है। प्रदेश का जनजातीय समाज बड़ी संख्या में इस बीमारी से प्रभावित है।

### सिकल सेल उन्मूलन में सबकी भागीदारी जरूरी : राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिकल सेल के संपूर्ण उन्मूलन के लिए हम सबकी सक्रिय सामूहिक भागीदारी आवश्यक है। सबके विश्वास, साथ और प्रयासों से ही रोग का उन्मूलन होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में जनजाति कल्याण का स्वर्ण युग चल रहा है। सिकल सेल उन्मूलन मिशन के तहत प्रदेश सरकार सराहनीय कार्य कर रही है। राज्यपाल ने सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों के लिए राज्य सरकार की पूरी टीम को बधाई दी। राज्यपाल पटेल ने कहा कि सिकल सेल उन्मूलन के लिए जागरूकता सर्वाधिक आवश्यक है। गर्भावस्था में मां और बच्चे की सिकल सेल जांच और जन्म के 72 घंटों में नवजात की जांच किया जाना ज़रूरी है। राज्यपाल ने सिकल सेल से पीड़ित रोगी और वाहकों से भी अपील की है कि वे नियमित व्यायाम, पौष्टिक आहार और चिकित्सक की सलाह अनुसार दवाइयां लें। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेश ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर सिकल सेल एमीनिया के प्रति जागरुकता अभियान चलाया है। नवजात शिशुओं की जांच के लिए एम्स भोपाल में सिकल सेल जांच यूनिट शुरू की गई है।

सरकार ने जारी किए पदोन्नति के नए नियम

# अब हर डीपीसी में होगा आरक्षित वर्ग का अफसर



एससी-एसटी वर्ग को मिलेगा 16-20 फीसदी आरक्षण

गजट नोटिफिकेशन के साथ तत्काल प्रभाव से नियम लागू

विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

राज्य मंत्रिमंडल द्वारा लोकसेवा पदोन्नति नियम-2025 के अनुमोदन के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने गुरुवार को पदोन्नति के नए नियम जारी कर दिए।

इससे अधिकारियों-कर्मचारियों की पदोन्नति पर सरकार की रुच का पता चलता है। नियमों में कहा गया है कि सीधी भर्ती के पदों में एससी-एसटी वर्ग को 16 और 20 फीसदी आरक्षण दिए जाने का प्रावधान है। इसलिए, सरकार प्रमोशन में भी इन्हें इसी आधार पर आगे बढ़ने का मौका देने के लिए प्रतिबद्ध है। गजट नोटिफिकेशन के साथ ही सरकार के ये नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।

### विभागीय समितियां लेंगी संवर्ग का फैसला

पदोन्नति के लिए हर विभाग की अलग समिति बनेगी। समिति के अध्यक्ष विभाग के सचिव और विभागाध्यक्ष सचिव होंगे। समिति में उपसचिव या उससे अधिक ऊंचे पद का साप्रवि का एक अफसर भी शामिल होगा। तीनों सदस्यों में से कोई एक सदस्य एससी वर्ग का नहीं होने पर एससी वर्ग का एक सेकंड क्लास अधिकारी अनिवार्य रूप से समिति में शामिल किया जाएगा। इसी प्रकार पहले तीन सदस्यों में से कोई सदस्य एसटी वर्ग का न होने पर द्वितीय श्रेणी का एसटी वर्ग का एक अधिकारी भी समिति में शामिल होगा। पदोन्नति से भरे जाने वाले हर संवर्ग (कैडर) के पदों को अलग से तय किया जाएगा। इसके लिए समिति द्वारा फैसला लिया जाएगा।

### 2028 तक के लिए ही बनेगी कमेटी

विभागीय समिति द्वारा किसी मामले में यदि अलग फैसला लिया जाता है तो ऐसे मामले में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी बनेगी, जिसमें विभाग के सचिव और सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव शामिल होंगे। बनाए गए नियमों में कहा गया है कि जो कमेटी बनाई जाएगी वह साल 2024 से 2028 तक की विभागीय पदोन्नति समिति के लिए ही लागू मानी जाएगी। पांच साल के बाद इस कमेटी को फिर नए सिरे से बदला जा सकेगा।



11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ, समृद्ध और परम वैभवशाली भारत के निर्माण का संकल्प लें

पतंजलि®

योगमय भारत : स्वामी रामदेव जी का आह्वान

आइए, इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वामी जी के नेतृत्व में योगव्रती और स्वदेशीव्रती बनकर एक स्वस्थ, समृद्ध, समर्थ, संगठित और परम वैभवशाली भारत का निर्माण करें।

पतंजलि के माध्यम से पिछले तीन दशकों में योग, आयुर्वेद और स्वदेशी ने विश्व के 200 देशों में 200 करोड़ से अधिक लोगों को रोगमुक्ति, नशामुक्ति और आध्यात्मिक जागृति का मार्ग दिखाया है। इससे न केवल लाखों करोड़ रुपये की बचत हुई, अपितु एक आध्यात्मिक, सनातन जीवन पद्धति की नींव भी रखी गई।





"जागरण के देवता"

देश के शीर्षस्थ संत सहित करोड़ों लोग स्वामी जी महाराज को ''जागरण के देवता'' के रूप में देखते हैं जिन्होंने देश भर में 25 लाख किलोमीटर की यात्रा करके दस करोड़ से अधिक लोगों को योग का प्रशिक्षण देकर, एक करोड़ निःस्वार्थ एवं निष्काम सेवा करने वाले निष्ठावान कार्यकर्ता तैयार किए। पतंजलि के वे प्रशिक्षित योगी भाई–बहन देश के हर गांव, शहर, गली और मोहल्ले में एक लाख से अधिक योग शिविरों एवं नियमित योग कक्षाओं के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। सुबह जल्दी उठकर योग करने की यह क्रांति भारत को नई दिशा दे रही है।

विश्व के सबसे बड़े योग गुरु

योगऋषि स्वामी रामदेव महाराज से सीधा जुड़कर योग सीखें

आस्था LIVE — प्रतिदिन प्रातः 5:30 से 7:30 व रात 8:00 बजे | INDIA TV — रोज सुबह 7:56 बजे

**निःस्वार्थ भाव से मानव कल्याण का अभियान** आज पूरे देश भर में पतंजलि के 10,000 से अधिक केंद्रों और 2,500 योग्य एवं प्रशिक्षित वैद्यों के माध्यम से योग, आयुर्वेद एवं स्वदेशी के क्षेत्र में बहुत बड़ी सेवा चल रही है। यदि इस सेवा का मूल्यांकन करें तो राष्ट्रसेवा में यह एक लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का योगदान है। पतंजलि का प्रत्येक प्रकल्प भारत माता की सेवा के लिए समर्पित है।

**स्वदेशी से समृद्धि: अर्थ से परमार्थ** ऑक्सफैम ग्लोबल यू.के. एवं अन्य स्रोतों के सर्वे के अनुसार, 1765 से 1900 के बीच विदेशी कंपनियों और आक्रांताओं ने भारत से 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की लूट की और आज भी यह लूट निरंतर जारी है। स्वामी जी स्वदेशी के माध्यम से इस लूट को रोकने और भारत को आर्थिक महाशक्ति की ओर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। "Prosperity for Charity": पतंजलि ने 100% लाभ भारत माता की सेवा में लगाया है, लगा रहे हैं और आगे भी लगाएंगे।

**भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा मैकाले की शिक्षा पद्धति से मुक्ति** 1835 से चली आ रही मैकाले की शिक्षा पद्धति से देश को मुक्त करने के लिए पतंजलि गुरुकुलम् और आचार्यकुलम् जैसे संस्थान भारतीय शिक्षा बोर्ड के साथ श्रेष्ठ व्यक्तित्व, चरित्र और नेतृत्व वाले बच्चों का निर्माण कर रहे हैं। आगे लाखों विद्यालयों को भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध कर हम एक नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। अपने बच्चों को पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्व विद्यालय में पढ़ाएं और BSB के साथ अपने विद्यालय को संबद्ध करके राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में अपनी भूमिका निभायें।

**स्वास्थ्य क्रांति: निरोगी भारत** चरक, सुश्रुत, धन्वंतरी और पतंजलि जैसे महर्षियों के ज्ञान पर आधारित वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ पतंजलि वेलनेस, योगग्राम और निरामयम् जैसे विश्वस्तरीय इंटिग्रेटेड ट्रीटमेंट सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां करोड़ों लोग निरोगी और स्वस्थ हो रहे हैं। स्वामी जी का आह्वान है कि प्रत्येक व्यक्ति स्वयं योग करे और दस लोगों को योग कराएं। यदि 1% जागरूक लोग भी सुबह योग करें एवं योगमय सनातन जीवन पद्धति को अपनाएं, तो भारत का हेल्थ बजट शून्य हो सकता है।


**शोध और समाधान: विज्ञान और परंपरा का संगम** पतंजलि के 500 से अधिक वैज्ञानिकों ने वर्षों के रिसर्च से एविडेंस–बेस्ड पतंजलि मेडिसिन्स विकसित की हैं, जो लिवर, किडनी, हार्ट, ब्रेन और रेस्पिरेटरी सिस्टम के रोगों को ठीक कर रही हैं। 5,000 से अधिक रिसर्च प्रोटोकॉल और 500 से अधिक इंटरनेशनल जर्नल्स में रिसर्च पेपर्स के पब्लीकेशन ने आयुर्वेद को रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन का दर्जा दिलाने का बहुत बड़ा कार्य किया है।

**योग धर्म अब युगधर्म बने: सनातन ही समाधान है** आज योग और सनातन धर्म विश्व की आवश्यकता हैं। तनाव, बीमारियां, सामाजिक और सांस्कृतिक पतन से जूझ रही दुनिया को पतंजलि योग और सनातन मूल्यों के माध्यम से नई दिशा दे रहा है। आइए, योगधर्म मूलक सनातन जीवन पद्धति को अपनाएं।

**पंच महाक्रान्तियों का शंखनाद** शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक एवं सांस्कृतिक गुलामी से मुक्ति दिलाने एवं आर्थिक व आध्यात्मिक भारत बनाने के लिए पतंजलि एक लाख से अधिक गौ माता की सेवा कर रहा है और गौवंश को बचाने के लिए एक बड़ी कार्य योजना पर कार्यरत है।

पतंजलि के शुद्ध एवं सात्विक प्रोडक्ट्स अपनाइए, अपने बच्चों व परिवार को मिलावट के ज़हर से बचाइए।




श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
उच्च शिक्षा
की राह अब हुई
आसान
एजुकेशन लोन पर मिल रहा
ऋण ब्याज अनुदान
मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण
ब्याज अनुदान योजना
(अधिक जानकारी के लिए
https://industries.cg.gov.in पर विजिट करें)
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
सुशासन से समृद्धि की ओर
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 20 जून 2025




दोपहर 2:30 बजे का दृश्य

दो दिन में पूरा प्रदेश कवर कर लेगा मानसून, आज भी एक दर्जन जिलों में तेज से मध्यम बारिश का अलर्ट

# महाकोशल-मालवा क्षेत्र में तेज बारिश से नदी-नाले उफान पर, पुलिया पर दो बाइक सवार बहे, सड़कों पर भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

प्रदेश में मानसून ऑनसेट के बाद कुछ जिलों में बारिश की रफ्तार बढ़ी है। गुरुवार को सुबह से शाम तक इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, रतलाम, मंदसौर, नीमच, राजगढ़ और हरदा सहित कई जिलों में तेज से मध्यम बारिश हुई। भोपाल के बाहरी हिस्सों बैरागढ़, कोलार, करोंद आदि क्षेत्रों में बौछारें पड़ीं। राजधानी के अंदर धूल उड़ती रही। दिन भर छाए घने बादलों ने देर रात शहर में हल्की बारिश की। इंदौर, महू सहित मालवा क्षेत्र में तेज बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर आ गए। नीमच में उफनती पुलिया पार करने के दौरान दो बाइक सवार बह गए। लोगों ने उन्हें बचा लिया। मंदसौर में सड़कों पर पानी भर गया। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार को भी मौसम ऐसा ही रहेगा। कुछ जिलों में भारी तो कुछ जगह मध्यम बारिश होगी।

## जबलपुर सहित पूरे प्रदेश में नम हवाओं से पारा तेजी से गिरकर सामान्य से औसतन 5 डिग्री तक नीचे

### प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 36 डिग्री रहा

बारिश, बादल और आंधी से प्रदेश में दिन और रात का पारा तेजी से गिरा। भोपाल में 3 डिग्री गिरकर 30 डिग्री पर रहा। यह नॉर्मल से 6.3 डिग्री कम है। धार, गुना, नर्मदापुरम, इंदौर, रायसेन, जबलपुर, नौगांव सहित एक दर्जन से अधिक जिलों में पारा 3 से 6 डिग्री तक गिरा। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 36 डिग्री रहा। सबसे अधिक पारा टीकमगढ़ में 40.5 डिग्री रहा।

### इसलिए, अभी कम बारिश

शुक्ला के अनुसार अभी एक लो प्रेशर एरिया झारखंड के ऊपर बना है, जो कल आगे बढ़ेगा। मप्र पर साइक्लोनिक सकुर्लेशन है। राजस्थान में दो सकुर्लेशन हैं, जबकि एक ट्रफ उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान से गुजर रही है। एक ट्रफ मप्र, झारखंड से होकर बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर एरिया तक बनी हुई है।

### आज इन जिलों में बारिश का अलर्ट



मौसम विभाग ने शुक्रवार को अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, सागर जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, धार, इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, मैहर, पांढुर्णा आदि जिलों में गरज चमक के साथ आंधी और बौछारें पड़ेंगी।

## खबर संक्षेप

### गरोठ एसडीएम कार्यालय में रिश्वत लेते बाबू गिरफ्तार



**गरोठ।** उज्जैन लोकायुक्त पुलिस ने गरोठ एसडीएम कार्यालय में एक बड़ी कार्रवाई की। एसडीएम कार्यालय के बाबू पंकेश योगी को 5000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। मामला 18 जून को सामने आया। साठखेड़ा गांव के दीपक राठौर ने लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक अनिल विश्वकर्मा को शिकायत दी थी। शिकायत में बताया गया कि बाबू पंकेश योगी प्लॉट का डायवर्सन करने के लिए 15,000 की रिश्वत मांग रहे हैं।

### सोनम और राज की पुलिस रिमांड 2 दिन और बढ़ी



**इंदौर।** राजा रघुवंशी हत्याकांड में सोनम और राज कुशवाहा की पुलिस रिमांड 2 दिन और बढ़ा दी गई है। दोनों को शिलांग पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वहीं इस मामले में 3 अन्य आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। हत्या की साजिश के बारे में पुलिस ने बताया कि सोनम और राज कुशवाहा ने मिलकर राजा की हत्या की योजना बनाई थी। बता दें कि राजा और सोनम दोनों हनीमून के लिए शिलांग गए हुए थे।

### भीम बैठिका, भोजपुर सांची में ड्रोन प्रतिबंधित



**मंडीदीप।** लोक हित में तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार ड्रोन अधिनियम 2021 के अंतर्गत भीम बैठिका, भोजपुर शिव मंदिर और सांची बौद्ध स्तूप को रेड फ्लाई जोन घोषित किया गया है। इन संवेदनशील स्थलों में बिना विहित प्राधिकारी/उपखण्ड मजिस्ट्रेट की अनुमति के ड्रोन संचालन प्रतिबंधित किया गया है। आदेश एकपक्षीय पारित किया गया है।

ईरान ने यूएस को बीच में न आने की सलाह दी

उधर, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पेशकश की कि वे ईरान और इजराइल के बीच जारी जंग में मध्यस्थता करा सकते हैं

# ईरान पर हमले की पूरी तैयारी, रवाना हुए अमेरिकी लड़ाकू विमान, दूतावास के लिए जारी हुआ अलर्ट



*पुतिन ने कहा कि रूस के ईरान के साथ अच्छे संबंध हैं और ईरान के बुशेहर में पहला परमाणु पावर प्लांट लगाने में भी रूस ने मदद की थी। रूस के 200 कर्मचारी बुशेहर में दो अन्य परमाणु प्लांट बनाने में ईरान की मदद कर रहे हैं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान और इजराइल के बीच युद्ध जारी है, जिसमें ईरान को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। अमेरिका ने स्थिति पर सख्त रुख अपनाया है और सुरक्षाबलों की तैनाती शुरू कर दी है। इसके साथ ही अमेरिकी दूतावास से गैर-जरूरी राजनयिकों और उनके परिवारों की निकासी शुरू कर दी है। अमेरिका भी ईरान को चेतावनी दे रहा है और ईरान के सर्वोच्च नेता को सरेंडर करने के लिए कह रहा है लेकिन ईरान ने अमेरिका को बीच में न आने की सलाह दी है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान पर हमले की तैयारी के मद्देनजर बड़ी संख्या में अमेरिका द्वारा लड़ाकू विमान और मालवाहक विमान मध्य पूर्व रवाना किए गए हैं। अमेरिका ने और अधिक सुरक्षा बलों को सेंट्रल कमांड के संचालन क्षेत्र में तैनात कर दिया है। इसी बीच विदेश विभाग ने इजराइल में अमेरिकी दूतावास से गैर-जरूरी राजनयिकों और उनके परिवारों की निकासी शुरू कर दी है। अमेरिका ने यूरोप में यूएसएस फोर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की तैनाती की घोषणा की है। इसका मतलब है कि 2 अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर और एक ब्रिटिश कैरियर इजराइल और ईरान के पास तैनात होंगे।


इजराइल में अमेरिकी दूतावास से गैर-जरूरी राजनयिकों और उनके परिवारों की निकासी शुरू कर दी

2 अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर और एक ब्रिटिश कैरियर इजराइल और ईरान के पास तैनात होंगे

## अमेरिका ईरान को चेता रहा है और उसे सरेंडर करने को कह रहा है



पुतिन का मानना है...



### शांति समझौते से परमाणु कार्यक्रम भी चलता रहेगा व इजराइल की सुरक्षा चिंताएं भी खत्म हो जाएंगी

उधर, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को पेशकश की कि वे ईरान और इजराइल के बीच जारी जंग में मध्यस्थता करा सकते हैं। पुतिन ने कहा कि मॉस्को ऐसा समझौता करा सकता है, जिससे ईरान शांतिपूर्ण तरीके से अपना परमाणु कार्यक्रम भी संचालित कर सकेगा और इजराइल की सुरक्षा संबंधी चिंताओं का भी समाधान हो सकेगा। यह एक संवेदनशील मुद्दा है,।

*इराक के शीर्ष शिया धर्मगुरु अयातुल्ला अली सिस्तानी ने चेतावनी दी*

### खामनेई पर हमला तो मिडिल ईस्ट जल उठेगा



इस बीच इराक के शीर्ष शिया धर्मगुरु अयातुल्ला अली सिस्तानी ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान के नेतृत्व को निशाना बनाया जाता है तो क्षेत्र में अराजकता फैल जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में लोगों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी और सभी के हितों को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वे इस युद्ध को समाप्त करने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम का शांतिपूर्ण समाधान खोजने के लिए हर संभव कोशिश करें।

### ऑपरेशन सिंधुः ईरान से रेस्क्यू कर आर्मेनिया के रास्ते भारत लाए गए 110 छात्र



ईरान की उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे लगभग 110 भारतीय छात्र सुरक्षित भारत पहुंच गए हैं। इनमें से 90 छात्र कश्मीर के हैं। ईरान-इजराइल जंग में फंसे छात्रों को वापस लाने के लिए सरकार ने ऑपरेशन सिंधु शुरू किया है। भारत पहुंचे छात्रों ने बताया, वहां के हालात हर दिन खराब होते जा रहे हैं। खासकर तेहरान में स्थिति बहुत खराब है। युद्ध अच्छी चीज नहीं है। इंसानियत ही मारी जाती है। ईरान से निकाले गए ये छात्र मंगलवार को आर्मेनिया पहुंचे थे, जहां उन्हें राजधानी येरेवन के होटलों में ठहराया गया। इसके बाद गुरुवार को इन्हें कतर के रास्ते भारत लाया गया।

अयोध्या से गुजरात जा रहे थे, राजगढ़ में ड्राइवर को झपकी आई

## कार डिवाइडर से टकराई मां-बेटे समेत 4 की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

राजगढ़ जिले के पचोर में एक्सयूवी 500 कार हाईवे पर डिवाइडर से टकरा गई। कार सवार दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोगों ने शाजापुर जिला अस्पताल में दम तोड़ा। तीन लोग घायल हैं। ये सभी मूलतः यूपी के गोंडा जिले के रहने वाले हैं और सूरत में काम करते हैं। कार सवार सभी लोग अयोध्या से सूरत जा रहे थे। राजगढ़ में ड्राइवर को झपकी आ गई, जिससे हादसा हो गया।

■ सभी मूलतः यूपी के गोंडा जिले के रहने वाले

### कार सवार सभी रिश्तेदार थे

हादसे के बाद दूसरी कार के परिजन अस्पताल पहुंचे। शाजापुर जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर दीपक पाटीदार ने बताया कि 4 घायलों को पचोर से अस्पताल से लाया गया था। उपचार के दौरान दो महिलाओं की मौत हो गई। एक बच्ची और एक महिला का इलाज जारी है।

जस्टिस वर्मा के कैश कांड पर कमेटी की रिपोर्ट

## जस्टिस वर्मा को फंसाने का दावा खारिज उनके घर के स्टोररूम में कैश मिला था

» *सीसीटीवी डेटा गायब होने का दावा खारिज*

» *जस्टिस वर्मा पर महाभियोग की तलवार*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कैश कांड में दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस वर्मा की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास पर कैश मिलने के आरोपों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमेटी ने एक रिपोर्ट पेश की है। कमेटी में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाई कोर्ट की जज अनु शिवरामन शामिल थीं। कमेटी ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ गंभीर निष्कर्ष निकाले हैं। कमेटी ने उनके इस दावे को भी खारिज कर दिया है कि यह सब उन्हें फंसाने के लिए किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार जस्टिस वर्मा के घर के स्टोररूम में कैश मिला था।

8वें वेतन आयोग से डबल खुशी

## डबल हो जाएगी केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी, 1 जनवरी से होगा लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र ने 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। 8वां वेतन आयोग लागू होते ही देश के 1 करोड़ से ज्यादा केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स की सैलरी और पेंशन में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। संशोधित वेतन संरचना 1 जनवरी, 2026 से लागू होने की उम्मीद है। आधार वेतन समायोजन के अलावा, हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) और ट्रैवल अलाउंस(टीए) जैसे भत्तों में भी कर्मचारी पोस्टिंग और यात्रा आवश्यकताओं के आधार पर अपडेट देखने को मिल सकते हैं।

बालाघाट में आया एक अजीबोगरीब मामला

## युवक को डसकर सांप की तड़प-तड़प कर मौत, रेंजर बोले- यह अति दुर्लभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट

जिले के नवेगांव ग्रामीण थाना क्षेत्र के ग्राम खुड़सोड़ी में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, यहां एक जहरीले डोंगरबेलिया सांप ने एक युवक को डस लिया। उसके बाद सांप की कुछ ही मिनट में तड़प-तड़प कर मौत हो गई। परिजन उस मरे हुए सांप और युवक को लेकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां युवक को भर्ती किया गया। युवक सचिन पिता गजब नगपुरे (25) कार मैकेनिक का काम करता है। गुरुवार की सुबह करीब 7 बजे वह अपने खेत गया था।

■ युवक ने कहा- वह अलग-अलग पेड़ की लकड़ियों से करता है मंजन






यह मेला सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक चला, करीब 100 कंपनियों के आने का दावा

# 55 के हुए राहुल गांधी, कांग्रेस ने दिल्ली में किया 'मेगा जॉब फेयर' का आयोजन, 20 हजार युवाओं का हुआ रजिस्ट्रेशन!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश में बढ़ती बेरोजगारी को लेकर लगातार सरकार को घेरने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी अब अपने जन्मदिन पर इस मुद्दे पर एक पहल की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के 55वें जन्मदिन के मौके पर पार्टी की दिल्ली इकाई और इंडियन यूथ कांग्रेस मिलकर राष्ट्रीय राजधानी में एक मेगा रोजगार मेले का आयोजन किया।

कांग्रेस का दावा-मेले से 5 हजार नौकरियां मिलेंगी

राजस्थान में लगाए मेले से उत्साहित थे कांग्रेसी



## दावाः जेप्टो से लेकर एचडीएफसी तक बड़ी कंपनियां आईं

कांग्रेस द्वारा जारी प्रचार सामग्री के अनुसार, जिन कंपनियों ने इस मेले में भाग लिया उनमें जेप्टो, एयरटेल, ब्लिंकिट, टाटा, एचडीएफसी बैंक, फ्लिपकार्ट व महिंद्रा और एक्सिस बैंक जैसी जानी-मानी कंपनियां शामिल हैं।

### उधर, भाजपा का तंज ये सारे दावे हास्यास्पद

कांग्रेस के दावों का भाजपा ने मजाक उड़ाया। कांग्रेस के दावों पर तंज कसते हुए भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि 20 हजार युवाओं का रजिस्ट्रेशन कराने का दावा हास्यास्पद है।

### 12वीं पास युवा ले सकते थे हिस्सा

युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब ने बताया कि इस मेले में कम से कम 12वीं पास युवा हिस्सा ले सकते थे। 20 हजार रजिस्ट्रेशन में से 10 हजार ऑनलाइन किए गए हैं, जबकि बाकी 258 ब्लॉक स्तरीय कैंपों के जरिए जुटाए गए। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि अप्रैल में राजस्थान में इसी तरह का मेला आयोजित किया गया था, जहां 3,500 रजिस्ट्रेशन में से 1,400 युवाओं को नौकरी मिली थी।

## क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भारत का रिकॉर्ड

# रैंकिंग में देश के 54 संस्थान शामिल, आईआईटी दिल्ली टॉप पर

### शिक्षा मंत्री प्रधान ने दी जानकारी, इसे बताया 'क्रांति का परिणाम'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में इस बार 54 भारतीय उच्च शिक्षण संस्थानों ने जगह बनाई है। यह अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है, जिसकी जानकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को दी। उन्होंने कहा कि 2014 में जहां केवल 11 भारतीय विश्वविद्यालय इस वैश्विक सूची में शामिल थे, वहीं आज यह संख्या पांच गुना बढ़कर 54 हो गई है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में लागू की गई शिक्षा सुधार नीतियों और नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का नतीजा बताया। इस साल की रैंकिंग में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली को 123वां स्थान मिला है, जो भारत का सर्वोच्च स्थान है। इसके अलावा कई अन्य आईआईटी और प्रमुख विश्वविद्यालयों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

**2014 में केवल 11 भारतीय विवि थे शामिल**



**यह देश की शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन और प्रगति का प्रमाण**



एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने लिखा कि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में रिकॉर्ड 54 संस्थानों की भागीदारी भारत की शिक्षा प्रणाली में आए परिवर्तन और प्रगति का प्रमाण है। यह सिर्फ बदलाव नहीं, बल्कि एक शैक्षिक क्रांति है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अब जी 20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ती शिक्षा प्रणाली है और अमेरिका, यूके और चीन के बाद चौथा सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश बन चुका है।

#### लंदन स्थित वैश्विक उच्च शिक्षा विश्लेषण फर्म कर रही रैंकिंग

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग का प्रकाशन लंदन स्थित वैश्विक उच्च शिक्षा विश्लेषण फर्म क्यूएसक्युरेली साइमंज्स द्वारा किया जाता है। यह रैंकिंग कई मानकों (जैसे- अकादमिक प्रतिष्ठा, फैकल्टी-स्टूडेंट अनुपात, शोध प्रभाव, अंतरराष्ट्रीय छात्रों की उपस्थिति और स्नातकों की रोजगार क्षमता) पर आधारित होती है।

#### भारत बना चौथा सबसे बड़ा प्रतिनिधि देश

इस साल भारत से 8 नए संस्थानों को पहली बार रैंकिंग में शामिल किया गया है। अब भारत इस सूची में अमेरिका (192), यूके (90), और चीन (72) के बाद चौथा सबसे बड़ा प्रतिनिधित्व वाला देश बन चुका है।किसी भी अन्य देश ने इस साल रैंकिंग में इतनी अधिक संख्या में संस्थानों को शामिल नहीं किया है।

*प्रधानमंत्री ने भारत के शिक्षा क्षेत्र के लिए बहुत अच्छी खबर बताया*

### दिल्ली ने 2 वर्ष में 70 से अधिक पायदान चढ़कर प्रतिष्ठा प्राप्त की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग' 2026 भारत के शिक्षा क्षेत्र के लिए बहुत अच्छी खबर लेकर आई है। इस रैंकिंग में भारत के 54 संस्थानों को शामिल किया गया है। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी 2026 रैंकिंग हमारे शिक्षा क्षेत्र के लिए बहुत अच्छी खबर लेकर आई है। हमारी सरकार भारत के युवाओं के लाभ के लिए अनुसंधान और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। गुरुवार सुबह जारी रैंकिंग के अनुसार, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-दिल्ली सर्वोच्च रैंकिंग वाला भारतीय संस्थान है। संस्थान ने दो वर्षों में 70 से अधिक पायदान चढ़कर प्रतिष्ठित सूची में 123वां स्थान प्राप्त किया है।




## खबर संक्षेप

### रेलवे ट्रैक पर कटे मिले युवक-युवती के शव



**मुरादाबाद।** बिलारी क्षेत्र में गुरुवार सुबह सनसनीखेज घटना सामने आई। बिलारी-चंदौसी रेलवे लाइन पर स्थित कुआं खेड़ा हाल्ट के पास युवक और युवती के ट्रेन से कटे शव मिलने से सनसनी फैल गई। भोला उर्फ सुशांत पुत्र राजपाल सिंह और युवती आशी पुत्री मित्र पाल दोनों सैफपुर जगना गांव के निवासी थे।भोला गांव में रहकर खेती करने के साथ ट्रैक्टर भी चलाता था।

### झारखंड में भारी बारिश से 3 बच्चों की मौत



**रांची।** झारखंड में पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश ने खूब तबाही मचाई है। सूबे के खूंटी जिले की मुरहू पंचायत में बुधवार दोपहर करीब 2 बजे एक निर्माणाधीन कुआं ढह गया। इस हादसे में दो स्कूली बच्चे, जिनकी उम्र 9 और 10 साल थी, मिट्टी के मलबे में दब गए। बताया जा रहा गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे दोनों बच्चों के शव मलबे से निकाले गए।

### लोकल ट्रेन दुर्घटना में घायल समेत 5 मौतें



**ठाणे।** ठाणे जिले के मुंब्रा स्टेशन के पास 9जून को हुई उपनगरीय ट्रेन दुर्घटना में घायल एक यात्री की गुरुवार को एक निजी अस्पताल में मौत होने के बाद इस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 5हो गई। ठाणे के तहसीलदार उमेश पाटिल ने कहा कि घायल यात्री अनिल मोरे का निजी अस्पताल में इलाज हो रहा था और आज 11 बजे उनकी मौत हो गई।

### खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर को उतारा



**कोच्चि।** तट की नियमित गश्त पर निकले तटरक्षक बल के हेलीकॉप्टर को गुरुवार को खराब मौसम के कारण एहतियातन केरल के कॉलेज के मैदान में उतरना पड़ा। चेतक गश्त से लौट रहा था तभी मौसम खराब हो गया। चालक दल ने एर्नाकुलम के कोठामंगलम के पास चेलाड में सेंट ग्रेगोरियस डेंटल कॉलेज के फुटबॉल मैदान में एहतियातन उतारा।

### सतारा में बस पेड़ से टकराई, 20 घायल



**सतारा।** महाराष्ट्र के सतारा जिले में गुरुवार सुबह राज्य परिवहन की एक बस के सड़क किनारे पेड़ से टकराने के कारण कम से कम 20 यात्री घायल हो गए। दुर्घटना सुबह करीब आठ बजे ढेबेवाडी-पाटण रोड पर जणुगादेवी गांव के पास हुई, जब महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के पाटण डिपो की एक बस ढेबेवाडी जा रही थी।

## गृहमंत्री ने कहा- देश को समझने के लिए विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं

# बदलाव का समय निकट आया, आगामी समय में अंग्रेजी बोलने में 'शर्म' आएगी

### भारतीय भाषाओं के महत्व पर जोर देते हुए यह टिप्पणी की





**भाषा विवाद के बीच शाह का बड़ा ऐलान**



**दुनिया का नेतृत्व करने का समय आ गया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्र की पहचान उसकी अपनी भाषा से होती है। भारतीय भाषाओं के महत्व पर जोर देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत की भाषाई विरासत को दोबारा प्राप्त करने और देशी भाषाओं पर गर्व के साथ दुनिया का नेतृत्व करने का समय आ गया है। शाह ने कहा कि इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द ही शर्म आएगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है, केवल दृढ़ निश्चयी लोग ही बदलाव ला सकते हैं। मेरा मानना है कि हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। अपनी भाषाओं के बिना हम सच्चे भारतीय नहीं हैं। अपने देश, अपनी संस्कृति, अपने इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती है।

#### भाषा विवाद और 'हिंदी थोपना'

*गृहमंत्री शाह की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कुछ दक्षिणी और विपक्षी शासित राज्यों ने केंद्र पर 'त्रि-भाषा फार्मूले' के कार्यान्वयन के माध्यम से हिंदी थोपने का आरोप लगाया है। ये नई शिक्षा नीति (एनईपी) का एक हिस्सा है।*

#### औपनिवेशिकता को बताया गुलामी का प्रतीक

शाह ने यह भी भविष्यवाणी की कि दुनिया भर में अंग्रेजी को औपनिवेशिक गुलामी के प्रतीक के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश, हमारी संस्कृति, हमारे इतिहास और हमारे धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती। अधूरी विदेशी भाषाओं के माध्यम से संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि मुझे पूरा अहसास है कि यह लड़ाई कितनी कठिन है, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय समाज इसे जीतेगा। एक बार फिर, आत्मसम्मान के साथ, हम अपने देश को अपनी भाषाओं में चलाएंगे और दुनिया का नेतृत्व भी करेंगे।

#### प्रधानमंत्री के पंच प्रण का किया जिक्र

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के पंच प्रण काजिक्र किया। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी की हर सोच से मुक्ति पाना, विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता, प्रत्येक नागरिक में कर्तव्य की भावना जगाना। उन्होंने कहा कि ये पांच प्रतिज्ञाएं देश के नागरिकों का संकल्प बन गई हैं। 2047 के विकसित भारत की यात्रा में हमारी भाषाएं प्रमुख भूमिका निभाएंगी।

#### पूर्व आईएएस की पुस्तक का किया विमोचन

शाह पूर्व आईएएस आशुतोष अग्निहोत्री की पुस्तक 'मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं' के विमोचन में गुरुवार को शामिल हुए। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के प्रशिक्षण मॉडल में सहानुभूति लाने पर जोर दिया। शाह ने कहा कि यह मॉडल ब्रिटिश काल से प्रेरित है, इसलिए यहां सहानुभूति की कोई जगह नहीं है। मेरा मानना है कि कोई शासक अगर सहानुभूति के बिना शासन करता है, तो वह अपने वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकता है।

### रायपुर में नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी की नींव रखेंगे, जवानों से मिलेंगे

**कल आएंगे छत्तीसगढ़**



**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 जून को 2 दिनी दौरे पर छत्तीसगढ़ आएंगे। इस दौरान वेयहां नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) और राज्य की फॉरेंसिक लैब की आधारशिला रखेंगे। राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गुरुवार को यह जानकारी दी। शर्मा ने बताया कि शाह बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों के एक शिविर का भी दौरा करेंगे। अपने दौरे के दौरान नक्सल विरोधी अभियानों पर एक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने नवा रायपुर में एनएफएसयू के लिए 40 एकड़ जमीन आवंटित की है। केंद्र सरकार इस यूनिवर्सिटी को करीब 400 करोड़ की लागत बनाएगी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य फोरेंसिक लैब एनएफएसयू के करीब ही छह से सात एकड़ भूमि पर स्थापित की जाएगी। उन्होंने बताया कि शाह अगले दिन सुरक्षाबलों के एक शिविर (बस्तर क्षेत्र में) का दौरा करेंगे।

## 4 राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव

# निलंबूर उपचुनाव के दौरान यूडीएफ व एलडीएफ भिड़े

**राज्यसभा की 8 सीटों के लिए भी मतदान पूरा 23 को आएंगे इसके नतीजे**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चार राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदानहो गया है। ये 4 राज्य हैं गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल। नतीजे 23 जून को आएंगे। मगुजरात में दो सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं, जिनके नाम हैं कादी और विसावदर। इसके अलावा राज्यसभा की 8 सीटों के लिए भी वोटिंग हुई। इन 8 सीटों में असम से दो और तमिलनाडु से 6सीटें शामिल हैं। पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में कालीगंज विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार आशीष घोष ने गुरुवार को आरोप लगाया कि पहले, जब मैं वोट डालने गया तो अधिकारी मेरी अंगुली पर स्याही लगाना भूल गए। फिर, जब उन्होंने देखा कि स्याही नहीं थी, तो मैं वापस गया और उन्होंने जानबूझकर मेरी मध्यमा उंगली पर स्याही लगा दी।

#### बंगाल के निलंबूर में 71 फीसदी मतदान

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उपचुनाव के लिए गुरुवार की शाम 5 बजे तक प.बंगाल के कालीगंज में 60 फीसदी वोटिंग हुई। पंजाब के लुधियाना में 41फीसदी मतदान हुआ। निलंबूर उपचुनाव के लिए मतदान समाप्त हो गया। भारी बारिश के बावजूद निलंबूर में अच्छा मतदान हुआ। शाम 5 बजे तक 70.76 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पिछली बार 76.6 प्रतिशत मतदान हुआ था। लुधियाना पश्चिम में शाम 5 बजे तक 49.07फीसदी वोटिंग हुई। दोपहर 3 बजे तक गुजरात के कादी विधानसभा सीट के उपचुनाव में 46.33 प्रतिशत वोटिंग हुई और गुजरात के विसावदर में 47.67 प्रतिशत वोटिंग हुई। केरल के निलांबुर में 59.68 प्रतिशत वोटिंग हुई। वहीं पंजाब की लुधियाना वेस्ट सीट पर 41 प्रतिशत वोटिंग हुई। मतगणना सोमवार को होगी।

#### चुनाव प्रचार समाप्त, एफडीएफ ने किया प्रचार

निलंबूर विधानसभा उपचुनाव के दौरान आज कुरुम्बलंगोड क्षेत्र में यूडीएफ और एलडीएफ कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। यूडीएफ ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि चुनाव प्रचार अवधि समाप्त होने के बावजूद एलडीएफ के बाहरी कार्यकर्ता मतदान केंद्रों के आस-पास मौजूद थे और चुनाव दिन भी प्रचार कर रहे थे।

## सामाजिक न्याय पर सीजेआई गवई ने कहा

# सामाजिक-आर्थिक न्याय अहम, संविधान की वजह से ही तोड़ पाया जाति की बेड़ियां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने कहा है कि समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली असमानताओं पर ध्यान दिए बिना कोई भी देश असल में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा है कि समाज में स्थिरता, सामंजस्य और सतत विकास करने के लिए सामाजिक-आर्थिक न्याय सबसे अहम है। सीजेआई बुधवार को मिलान में सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिकाः भारतीय संविधान के 75 वर्षों के प्रतिबिंब' विषय पर बोलने के लिए आमंत्रित किया गया था।

#### भारतीय संविधान कठिन संघर्ष के बाद बना

**'भारतीय संविधान के 75 वर्षों के प्रतिबिंब' पर दिए उद्गार**



जस्टिस गवई ने कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि भारतीय संविधान के निर्माता इसके प्रावधानों का मसौदा तैयार करते समय सामाजिक-आर्थिक न्याय की अनिवार्यता को लेकर सचेत थे। संविधान को लंबे और कठिन संघर्ष के बाद तैयार किया गया था।

**संवैधानिक आदर्शों का उत्पाद हूं :** उन्होंने कहा, मैं आज यहां फिर दोहराता हूं कि समावेश और परिवर्तन के इस संवैधानिक दृष्टिकोण के कारण ही मैं भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में आपके सामने खड़ा हूं। मैं उन्हीं संवैधानिक आदर्शों का उत्पाद हूं, जो अवसरों को लोकतांत्रिक बनाने और जाति की बेड़ियों को तोड़ने की मांग करते हैं।

### 'राष्ट्रपति निकेतन' का निरीक्षण करेंगी मुर्मू, जल्द खुलेगा



**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अपने 67वें जन्मदिन पर 20 जून को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में मनाएंगी। उसी दिन वह ऐतिहासिक 'राष्ट्रपति निकेतन' का दौरा कर आम जनता के लिए खोलने की तैयारियों की समीक्षा करेंगी। 186 साल पुराना राष्ट्रपति का विश्रामगृह अब 24 जून से आम लोगों के लिए खुल जाएगा।पहले 'राष्ट्रपति आशियाना' कहा जाता था।

## सिकल सेल दिवस पर स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी जानकारी

**'भारत सिकल सेल मुक्त भविष्य अभियान'**


# इस बीमारी का पता लगाने के लिए 5.72 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने अब तक लगभग 5.72 करोड़ लोगों की जांच की है। यह सब 'भारत सिकल सेल मुक्त भविष्य अभियान' के तहत हो रहा है। इसकी जानकारी भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को सिकल सेल दिवस के मौके पर दी।

विश्व सिकल सेल दिवस हर साल 19 जून को मनाया जाता है। इसका मकसद लोगों को सिकल सेल बीमारी (एससीडी) के बारे में जागरूक करना होता है।

#### समय पर इलाज नहीं तो यह खतरनाक बन जाएगी



एससीडी एक जेनेटिक ब्लड डिसऑर्डर है, जो सीधे हमारे खून की लाल रक्त कोशिकाओं को प्रभावित करती है। इस बीमारी में शरीर में आरबीसी की संख्या कम हो जाती है, जिससे शरीर के अंगों तक सही मात्रा में ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाता। ऐसे में थकान, दर्द और कमजोरी जैसी परेशानियां हो सकती हैं। अगर वक्त पर इसका इलाज न हो, तो यह बीमारी खतरनाक भी बन सकती है।

**देश को इससे मुक्त करेंगे :** स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में कहा कि इस विश्व सिकल सेल दिवस पर, भारत अब सिकल सेल मुक्त भविष्य की तरफ एक कदम और बढ़ गया है।

## सांसद थरूर ने पार्टी के अंदर चर्चा करने की बात कही

# पार्टी में मेरे कुछ मतभेद, मैं देशसेवा से पीछे नहीं हटूंगा

### पीएम मोदी के साथ केवल सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के मामलों पर की थी चर्चा

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

तिरुवनंतपुरम लोकसभा से सांसद शशि थरूर ने पार्टी के अंदर मतभेद की बात कबूल की है। उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी के साथ बातचीत पर कहा है कि वो चर्चा केवल सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से जुड़े मामलों पर थी। उन्होंने कहा कि देश की सेवा के लिए वे हमेशा तैयार हैं। तिरुवनंतपुरम में मीडियाकर्मियों से साथ थरूर ने कहा कि मैं पिछले 16 सालों से कांग्रेस में काम कर रहा हूं। पार्टी के साथ मेरे कुछ मतभेद हैं, और मैं पार्टी के अंदर इस पर चर्चा करूंगा। समय आने दीजिए।



#### थरूर को लेकर सियासत गरम

थरूर समेत सभी प्रतिनिधिमंडल के नेता जब विदेश दौरों के बाद वापस आए थे, तो पीएम मोदी ने उनसे मुलाकात की थी और उनसे उनके एक्सपीरियंस भी जाने थे। थरूर को लेकर सियासत इसलिए भी गरम है क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने डेलिगेशन के लिए जिन नेताओं के नाम भेजे थे, उसमें थरूर का नाम नहीं था। पर, भारत सरकार ने थरूर को न केवल डेलिगेशन में शामिल किया, बल्कि उन्हें एक डेलिगेशन का मुख्य लीडर भी बनाया था।

#### पीएम मोदी के साथ बात पर दी सफाई

पीएम मोदी के साथ चर्चा को लेकर थरूर ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ चर्चा सिर्फ सांसदों के प्रतिनिधिमंडल से जुड़े मामलों पर थी। जब देश के लिए कोई मुद्दा उठता है, तो देश के साथ खड़े होना हमारी जिम्मेदारी है। जब देश को मेरी सेवा की जरूरत होगी, तो मैं हमेशा तैयार हूं।

#### ट्रंप के साथ मुनीर के लंच का 'उड़ाया मजाक'

#### 'फूड फॉर थॉट' मिला होगा

**नई दिल्ली।** थरूर ने पाक के सेना प्रमुख आसिम मुनीर के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ लंच पर तंज कसा है। थरूर ने उम्मीद जताई कि मुनीर को ट्रंप के साथ भोजन करते समय 'फूड फॉर थॉट' (सोचने के लिए कुछ) मिला होगा। मुनीर ने कहा था कि ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए।इसके तुरंत बाद उन्हें व्हाइट हाउस में भोजन से पुरस्कृत किया गया।

## कर्नाटक में हासन की फिल्म रिलीज केस

# सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से अड़चन पर सख्त एक्शन लेने को कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



एक्टर कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' की कर्नाटक में अटकी रिलीज पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्य में फिल्म की स्क्रीनिंग में अड़चन डालने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाए।

17 जून को आदेश में कहा था कि इस फिल्म को राज्य में रिलीज किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा था कि कानून के अनुसार सीबीएफसी मंजूरी वाली फिल्म को हर राज्य में रिलीज किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने राज्य सरकार का यह आश्वासन दर्ज किया कि यदि राज्य में फिल्म प्रदर्शित की गई तो वह सिनेमाघरों को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराएगी। पीठ ने कहा कि वह ऐसी स्थिति पैदा नहीं होने देना चाहती, जिसमें किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचे और फिल्म की रिलीज रोक दी जाए।

सत्यमेव जयते
Ministry of Ayush
Government of India

# समग्र स्वास्थ्य के अभूतपूर्व अभियान का हिस्सा बनिए

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025

## एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग

**प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी**

**विशाखापत्तनम** में होने वाले योग प्रदर्शन के राष्ट्रीय कार्यक्रम में हजारों उत्साहियों के साथ होंगे

लाइव प्रसारण DD न्यूज पर

21 जून | 6 बजे से

देश में हो रहे **8 लाख** से भी अधिक आयोजनों एवं **175+ देशों** में हो रहे योग उत्सवों के माध्यम से आई.डी.वाई. 2025 की गूँज दुनिया के हर कोने से सुनाई देने वाली है।

**अपने पास के किसी ऐसे कार्यक्रम से जुड़िए और #IDY2025 का उपयोग करके योग से जुड़े अपने अनुभव साझा करिए**

cbc 17201/13/0005/2526



moayush | ministryofayush | MinistryofAyushofficial

# मूंग और उड़द उपार्जन के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, एमएसपी पर खरीदारी 7 से होगी



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में ग्रीष्मकालीय मूंग और उड़द की एमएसपी पर खरीदी के लिए गुरुवार से रजिस्ट्रेशन हो गए हैं। यह प्रक्रिया 5 जुलाई तक चलेगी। इन दो फसलों की एमएसपी पर बिक्री के लिए किसानों को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है।

रजिस्ट्रेशन प्रकिया पूरी होने के बाद राज्य में 7 जुलाई से 6 अगस्त तक सरकारी खरीद केंद्रों पर मूंग और उड़द की खरीद होगी। सरकार की ओर से जायद मूंग के लिए 8682 रुपए प्रति क्विंटल एमएसपी तय किया गया है,जबकि उड़द के लिए 7400 रुपए प्रति क्विंटल एमएसपी तय किया गया है। भोपाल जिले के किसानों से मूंग उपार्जन के लिए करोंद मंडी और बैरसिया मंडी में उपार्जन केंद्र स्थापित किया गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल के द्वारा जारी दिशा-निर्देशो के अनुरूप एवं भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम योजना अंतर्गत विपणन वर्ष - 2025-26 में निर्धारित समर्थन मूल्य 8575 प्रति क्विंटल पर अंतिम पुष्टि शासन स्तर पर मूंग की खरीदी के लिए पंजीयन 19 जून से 5 जुलाई 2025 तक किया जाएगा।

### बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर भूमि विवरण संबंधी दस्तावेज सफल पंजीयन के लिए अवश्य रखें

*किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग उप संचालक, जिला भोपाल श्रीमति सुमन प्रसाद ने किसानों से अपील की गई है कि पंजीयन के लिए आवश्यक किसान का नाम, आधार नबंर, खसरा खतौनी की प्रति, बैंक पासबुक, मोबाईल नंबर, भूमि का विवरण संबंधी दस्तावेज सफल पंजीयन के लिए अवश्य रखें तथा किसान भाई अपनी उपज का पंजीयन कराने से पहले आधार नंबर से बैंक खाता एवं मोबाईल नंबर को आवश्यक रूप से लिंक करा ले। किसान के परिवार में जिन सदस्यों के नाम भूमि होगी वे सभी अपना पृथक-पृथक पंजीयन करायेंगे। किसान की भूमि यदि अन्य जिले में है तो उस जिले में पंजीयन कराया जाएगा। जिले में अलग-अलग स्थानों पर भूमि होने पर एक ही केंद्र पर सभी भूमियों का पंजीयन होगा।*


## पतंजलि के वैज्ञानिकों ने की सी-एलीगेंस पर किए गए नवीन शोध में पुष्टि

# न्यूरोग्रिट गोल्ड ने खोला पार्किंसंस बीमारी के उपचार का द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि के वैज्ञानिकों द्वारा सी एलीगेंस पर किए गए नवीन शोध ने यह पुष्टि की है कि आयुर्वेदिक औषधि न्यूरोग्रिट गोल्ड कैप्सूल न केवल पार्किंसंस बीमारी के कारण हुए स्मृति लोप को सुधारने में मदद करती है, अपितु यह जीवों की आयु को बढ़ाने में भी सहायक है, वहीं इनकी लम्बाई और प्रजनन क्षमता पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालती है।

यह अनुकरणीय शोध अंतरराष्ट्रीय विले प्रकाशन के रिसर्च जर्नल सीएनएस न्यूरोसाइंस एंड थैरेप्यूटिक्स में प्रकाशित हुआ है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पार्किंसंस बीमारी में व्यक्ति मानसिक रूप से तो अस्वस्थ्य होता ही है। परंतु क्या कोई ऐसा उपाय है जिससे अस्वस्थ्य व्यक्ति पुनः ठीक हो सके और अपने दैनिक कार्यकलाप भली भांति बिना किसी सहायता कर सके। अब हम पूरे विश्वास के साथ कह सकते हैं कि हां, अब यह संभव है। आचार्य ने कहा कि न्यूरोग्रिट गोल्ड हमारी धरोहर आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान का अनुपम मेल है। यह शोध प्रदर्शित करता है कि अगर प्राकृतिक जड़ी-बूटियों का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से




विश्लेषण किया जाए तो इस आधुनिक युग की समस्याओं को दूर करने में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि न्यूरोग्रिट गोल्ड ज्योतिष्मती और गिलोय आदि प्राकृतिक जड़ी-बूटियों के साथ ही एकांगवीर रस, मोती पिष्टी, रजत भस्म, वसंत कुसुमाकर रस, रसराज रस आदि से निर्मित है जोकि मस्तिष्क विकारों में लाभकारी मानी गई है। पतंजलि अनुसंधान संस्थान के उपाध्यक्ष और प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि सी एलीगेंस पर यह अभिनव प्रयोग पहली बार किसी आयुर्वेदिक औषधि के साथ किया गया है, और इसके परिणाम न केवल विज्ञान जगत के लिए रोमांचक हैं, बल्कि आने वाले समय में मानव स्वास्थ्य पर इसके गहरे प्रभाव पड़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि डोपामाइन हमारे मस्तिष्क का एक महत्वपूर्ण न्यूरोट्रांसमित्तर और हार्मोन है, जो हमारे शारीरिक तंत्र और क्रिया को नियंत्रित करता है। लेकिन, जब यह डोपामाइन किसी कारणवश अपना कार्य सुचारू रूप से नहीं कर पाता है, तब शरीर अपना संतुलन खो देता है, और हमारा मस्तिष्क वह कार्य भी भूलने लगता है जिनको हम भली-भांति कर पाते थे। इस अवस्था को पार्किंसंस कहते हैं। न्यूरोग्रिट गोल्ड के सेवन से इन जीवों में जैविक तनाव के स्तर को कम किया।

# सिग्निफाई और मप्र टूरिज्म बोर्ड मिलकर 61 गांवों को रोशन करेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के साथ लाईटिंग में विश्व की प्रमुख कंपनी सिग्निफाई ने गठबंधन किया। इस गठबंधन के अंतर्गत राज्य में पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण 61 गांवों में आउटडोर लाईटिंग लगाई जाएंगी। यह कार्य हर गांव रोशन सीएसआर अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है। इस अभियान में राष्ट्रीय उद्यानों के आसपास स्थित आदिवासी इलाकों को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि इन वंचित इलाकों में उनकी सुरक्षा, विजिबिलिटी और पर्यटकों के अनुभव में सुधार हो सके। आधिकारिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव और सिग्निफाई का नेतृत्व मौजूद थे। यह समझौता ज्ञापन इनोवेटिव लाईटिंग समाधानों द्वारा सस्टेनेबल विकास और सामुदायिक सशक्तीकरण करने की सिग्निफाई की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। निखिल गुप्ता, हेड ऑफ मार्केटिंग, स्ट्रेट्जी, सरकारी मामले, और सीएसआर, सिग्निफाई ग्रेटर इंडिया ने कहाकि सिग्निफाई में हम अपने हर गाँव रोशन सीएसआर अभियान की मदद से भारत के लोगों को सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन प्रदान करना चाहते हैं। इस प्रोजेक्ट के लिए हम मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड को धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने पर्यटन द्वारा ग्रामीण समुदायों को मजबूत बनाने के हमारे सामूहिक मिशन में अपना सहयोग दिया।

## अवैध वसूली से किसान और व्यापारी परेशान

# मंडी सचिव और अधिकारियों की अनदेखी से सब्जी मंडी प्रांगण में पनप रहा गुंडाराज!



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के करोंद स्थित पं.लक्ष्मीनारायण कृषि उपज मंडी के थोक सब्जियों विक्रेताओं की संस्था थोक सब्जी विक्रेता कल्याण संघ ने मंडी सचिव पर अनदेखी के आरोप लगाया गया है। संघ के अनुसार मंडी सचिव का कार्यभार संभाल रहे प्रवीण वर्मा मंडी की कार्यप्रणाली और यहां हो रही गतिविधियों से अनभिज्ञ है। इसी अनदेखी की बदौलत मंडी प्रांगण में गुंडाराज का वातावरण बना हुआ है। प्रांगण में राजनैतिक संरक्षण प्राप्त छुटपुइयों द्वारा किसान और व्यापारियों से अवैध वसूली की जा रही है। संघ के अध्यक्ष मोहम्मद नसीम सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि राजकुमार कुशवाहा द्वारा मंडी पहुंचने वाले किसानों और व्यापारियों से 100 से 200 रुपए वसूली जबरन की जा रही है। किसान और व्यापारियों द्वारा उक्त राशि नहीं देने पर उक्त वसूलीकर्ता द्वारा गुंडागर्दी की जाती है। जिसक बात की शिकायत मंडी समिति के अधिकारियों से की है, लेकिन मंडी सचिव, अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। नसीम ने बताया कि मंडी के अधिकारियों की शह पर मंडी प्रांगण में गुंडाराज पनप रहा है। किसान और व्यापारियों से अवैध वसूली की जा रही है। बताया जा रहा है कि अतिक्रमणकारियों ने मंडी प्रांगण में चौतरफा अतिक्रमण कर किया हुआ है। सड़कों पर गाड़ी और दुकान लगा कर मॉल बिकवाया जाता है। जिससे मार्ग अवरूद्ध हो रहा है और आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। थोक सब्जी विक्रेता कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि राजकुमार कुशवाह को क्षेत्रीय नेता का संरक्षण प्राप्त होने से इसकी बांछे खिली हुई है। यहीं वजह है कि सब्जी मंडी के थोक व्यापारियों और किसान खुलकर अपना विरोध दर्ज नहीं कर पा रहे है और मंडी के अधिकारी-कर्मचारी इस अवैध वसूलीकर्ता के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

### मेरे पास कोई शिकायत नहीं आई

*ये राजकुमार कुशवाह कौन है इसकी जानकारी मुझे नहीं है। अवैध वसूली के संबंध में मेरे पास कोई शिकायत नहीं आई। मैं पता करता हूं और उक्त मामले को दिखवाता हूं।*

*प्रवीण वर्मा*
*सचिव, कृषि उपज मंडी समिति भोपाल*

# टीम ने सांची पार्लर पर जब्त किए गुटखा तंबाखू के पाउच और सिगरेट के पैकेट




वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के विपणन दल ने गुरुवार को अशोका गार्डन मार्ग,विवेकानंद सब्जी मंडी के पास स्थित सांची पार्लर क्रमांक 14 पर शिकायत के आधार पर औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की। उपरोक्त पार्लर पर मादक पदार्थ जैसे गुटखा-तंबाखू के विभिन्न प्रकार के पाउच, विभिन्न प्रकार की सिगरेट के पैकेट इत्यादि विक्रय करते हुए पाया गया, जिसका पंचनामा बनाकर जब्ती करवाकर वैधानिक चेतवानी दी गई।

# टिकाऊ कृषि पहल ने किसानों को सशक्त बनाया

जबलपुर।

विविधीकृत अदाणी पोर्टफोलियो की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी एसीसी ने अदाणी फाउंडेशन के साथ मिलकर कटनी जिले के जमुवानी कलां में कस्टम हायरिंग सेंटर (सीएचसी) की शुरुआत की है। किसानों द्वारा संचालित यह पहल छोटे और सीमांत किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों तक किफ़ायती पहुंच प्रदान करती है, इनपुट लागत को कम करती है, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करती है और टिकाऊ खेती के तरीकों को बढ़ावा देती है।




एसीसी और अदाणी फाउंडेशन ने जय श्री राम किसान समूह, जमुवानी कलां को सीएचसी स्थापित करने में 2.5 लाख रुपये की शुरुआती पूंजी सहायता प्रदान करके सहायता की है, जिससे किसान सदस्यों को सरकारी सब्सिडी प्राप्त करने और सुपर सीडर और स्ट्रॉ रीपर सहित उन्नत मशीनरी प्राप्त करने में मदद मिली है।

# एक्सिस बैंक का बोट और मास्टरकार्ड के साथ गठजोड़

**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने भारत के नंबर 1 वेयरेबल ब्रांड, बोट और भुगतान के लिहाज से अग्रणी वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी, मास्टरकार्ड के साथ गठजोड़ किया है। बोट के नए लांच किए गए अत्याधुनिक स्मार्टवॉच 'वेव फॉर्च्यून' के लिए टैप एंड पे एनएफसी एनेबल्ड भुगतान को सहजता से जोड़ा जाएगा । वेव फॉर्च्यून को 3,299 रुपए की प्रतिस्पर्धी कीमत उपलब्ध है। एक्सिस बैंक कार्डधारक अब क्रेस्ट पे, बोट के आधिकारिक भुगतान ऐप के माध्यम से वेव फॉर्च्यून स्मार्टवॉच पर अपने डेबिट और क्रेडिट कार्ड को सुरक्षित रूप से टोकनाइज़ और स्टोर कर सकते हैं और आसानी से संपर्क रहित भुगतान कर सकते हैं।

**आवश्यकता**


आवश्यकता है- लिमिटेड कंपनी को जरुरत अनपढ़ से 12 वी पास लड़कों/लड़कियों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सैलरी 28500/- से 55500/- ( रहना+खाना फ्री पक्की नौकरी) 08920930586 (रायपुर /20/जून 25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
**हरिभूमि वैवाहिकी**
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
**जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

## राशिफल

**मेष** – खर्चों में वृद्धि होगी। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। लाभ में कमी रहेगी।

**वृष** – नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान रहेगा। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** – नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**कर्क** – शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सन्तान की ओर से कोई सुखद समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। सुस्वाद खानपान में रुचि रहेगी।

**सिंह** – कारोबार में सुधार होगा। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। क्षणे रुष्टा–क्षणे तुष्टा की मानसिकता हो सकती है। वाणी में सौम्यता रहेगी।

**कन्या** – किसी मित्र के सहयोग से नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**तुला** – पिता से धन प्राप्त हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पठन–पाठन में रुचि रहेगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**वृश्चिक** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। सेहत का ध्यान रखें। बातचीत में सन्तुलन बनाए रखें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**धनु** – भाई–बहनों से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** – माता–पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में मेहनत अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। वाहन सुख में वृद्धि होगी। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे।

**कुंभ** – कारोबार में कुछ परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं। आय में वृद्धि होगी। यात्रा खर्च बढ़ेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** – दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। अपनी भावनाओं का वश में रखें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

## थोक सराफा व्यापारियों ने फन सिटी में आयोजित होने वाले ज्वेलरी शो पर जताई आपत्ति

# कलेक्टर से मांग, सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं, रद्द हो अनुमति

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के थोक सराफा व्यापारियों की संस्था भोपाल होलसेल सर्राफा एसोसिएशन ने कान्हा ग्रीन फन सिटी में ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा रिटेलर्स के लिए 21 जून से आयोजित होने वाली दो दिवसीय बी2बी ज्वेलरी एक्सपो (ज्वेलरी शो) को लेकर आपत्ति जताई है। संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव गर्ग (गांधी) के नेतृत्व में इस संबंध में भोपाल कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा है।

संगठन के प्रतिनिधमंडल ने कलेक्टर भोपाल से मांग की है कि कान्हा ग्रीन फन सिटी में आयोजित होने स्वर्ण आभूषण प्रदर्शनी को सुरक्षा के कारणों से अनुमति प्रदान नही की जाएं। एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव गर्ग ने बताया कि आयोजित होने वाली इस स्वर्ण आभूषण प्रदर्शनी में कई ज्वेलर्स आधुनिक स्वर्ग आभूषणों का प्रदर्शन करेंगे और उपरोक्त प्रर्दशनी में करोड़ो रूपयों के स्वर्ण आभूषण लाएंगे।

### आयोजक संस्थान ने सूचना तक नहीं दिया

*संगठन के सचिव विजय वर्मा ने ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन से अपील की है कि मध्य भोपाल में यह प्रदर्शनी सुरक्षा की दृष्टि से आयोजित करनी चाहिए थी, जो बहुत ज्यादा सुरक्षित हो । यह कि ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सबसे पहले भोपाल सर्राफा एसोसिएशन को सूचना देना थी और भोपाल सर्राफा एसोसिएशन को विश्वास में लेकर इतनी बड़ी प्रदर्शनी आयोजित करनी चाहिए थी, जो उन्होने नहीं किया।*

### प्रदर्शनी और फैशन शो पर सुरक्षा की दृष्टि से आपत्ति

*भोपाल सर्राफा एसोसिएशन, होलसेल सर्राफा महासंघ सर्राफा को ज्वेलर्स डेवलमेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 21-22 जून को कान्हा ग्रीन फन सिटी नर्मदापुरम रोड, भोपाल में आयोजित स्वर्ण प्रदर्शनी और फैशन शो पर सुरक्षा की दृष्टि से धन-घोर आपत्ति है। क्योंकि हमारा व्यापार मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में हम ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन को हम इसके संचालकों से परिचित भी नहीं है।*

## शब्द पहेली - 5903



**बाएँ से दाए**

1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**

1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

### शब्द पहेली - 5902 का हल



## सूडोकु नवताल- 5913

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल- 5912 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

# तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का अनावरण, 17 साल बाद बदला ट्रॉफी का नाम

## ट्रॉफी में सचिन का कवर ड्राइव और एंडरसन की सिग्नेचर बॉलिंग एक्शन की छवि अंकित

एजेंसी ▶▶| लंदन

सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन ने गुरुवार को नई 'एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी' का अनावरण किया। भारत और इंग्लैंड के बीच द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में जीतने वाली टीम को यह ट्रॉफी दी जाएगी।

इससे पहले इस ट्रॉफी को पटौदी ट्रॉफी के नाम से जाना जाता था। पटौदी ट्रॉफी की शुरुआत 2007 में हुई थी। पटौदी सीनियर इंग्लैंड और भारत के लिए क्रिकेट खेले थे। वहीं टाइगर पटौदी ने भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी की थी। ट्रॉफी में तेंदुलकर के प्रतिष्ठित कवर ड्राइव और एंडरसन के सिग्नेचर बॉलिंग एक्शन की छवि के साथ-साथ दोनों महान क्रिकेटरों के साइन हैं।

दोनों क्रिकेट बोर्डों के एक संयुक्त बयान में कहा गया है, एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के बीच एक संयुक्त पहल है, जो अब इंग्लैंड और भारत के बीच होने वाली सभी भविष्य की टेस्ट सीरीज का प्रतिनिधित्व करेगी।




## विजेता कप्तान को मिलेगा पटौदी पदक

पटौदी परिवार भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से जुड़ा रहेगा। 2025 के संस्करण से शुरू होने वाले प्रत्येक इंग्लैंड-भारत टेस्ट सीरीज के विजेता कप्तान को एक नया पटौदी पदक दिया जाएगा। 2007 से शुरू हुई पटौदी ट्राफी में भारत ने इंग्लैंड को 1-0 से हराया था। इसके बाद 2011, 2014 और 2018 में खेली गई सीरीज पर इंग्लैंड ने कब्जा जमाया था। 2021 में खेली गई सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही। सीरीज का 1 मैच कोरोना के कारण बाद में खेला गया था, जिसमें इंग्लैंड की जीत हुई थी।

## पटौदी की विरासत जीवित रखने का पूरा प्रयास करूंगा : सचिन

*नई दिल्ली। भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने गुरुवार को कहा कि उन्हें जैसे ही पता चला कि भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला के लिए ट्रॉफी का नाम बदला जा रहा है, उन्होंने दिवंगत मंसूर अली खान पटौदी के परिवार से संपर्क किया और उन्हें आश्वस्त किया कि इस श्रृंखला से पूर्व कप्तान का जुड़ाव खत्म नहीं होगा। पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलकर तेंदुलकर और इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के नाम पर एंडरसन - तेंदुलकर ट्रॉफी रखा गया है। यह फैसला इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड और बीसीसीआई ने मिलकर लिया है। तेंदुलकर ने कहा, 'मुझे पता है कि बीसीसीआई ने कुछ महीना पहले पटौदी ट्रॉफी को रिटायर किया है। लेकिन जब मुझे पता चला कि इसका नाम मेरे और एंडरसन के नाम पर रखा जा रहा है तो मैने सबसे पहले पटौदी परिवार को फोन किया। टाइगर पटौदी ने कई पीढ़ियों को प्रेरित करने में बड़ी भूमिका निभाई है जिसे भुलाया नहीं जा सकता।' पटौदी परिवार श्रृंखला से जुड़ा रहेगा क्योंकि अब विजयी कप्तान को नया 'पटौदी उत्कृष्टता पदक ' देने का फैसला किया गया है।*

## बतौर कप्तान गिल के लिए आसान नहीं होगा



**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए इंग्लैंड में टेस्ट टीम की कमान संभालना आसान नहीं होगा और उसे सफलता के लिए संयम से काम लेना होगा। शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' में कहा, 'मुझे लगता है कि उसे समय देना होगा। यह आसान नहीं होगा। उसे कठिन काम सौंपा गया है। उसे इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम की कप्तानी करनी है।'गिल ने अभी तक 32 टेस्ट खेलकर 35.05 की औसत से 1893 रन बनाए हैं।

## नायर के साथ लंबे समय तक खेलने की उम्मीद

**लीड्स।** सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल शुक्रवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में करुण नायर की भारतीय टेस्ट टीम में वापसी से काफी उत्साहित हैं और उनको उम्मीद है कि वह अपने इस करीबी दोस्त के साथ लंबे समय तक देश की तरफ से खेलेंगे। नायर और राहुल, दोनों 33 साल के हैं और बचपन से ही एक साथ आयु वर्ग की क्रिकेट खेलते आए हैं और दोनों करीबी दोस्त हैं। राहुल जहां भारतीय टीम का अभिन्न अंग रहे हैं वही नायर को टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने के बावजूद आठ साल तक टीम से बाहर रखा गया।



### अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट श्रृंखला जीत पाया भारत

# शुभ मन से नए युग का आगाज आज भारत-इंग्लैंड के बीच होगी टेस्ट जंग

एजेंसी ▶▶| लीड्स

नया कप्तान, दृढ़ निश्चयी कोच, कुछ पुराने और कुछ नए चेहरे अगले 45 दिनों में एक दिलचस्प कहानी गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। भारत शुक्रवार से यहां एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा। भारत अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट श्रृंखला जीत पाया है। उसने 1971 में अजीत वाडेकर, 1986 में कपिल देव और 2007 में राहुल द्रविड़ की अगुवाई में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब शुभमन गिल इस सूची में अपना नाम लिखवाने के लिए बेताब होंगे। लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के कारण भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इससे वह अनुभव के मामले में थोड़ा कमजोर नजर आती है। पच्चीस वर्षीय गिल के लिए यह श्रृंखला अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी, क्योंकि इंग्लैंड की टीम ने ब्रेंडन मैकुलम की कोचिंग और बेन स्टोक्स की कप्तानी में टेस्ट मैच की बल्लेबाजी की परंपराओं को बदल दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम उनके आक्रामक रवैये का किस तरह से जवाब देती है।



**प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर दोपहर 3.30 बजे से**

### पिच बल्लेबाजों की मददगार

भारत के 37वें टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का चयन इस बात पर अधिक आधारित था कि उनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है। उनको यहां काफी कुछ साबित करना है। असामान्य रूप से गर्म लीड्स और हेडिंग्ले की आठ मिमी घास से भरी 22 गज की पिच इंग्लैंड के लिए बहुत भाग्यशाली नहीं रही है। ऐसे में जो भी टीम अच्छी बल्लेबाजी करेगी उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी।

### भारतीय आक्रमण मजबूत

टेस्ट क्रिकेट में 36 शतकों सहित 13,000 से अधिक रन बनाने वाले जो रूट की मौजूदगी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी कागजों पर भारत की तुलना में बेहतर नजर आती है। भारतीय टीम में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल (58 टेस्ट, 3257 रन) हैं। लेकिन जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाला भारतीय गेंदबाजी आक्रमण इंग्लैंड की तुलना में मजबूत नजर आता है जिससे दोनों टीमों की स्थिति बराबर लगती है। ऐसा तब है जबकि तेज गेंदबाज बुमराह केवल तीन टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध है।

### इंग्लैंड के गेंदबाज कमजोर

कोहली और रोहित की अनुपस्थिति के बावजूद भारत इंग्लैंड के गेंदबाजों को दबाव में ला सकता है। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास लेने तथा कुछ अन्य गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण इंग्लैंड का आक्रमण कमजोर नजर आता है। क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर तथा कप्तान स्टोक्स का गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी टीम में कोई खौफ पैदा नहीं करता।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारतः** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

**इंग्लैंड (अंतिम एकादश):** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

### पेरिस डायमंड लीग

# सत्र के पहले बड़े खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे नीरज

एजेंसी ▶▶| पेरिस



नब्बे मीटर की बाधा पार कर चुके दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की नजरें सत्र के पहले बड़े खिताब पर होगी। वह शुक्रवार को यहां सितारों से भरी पेरिस डायमंड लीग में भारत की चुनौती पेश करेंगे। डायमंड लीग के दूसरे चरण में भालाफेंक स्पर्धा में चोपड़ा के साथ जर्मनी के जूलियन वेबर, दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स भी आठ दावेदारों में होंगे। इनमें से पांच 90 मीटर का आंकड़ा छू चुके हैं।

- सत्र के पहले बड़े खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे नीरज

वेबर ने 16 मई को दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा को हराया था जिसमें चोपड़ा ने 90 मीटर से ऊपर का थ्रो फेंका था। वेबर ने आखिरी थ्रो 91.06 मीटर का फेंककर पहला स्थान हासिल किया। चोपड़ा 90.23 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। 31 वर्ष के वेबर ने 23 मई को पोलैंड में जानुज कुसोसिंकी मेमोरियल स्पर्धा में भी चोपड़ा को हराया था। वेबर ने 86.12 मीटर और चोपड़ा ने 84.14 मीटर का थ्रो फेंका था। पीटर्स दोनों में तीसरे स्थान पर रहे थे। पेरिस में चोपड़ा की नजरें वेबर से पिछली दोनों हार का बदला चुकता करने की होगी। वह डायमंड लीग के पेरिस चरण में आठ साल बाद खेलेंगे। उन्होंने पिछले साल ओलंपिक पर फोकस करने के लिए पेरिस डायमंड लीग में भाग नहीं लिया। पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ उन्होंने रजत पदक जीता था।

### अन्य प्रतिद्वंद्वी भी 90 मीटर पार

चोपड़ा और वेबर के अलावा पीटर्स भी 2022 में 90 मीटर की बाधा पार कर चुके हैं। कीनिया के 2015 विश्व चैंपियन जूलियस येगो और त्रिनिदाद और टोबैगो के 2012 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता केशोर्न वालकॉट भी 90 मीटर क्लब में शामिल हैं जिन्होंने 2015 में यह कारनामा किया था। इनके अलावा पेरिस डायमंड लीग में ब्राजील के लुईज मौरिशियो डा सिल्वा, मोलडोवा के एड्रियन मारडारे और फ्रांस के रेमी रूजेटे भी भाग लेंगे। पेरिस डायमंड लीग के बाद चोपड़ा 24 जून से चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स मीट में भाग लेंगे। इसके बाद पांच जुलाई को बेंगलुरु में नीरज चोपड़ा क्लासिक खेलेंगे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय टीम में खेलने को प्राथमिकता दें खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण के नए आदेश के अनुसार विभिन्न योजनाओं के जरिए वित्तीय मदद हासिल करने वाले देश के टेनिस खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में खेलने को प्राथमिकता देनी चाहिए। बिना किसी 'वैध स्पष्टीकरण' के खेलने से इनकार करने पर उनसे धनराशि वसूल की जाएगी। खिलाड़ियों को प्राप्त धनराशि के लिए जवाबदेह बनाते हुए साइ ने अपने आदेश में 'टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप' के अंतर्गत मदद के लिए चुने गए खिलाड़ियों को लिखित में देने को कहा है जिसमें वे स्वीकार करें कि वित्तीय सहायता प्राप्त करना देश के खेल उत्कृष्टता में योगदान देने की जिम्मेदारी है।

### विश्व कप की मेजबानी के लिए हुआ समझौता

**चेन्नई।** हॉकी इंडिया ने इस साल 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप की सह मेजबानी के लिए गुरुवार को तमिलनाडु सरकार के साथ एक समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। टूर्नामेंट की घोषणा कार्यक्रम के दौरान यहां आधिकारिक 'लोगो' का भी अनावरण किया गया। इस चरण में पहली बार दुनिया भर से 24 टीमें भाग लेंगी जिससे यह अब तक का सबसे प्रतिस्पर्धी चरण होगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, 'एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 अंतरराष्ट्रीय हॉकी कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है जिससे भविष्य के स्टार निकलते हैं।

## सारांश जैन की शानदार अगुआई में जबलपुर रॉयल लॉयंस ने जीत दर्ज की




### बाथम और टाडा की मैच विनिंग पार्टनरशिप ने जेआरएल को टूर्नामेंट में बनाए रखा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश लीग टी20 सीजन-1 की विजेता जबलपुर रॉयल लॉयंस की टीम सीजन-2 में अपनी पहली जीत हासिल करने में सफल रही। हालाँकि टूर्नामेंट का पहला हिस्सा उनकी उम्मीदों के अनुसार नहीं रहा। ऐसे में एक अहम मुकाबले में जबलपुर रॉयल लॉयंस ने टीम वर्क का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सीजन की पहली जीत दर्ज की। इस जीत में सारांश जैन, राहुल बाथम और ऋतिक टाडा ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच की शुरुआत में चंबल घड़ियाल्स के कप्तान शुभम शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। चंबल की टीम पावरप्ले में अपने 4 विकेट गंवाकर सिर्फ 38 रन ही बना सकी, जिसका श्रेय जबलपुर टीम के कप्तान सरांश जैन की बेहतरीन गेंदबाजी को जाता है। इसके बाद शुभम शर्मा ने अपनी टीम के लिए अहम भूमिका निभाई और 68 रन बनाए, वहीं अमन भदौरिया ने 32 रन जोड़कर टीम को 9 विकेट पर 167 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुँचाया। तनिष्क यादव और राहुल बाथम ने भी दो-दो विकेट अपने नाम किए। जबलपुर रॉयल लॉयंस को जीत के लिए सिर्फ 168 रन का लक्ष्य मिला था, और धमेंद्र पटेल ने पारी के पहले ही ओवर में 17 रन बनाकर टीम को तेज शुरुआत दी। टीम के उपकप्तान राहुल बाथम और दमदार बल्लेबाज ऋतिक टाडा ने सिर्फ 34 गेंदों में 71 रनों की मैच जिताऊ साझेदारी कर जीत दर्ज की। जबलपुर रॉयल लॉयंस अब 20 जून को दोपहर के मुकाबले में रीवा जैगुआर्स का सामना करेगी। यह मैच भी उनके लिए बेहद अहम है, क्योंकि उनके लिए लीग की शीर्ष टीम के खिलाफ हर हाल में जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है।

एन सी एल NCL नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(मिनिरत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी)
सूचना संख्या एन.सी.एल./एसजीआर/विपणन/ई-ऑक्सन/25-26/703 दिनांक : 19.06.2025
सीआईएल ई-ऑक्सन स्कीम 2022 के माध्यम से जून 2025 माह मे कोयले की बिक्री की सूचना
नॉर्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली, म. प्र. सीआईएल ई-ऑक्सन स्कीम 2022 के माध्यम से "कोयले" की बिक्री का प्रस्ताव पेश करती है, जिसमें कोई भी भारतीय क्रेता (व्यक्ति, पार्टनरशिप फर्म, कम्पनी इत्यादि) भाग ले सकता है और इलेक्ट्रॉनिक बोली के जरीये कोयला प्राप्त कर सकता है। "जून 2025" के लिये दिनांक "26.06.2025" को होने वाले ई-ऑक्सन से संबंधित विस्तृत सूचना तथा नियम एवं शर्ते एनसीएल की वेबसाइट "www.nclcil.in", सर्विस प्रोवाइडर "एम-जंक्शन" की वेबसाइट https://www.coaljunction.in, तथा विपणन एवं विक्रय विभाग, एनसीएल सिंगरौली के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।
R-22 महाप्रबंधक (वि. एवं वि.) एनसीएल सिंगरौली

कार्यालय अपर संचालक/प्राचार्य, शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र जबलपुर म.प्र.
Office No. 0761-2663471 Fax No. 0761- E.Mail - petcjabalpur@gmail.com
क्रमांक/286/प्राचार्य/पीईटीसी./प्रशिक्षण/2025 जबलपुर, दिनांक 18/06/25
एमपी. पी.एस.सी प्रारंभिक परीक्षा 2026 की तैयारी हेतु अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अभ्यार्थियों के लिये निःशुल्क ऑफलाईन कोचिंग हेतु विज्ञापन ।
शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र जबलपुर में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के अभ्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग हेतु निम्न शर्तो के अधीन निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं ।
1- आवेदक अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग का सदस्य एवं म.प्र. का मूल निवासी हो तथा आवेदक के परिवार की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 6 लाख रुपए से अधिक न हो तथा न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष हो ।आवेदक ने पूर्व में किसी भी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण न लिया हो
2- प्रशिक्षण हेतु स्नातक होना आवश्यक है।प्रशिक्षण का माध्यम हिंदी होगा, छात्रावास सुविधा उपलब्ध नहीं है।आवेदक के स्नातक परीक्षा में 55 प्रतिशत या अधिक होने पर मूल टी. सी. एवं अन्य आवश्यक अभिलेख जमा करने पर नियमानुसार आवास सहायता राशि 2000/- एवं स्टाईपेण्ड राशि 500 /- प्रतिमाह 75 प्रतिशत उपस्थिति के आधार पर देय होगी ।
3- शिक्षण संस्था में निःशुल्क स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर लैब एवं लायब्रेरी की सुविधा उपलब्ध है ।
4- इच्छुक छात्र / छात्राऐं दिनांक 15.07.2025 तक आवेदन कर सकते हैं।
उपरोक्तानुसार आवेदक आवेदन पत्र के साथ हाईस्कूल, हायर सेकेन्ड्री, स्नातक उत्तीर्ण की अंकसूची, 02 पासपोर्ट साइज फोटो, आधारकार्ड, जाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाणपत्र, मूल निवासी प्रमाणपत्र स्वप्रमाणित छायाप्रति डाक द्वारा प्राचार्य शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ( रामपुर पुलिस चौकी के पास, कौशल विकास संचालनालय के बाजू में ग्वारीघाट रोड ) जबलपुर पिन कोड - 482008 कार्यालयीन पता अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालयीन समय एवं दिवसों में कार्यालय में जमा कर सकते है।अधिक जानकारी हेतु कार्यालय दूरभाष 0761-2663471 एवं मो.नं. 8889609588 (प्राचार्य) पर कार्यालयीन समय एवं दिवसों में संपर्क कर सकते है ।
संलग्न :- उपरोक्तानुसार ।
प्राचार्य,
शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र,
जबलपुर म.प्र.
G-14553/25

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)
दूरभाष - 07642-252443 ई-मेल- – eephedmal@mp.nic.in फेक्स- 07642-253622
निविदा क्र. 39 से 43/2025-26/नि.शाखा/लो.स्वा.या./2025 मण्डला, दिनॉक 17.06.2025
निविदा आमंत्रण सूचना
निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निविदा आमंत्रित किये जाते है। ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि 28/06/2025 सायं 17.30 बजे तथा निविदा खुलने का दिनांक 30/06/2025 सायं 12.00 बजे के पश्चात है। निविदा से सम्बंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है ।
Name of Work: - Conducting Yield Test for 24 hrs of 50 nos Tubewells in All Block of District Mandla.

| S. N. | NIT No. | Tender ID No. | Name of Sub division | No of Survey | Tender Amount | EMD | Tender Fee | Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 39/25-26 | 2025_PHED_431459_1 | Mandla | 69 Nos | 16.89 | 33780 | 2000 | 06 Months |
| 2 | 40/25-26 | 2025_PHED_431460_1 | Mawai | 69 Nos | 16.89 | 33780 | 2000 | |
| 3 | 41/25-26 | 2025_PHED_431461_1 | Nainpur | 69 Nos | 16.89 | 33780 | 2000 | |
| 4 | 42/25-26 | 2025_PHED_431462_1 | Narayanganj | 69 Nos | 16.89 | 33780 | 2000 | |
| 5 | 43/25-26 | 2025_PHED_431463_1 | Niwas | 69 Nos | 16.89 | 33780 | 2000 | |

नोट :- निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर केश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है ।
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
खण्ड, मण्डला
G-14548/25

पश्चिम मध्य रेल
खुली निविदा– इंजीनियरिंग विभाग
निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी. 90–2025 दिनांक 11.06.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/पश्चिम/जबलपुर के अधीन 2 विविध कार्य। 1. खुरई–बीना–कटनी सेक्शन के खुरई स्टेशन पर पुराने एफओबी का पुनर्निमाण। 2. बांधकपुर रेलवे स्टेशन पर 3.00 मीटर चौड़ा नया एफओबी प्रदान करके पुराने एफओबी के प्रतिस्थापन का प्रस्ताव, **कार्य अनुमानित मूल्य रूपये–** 5,68,34,469/–, **बयाना राशि–** 434200/–, **समापन अवधि–**08 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी. 91–2025 दिनांक 12.06.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** मंडल इंजीनियर (उत्तर) जबलपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ट्रेक संरचना का सुधार और रखरखाव का कार्य।, **कार्य अनुमानित मूल्य रूपये–** 2,22,66,837/–, **बयाना राशि–** 2,61,300/–, **समापन अवधि–**12 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी. 92–2025 दिनांक 13.06.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित –** मंडल इंजीनियर (मध्य) जबलपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ट्रेक संरचना का सुधार और रखरखाव का कार्य।, **कार्य अनुमानित मूल्य रूपये–** 2,12,19,155/–, **बयाना राशि–** 2,56,100/–, **समापन अवधि–** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू– जे.बी.पी. 93–2025 दिनांक 13.06.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** सी.टी.आर – 5.07 कि.मी. टी. आर. आर. – 15.185 कि.मी. टी.बी. आर– 2.436 कि.मी. टी.टी. आर (एफएस + टी.डब्ल्यू.एस + डब्ल्यू.सी.एम.एस) – 1/12–12 नग, टी.टी.आर. (टी. डब्ल्यू.एस + डब्ल्यू.सी.एम.एस एसी.) –1/12– 06 नग, टी.टी.आर.(एफ.एस.) 1/12–13 नग, 1/8.5 – 17 नग, कछपुरा – कटनी और सलैया – न्यू कटनी जंक्शन खंड पर मंडल इंजीनियर (मध्य) अनुभाग के अंतर्गत यार्डों में सुधार के संबंध में। **कार्य अनुमानित मूल्य रूपये–** 3,52,61,695/–, **बयाना राशि–** 3,26,300/–, **समापन अवधि–** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू– जे.बी.पी. 94–2025 दिनांक 13.06.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** इटारसी – जबलपुरः– मंडल इंजीनियर (दक्षिण) जबलपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ट्रेक संरचना का सुधार और रखरखाव का कार्य। **कार्य अनुमानित मूल्य रूपये–** 2,24,00,625/–, **बयाना राशि–** 2,62,000/–, **समापन अवधि–** 10 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू– जे.बी.पी. 95–2025 दिनांक 13.06.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पश्चिम) जबलपुर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ट्रेक संरचना का सुधार और रखरखाव का कार्य। **कार्य अनुमानित मूल्य रूपये–** 2,17,60,802/–, **बयाना राशि–** 258800/–, **समापन अवधि–** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू– जे.बी.पी. 96–2025 दिनांक 13.06.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–**वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/पश्चिम/जबलपुर के अधीन दो विविधि कार्य 1. बीना–कटनी– एलसी.क्रमांक 4 और 20 में रोड कवर शेड एवं सम्प और पंप के साथ एल.एच.एस. का निर्माण। 2. बीना–कटनीः एल.एच.एस. क्रमांक 04 और 20 पर ड्रेनेज सिस्टम आदि के लिए सुधार एवं शेड का प्रावधान। **कार्य अनुमानित मूल्य रूपये–** 8,00,78,509/–, **बयाना राशि–** 550400/–, **समापन अवधि–** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू– जे.बी.पी. 97–2025 दिनांक 13.06.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/पश्चिम/जबलपुर के अधीन दो विविधि कार्य 1. बीना–केटीई– एलसी. क्रमांक 52 और 62 में रोड कवर शेड एवं सम्प और पंप के साथ एल.एच.एस. का निर्माण। 2. बीना–कटनीः एल.एच.एस. क्रमांक 52 और 62 पर जल निकासी व्यवस्था आदि में सुधार। **कार्य अनुमानित मूल्य रूपये–** 9,17,60,846/–, **बयाना राशि–** 608800/–, **समापन अवधि–** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू –जे.बी.पी. 98–2025 दिनांक 13.06.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** कटनी –सिंगरौली– मंडल इंजीनियर (पूर्व) क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ट्रेक संरचना का सुधार और रखरखाव का कार्य। **कार्य अनुमानित मूल्य रूपये–** 12908420/–, **बयाना राशि–** 214600/–, **समापन अवधि–** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी. 99–2025 दिनांक 13.06.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** सहायक मंडल अभियंता (उत्तर) सतना अनुभाग के अंतर्गत 06 विविध कार्य 1. रीवा– गोविंदगढ़ खंड के बीच फार्मेशन और सेस मरम्मत का कार्य। ii रीवा– गोविंदगढ़ खंड के बीच आरयूबी में सड़क सतह मरम्मत का कार्य iii रीवा– गोविंदगढ़ खंड के बीच मरम्मत कार्यों के लिए गिट्टी बोल्डर कैरेट्स की आपूर्ति। iv रीवा–रीवा गोविंदगढ़ खंड के बीच साइड ड्रेन और सेंट्रल ड्रेन का निर्माण। v रीवा– गोविंदगढ़ खंड के बीच दो वॉल ऑर रिटेनिंग वाल का निर्माण vi रीवा– गोविंदगढ़ खंड के बीच न्यू लाइन के बचे हुए कार्य के लिए विविध पी.वे. मरम्मत और रखरखाव के कार्य। **कार्य अनुमानित मूल्य रूपये–** 3,35,05,619/–, **बयाना राशि–** 3,17,500/–, **समापन अवधि–** 12 माह, **उपरोक्त सभी निविदाओं में निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे–** 08/07/2025, **उपरोक्त सभी निविदाओं में निविदा खुलने की तिथि एवं समय 15:15 बजे–** 08/07/2025, उपरोक्त ई–निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाईट https://www.ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
(हस्ता)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर




## संचालक सहित 3 महिलाएं 1 युवक गिरफ्तार

# होटल में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

हरिभूमि, जबलपुर।

विजय नगर स्थित एक होटल में गत देर रात लार्डगंज और महिला थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने छापा मारकर देह व्यापार के गोरखधंधे का पर्दाफाश किया। कार्रवाई के दौरान होटल संचालक प्रदीप मिश्रा, एक ग्राहक जीवन पांडे और तीन महिलाओं को आपत्तिजनक हालत में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ देह व्यापार (अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। लार्डगंज थाना प्रभारी नवल आर्य ने बताया कि वेलवेट इन होटल में अनैतिक गतिविधियों की शिकायत मिली थी। सूचना पर महिला थाना पुलिस के साथ एक टीम गठित की गई, जिसने मौके पर पहुंचते ही होटल में दबिश दी। जैसे ही पुलिस होटल के अंदर पहुंची, वहां मौजूद कर्मचारी भागने और छिपने लगे। होटल संचालक प्रदीप मिश्रा ने पुलिस कार्रवाई में अवरोध डालने की कोशिश भी की, लेकिन टीम ने पूरे होटल की कमरा-दर-कमरा तलाशी ली।



### दो कमरों से मिलीं महिलाएं और ग्राहक

छापे के दौरान दो कमरों से तीन महिलाएं और ग्राहक जीवन पांडे को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया। पूछताछ में सामने आया कि होटल संचालक ग्राहकों को युवतियों की फोटो दिखाकर सौदा तय करता था। फोटो पसंद आने पर युवती को कमरे में भेजा जाता था और एक ग्राहक से 2 से 5 हजार रुपए तक वसूले जाते थे। इसके अतिरिक्त, कमरे का किराया अलग से लिया जाता था।

### अंतराज्यीय नेटवर्क की आशंका

थाना प्रभारी नवल आर्य ने आगे बताया कि होटल में मध्यप्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से भी युवतियां लाई जाती थीं। किसी को लंबे समय तक नहीं रोका जाता था और उनके ठहरने का अलग प्रबंध होटल के भीतर ही किया गया था। पुलिस इस पूरे मामले को व्यापक सेक्स रैकेट से जोड़कर देख रही है और इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।पुलिस ने छापेमारी के दौरान होटल का रजिस्टर, ठहरने वालों का रिकॉर्ड, और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त कर लिए हैं। इन दस्तावेजों के आधार पर पुलिस और लोगों की पहचान करने की कोशिश कर रही है, जो इस रैकेट से जुड़े हो सकते हैं।

पुलिस का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। साथ ही होटल के लाइसेंस और संचालन से जुड़े दस्तावेजों की भी कानूनी जांच की जा रही है।



# छुटपुट वर्षा के बाद तापमान में गिरावट

हरिभूमि, जबलपुर।

बादल आते हैं, मंडराते हैं, छुटपुट बरस कर चले जाते हैं। मानसून का आगमन हो चुका है, लेकिन झमाझम बारिश के लिये अभी इंतजार करना होगा। छुटपुट वर्षा के बाद तापमान में जरूर गिरावट आई है, लेकिन उमस भरी गर्मी अभी बनी हुई है।गुरुवार को सुबह से ही आसमान पर बादल छाए रहे।

बीच बीच में हल्की वर्षा हुई। मौसम विभाग का कहना है कि मानसून आ तो गया है पर अभी सक्रिय नहीं हुआ है। मानसून को सक्रिय होने में अभी वक्त लगेगा, फिलहाल छुटपुट वर्षा के ही आसार हैं। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि मानसून मध्यप्रदेश में प्रवेश कर चुका है। लेकिन उसकी सक्रियता अभी दक्षिणी और पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर है। भोपाल और विदिशा के ऊपर बने हवा के कम दबाव के क्षेत्र से आसमान पर बादलों की आमद हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 32.01 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 5 डिग्री कम रिकार्ड दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 90 प्रतिशत और सायंकाल 72 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान 6.4 मिमी वर्षा के बाद 1 जून से अब तक कुल वर्षा का आंकड़ा 16.0 मिमी दर्ज किया जा चुका है। दक्षिणी पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर की रफतार से चली। सूर्योदय सुबह 5.25 बजे और सूर्यास्त शाम 6.59 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन वर्षा नहीं हुई थी। जबकि कुल वर्षा 9.6 मिमी दर्ज की गई थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 35.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घण्टे के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

**तेज हवाओं के बीच हलकी वर्षा की संभावना**

# वन भूमि पर अवैध कब्जे की जांच तेज

**जबलपुर।** शहर की सीमा से सटे वन भूमि क्षेत्रों में कूट रचित दस्तावेजों के सहारे किए जा रहे कब्जों पर अब शिकंजा कसने की तैयारी शुरू हो गई है। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि स्थायी निर्माण करने वालों को चिह्नित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।वन विभाग द्वारा जारी एक विशेष अभियान के तहत वर्तमान में सीमांत वन भूमि पर अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। यह कार्रवाई मुख्य रूप से उन स्थानों पर केंद्रित है, जहां पर लोगों ने वन भूमि पर बाड़ लगाकर खेती शुरू कर दी थी। हालांकि अब तक उन लोगों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाई थी, जिन्होंने वन भूमि पर स्थायी रूप से भवन निर्माण कर लिया है। यह स्थिति अब चर्चा का विषय बनी हुई थी, जिस पर विभाग के आला अधिकारियों ने संज्ञान लिया है।मामला जब उच्च अधिकारियों तक पहुंचा तो उन्होंने मैदानी अमले को निर्देशित किया कि वे उन सभी स्थलों की पहचान करें, जहां अवैध रूप से रहवासी या व्यावसायिक भवन बनाए गए हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार, ऐसे निर्माण करने वाले अधिकांश लोगों के पास कुछ न कुछ दस्तावेज मौजूद हैं, जिनके आधार पर उन्होंने भूमि पर दावा किया है।वन विभाग का कहना है कि ये स्थिति मुख्य रूप से सीमांकन के दौरान हुई त्रुटियों के कारण उत्पन्न हुई है। वहीं, कई स्थानों पर राजस्व भूमि और वन भूमि आपस में सटी होने के कारण लोगों ने भ्रमवश इन इलाकों को नजूल भूमि समझकर निर्माण कार्य कर लिया।वर्तमान में वन विभाग इन सभी क्षेत्रों की बारीकी से जांच कर रहा है। दस्तावेजों की गंभीरता से पड़ताल की जा रही है ताकि किसी भी कार्रवाई को लेकर भविष्य में कानूनी अड़चनों का सामना न करना पड़े।वन विभाग अन्य संबंधित विभागों जैसे राजस्व विभाग आदि से समन्वय स्थापित कर पूरी प्रक्रिया को कानूनी और प्रशासनिक रूप से मजबूत करने में जुटा हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि एक बार दस्तावेजों की जांच पूरी हो जाए, उसके बाद अवैध कब्जाधारियों को हटाने की कार्रवाई चरणबद्ध तरीके से शुरू की जाएगी।

**स्थायी निर्माण करने वालों की कुंडली तैयार**

# जबरन धर्मांतरण कराने का प्रयास

## रांझी थाने में 4 आरोपियों पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि, जबलपुर।


रांझी थाना क्षेत्र में एक बीमार हिंदू महिला का जबरन धर्मांतरण कराने के प्रयास का मामला सामने आया है। इस मामलें में रांझी पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की हैं। परशुराम बस्ती रांझी निवासी नीतू रैकवार ने बताया कि वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थीं। इसी दौरान आरोपी मनोज पिल्ले, विनोद, राजीव और एक अन्य व्यक्ति ने उनके घर आकर उन्हें ईसाई धर्म अपनाने पर शीघ्र स्वस्थ होने और आर्थिक स्थिति सुधरने का प्रलोभन दिया। महिला नीतू रैकवार का आरोप है कि उसे धर्मांतरण के लिए मजबूर किया जा रहा है। महिला ने जब धर्म बदलने से इनकार किया, तो उसे धमकाया गया और उसके घर से हिंदू देवी-देवताओं के चित्र हटवा दिए गए। लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर महिला ने रांझी थाने में शिकायत दर्ज कराई। जिसके आधार पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।महिला ने बताया कि उसे दो हजार रुपये भी दिए गए और ईसाई परंपरा अनुसार पूजा सामग्री एकत्र करने के लिए कहा गया। पुलिस ने नीतू रैकवार की शिकायत पर आरोपी मनोज पिल्ले, विनोद, राजीव और एक अन्य के खिलाफ मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।



# आंख में मिर्ची झोंककर चाकू मारा, लूटा मोबाइल

**हरिभूमि, जबलपुर।** शहर में लुटेरे सर उठाने लगे हैं। लगातार लूट की वारदातें सामने आ रही हैं। माढ़ोताल सूरतलाई पेट्रोलपंप के पास एक ड्रायवर की आंख में मिर्ची झोंककर मोबाइल लूट लिया गया। तो वहीं गोहलपुर थाना क्षेत्र में घर के बाहर टहल रहे युवक का बाईक सवार तीन बदमाश मोबाइल लूटकर भाग गए। पुलिस लूट का मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटंगी रोड ग्राम नगना निवासी 34 वर्षीय ड्रायवर धनीराम बर्मन गत दिवस छोटा हाथी वाहन क्रमांक एमपी 20 एलए 3289 लेकर आगा चौक ट्रांसपोर्ट में माल छोड़कर वापस अपने घर जा रहा था। सूरतलाई पेट्रोल पम्प के आगे जैसे ही गुटखा खाने रूका तभी पीछे से एक बाइक में दो अज्ञात लड़के आकर उससे माचिस मांगने लगे, उसने कहा कि माचिस नहीं है तो उनमें से एक लड़के ने चेहरे पर मिर्ची फेंका और दूसरे लड़के ने उसके हाथ से रियलमी कम्पनी का मोबाइल छीन लिया, ड्रायवर धनीराम ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो एक लड़के ने चाकू से उसकी पीठ तथा जांघ पर हमला कर घायल कर दिया और दोनों कटंगी वायपास तरफ भाग गये। पुलिस ने अज्ञात दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इसी तरह गोहलपुर बस्ती नंबर 1 निवासी मोह. अफजल गत रात खाना खाने के बाद मोबाइल पर बात करते हुए घर के बाहर टहल रहा था। टहलते हुए मेन रोड के पास गोहलपुर तिराहा तरफ से एक बाईक में अज्ञात तीन लड़के आए और उसके हाथ से उसका वन प्लस कंपनी का मोबाइल लूट कर अमखेरा तरफ भाग गए। जिसकी कीमत 37 हजार 999 रुपए बताया गया है। उसने चिल्लाया तो उसके साथी फरहान, शकील ने उन लड़कों का मोटर सायकल से पीछा किया लेकिन आरोपी तेजी से भाग गये। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**माढ़ोताल, गोहलपुर में अलग-अलग वारदात से सनसनी**




# यूपी के भाजपा नेता के साथ सिहोरा हाईवे पर लूट

## हथियारबंद बदमाशों ने हीरे का लॉकेट, सोने की चैन लूटी

हरिभूमि, जबलपुर।

सिहोरा खितौला हाईवे पर लगातार लूट की वारदातें हो रही है। पहले कटनी निवासी परिवार को लूटा गया जो नागपुर इलाज कराने जा रहा था। उसके बाद एक होटल कर्मचारी की बाईक लूटी गई और अब यूपी के चंदौली निवासी भाजपा नेता को हथियारबंद लुटेरों ने लूट लिया। लुटेरे हीरा का लॉकेट लगी सोने की चैन लूट कर ले गए। यूपी के भाजपा नेता सुजीत सिंह मैहर से दर्शन करने के बाद उज्जैन जा रहे थे। उसी दौरान सिहोरा रोड पर जब वे कुछ देर के लिए कार से उतरे तभी बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। श्री सिंह जिस वाहन में सवार थे उसमें हूटर लगे हुए थे। ड्रायवर ने हूटर बजा दिया, तभी लुटेरे वहां से भाग गए।



घटना के संबंध में पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तरप्रदेश के चंदौली निवासी भाजपा नेता सुजीत सिंह अपनी पत्नी, बेटे, मित्र व ड्राइवर के साथ कार से 18 जून की सुबह 4 बजे घर से निकले थे. दोपहर में उन्होने मैहर पहुंचकर शारदा माता के दर्शन किए. इसके बाद वे रात 9 बजे जबलपुर के लिए रवाना हुए. रात करीब 11 बजे उन्होंने खितौला हाईवे पर रेस्ट के लिए अपनी कार रोकी और कार से उतरकर वहां खड़े ही हुए थे कि वहां पर चार से पांच हथियारबंद बदमाश वहां आ धमके और सुजीत सिंह पर हमला कर दिया. सुजीत सिंह संभल पाते इससे पहले बदमाशों ने हीरा का लॉकेट लगी सोने की चैन लूट ली, हमला होते देख कार चालक ने हूटर बजा दिया, जिससे लुटेरे भाग निकले. सुजीत सिंह गोसलपुर थाना पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी, उन्हे यह कहकर लौटा दिया गया कि मामला खितौला थाना का है, इसके बाद वे खितौला थाना पहुंचे, इसके बाद खितौला पुलिस ने उनकी एफआईआर दर्ज की।

भाजपा नेता सुजीतसिंह का कहना था कि घटना के कई घंटे बाद भी पुलिस ने सिर्फ मामला दर्ज कर खानापूर्ति की. यदि तत्काल एक्शन लिया जाता तो आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त में होते. उन्होने जबलपुर पुलिस पर समय पर कार्यवाही न किए जाने का आरोप लगाया है. उन्होने कहा कि यदि यही घटना यूपी में होती तो आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त में होते, हमें खितौला थाना में घंटो तक बिठाए रखा, इसके बाद भी थाना प्रभारी ने घटनास्थल पर मौका मुआयना करने से मना कर दिया। जबकि लुटेरों की मारपीट से कुछ लोगों को चोटें भी आई है जिनका प्राथमिक उपचार कराया गया है. इधर खितौला पुलिस का कहना है कि लूट का मामला दर्ज कार्रवाई की जा रही है और आरोपियों की तलाशी की जा रही हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

मिलेगा रोपवे और एयरपोर्ट से सीधा कनेक्शन

# जबलपुर में नर्मदा पर बन रहा 1.3 किमी लंबा 'आइकॉनिक ब्रिज'

जबलपुर।

जबलपुर जिले में नर्मदा नदी के पावन तट भेड़ाघाट पर निर्माणाधीन 1.3 किलोमीटर लंबा आइकॉनिक ब्रिज आधुनिक इंजीनियरिंग की मिसाल बनने जा रहा है। यह ब्रिज न केवल जबलपुर को यातायात के नए आयाम देगा, बल्कि पर्यटन के क्षेत्र में भी बदलाव लाएगा।

इस ब्रिज का एक बड़ा हिस्सा करीब 487 मीटर लंबा एक्स्ट्रा डोज केबल ब्रिज के रूप में बनाया जा रहा है। यह जबलपुर में इस तरह की तकनीक से बनने वाला चौथा ब्रिज होगा। इससे पहले मदनमहल रेलवे स्टेशन के पास बना केबल स्टे ब्रिज इस अत्याधुनिक तकनीक का उदाहरण रह चुका है, और उसी तर्ज पर यह नया ब्रिज भी तैयार किया जा रहा है।राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अनुसार, इस ब्रिज का अब तक 25 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, और इसे वर्ष 2026 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें कुल 4 स्पॉन एक्स्ट्रा डोज केबल के होंगे, जबकि 35 स्पॉन सामान्य स्ट्रक्चर के होंगे।

## फेज-2 में मिलेगा रोपवे और होटल्स

इस ब्रिज के दूसरे चरण में कई आकर्षक सुविधाओं की योजना है। सबसे अहम है रोपवे, जो पर्यटकों को नर्मदा नदी



के ऊपरी हिस्से से दर्शन कराएगा। रोपवे के माध्यम से लोग दोनों छोर पर बने व्यू प्वाइंट तक पहुंच सकेंगे, जहां से उन्हें मां नर्मदा का विहंगम दृश्य दिखाई देगा। इसके अलावा, ब्रिज के दोनों छोर पर आधुनिक होटल भी बनाए जाएंगे, जिससे पर्यटक यहां ठहर सकें और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकें।

## रिंग रोड और एयरपोर्ट से सीधा कनेक्शन

भेड़ाघाट में बन रहा यह ब्रिज केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि एक रणनीतिक कनेक्टिविटी हब भी होगा। ब्रिज से होकर यातायात एनएच-45 और रिंग रोड के जरिए जबलपुर एयरपोर्ट तक सीधे पहुंचेगा। इससे क्षेत्रीय यातायात को भारी राहत मिलेगी और विकास को नई गति मिलेगी।

## भटौली में आइकॉनिक ब्रिज का 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण

जबलपुर रिंग रोड का हिस्सा बना दूसरा आइकॉनिक ब्रिज भटौली क्षेत्र में 200 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है। 1.2 किलोमीटर लंबे इस ब्रिज का अब तक 65 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस ब्रिज में 5 एक्स्ट्रा डोज स्पॉन और 12 नॉन-एक्स्ट्रा डोज स्पॉन होंगे। हालांकि, इसमें रोपवे की सुविधा नहीं होगी।

## पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान

इस पूरी परियोजना से न केवल स्थानीय आवागमन सुगम होगा, बल्कि जबलपुर पर्यटन को भी नया आयाम मिलेगा। रील्स और यूट्यूबर्स के लिए भेड़ाघाट का यह ब्रिज नया शूटिंग डेस्टिनेशन बन सकता है। ऊंचाई पर स्थित व्यू पॉइंट से नर्मदा की झीलें, झरने और घाटों का नज़ारा अद्वितीय होगा।

# हाईकोर्ट ने भाईयों व माता-पिता के विरुद्ध दर्ज एफआइआर निरस्त की

महिला ने रुपयों की मांग पूरी न होने पर फंसाने की नीयत से की थी पुलिस में शिकायत

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने एसडीएम, सहायक स्टेशन मास्टर व उनके माता-पिता पर दुराचार के आरोप के मामले में दर्ज एफआइआर निरस्त कर दी। जस्टिस संजय द्विवेदी की कोर्ट ने पाया कि महिला ने रुपयों की अनुचित मांग पूरी न होने पर फंसाने की नीयत से आरोप लगाए थे। इसलिए प्रतिशोध के अंतर्गत दर्ज एफआइआर को निरस्त करना न्यायसंगत है। इस तरह के प्रकरण में आपराधिक कार्रवाई जारी रखना कानून की प्रक्रिया के दुरुपयोग से अधिक कुछ नहीं है।

महिला की ओर से 16 अक्टूबर, 2020 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने आरोप लगाया था कि उसके भाई एसडीएम व सहायक स्टेशन मास्टर के पद पर पदस्थ हैं। दोनों ने 22 फरवरी, 2022 को दुराचार किया। मिर्ची पाउडर फेंका। इस दौरान माता-पिता ने दोनों भाईयों का सहयोग किया। कमरे में आकर कहा



कि इसे छोड़ना नहीं। इस दौरान टीवी की आवाज तेज कर दी गई थी। इस वजह से मदद की गुहार बाहर नहीं पहुंच सकी। पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया था। भाईयों व माता-पिता ने एफआइआर निरस्त करने की मांग के साथ हाईकोर्ट की शरण ली। उन्होंने कोर्ट को बताया कि शिकायतकर्ता की तरफ से झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शिकायतकर्ता ने वर्ष 2009 में प्रेम विवाह किया था। इसके बाद उसने पति पर दहेज प्रताड़ना की शिकायत पुलिस में दर्ज करवाई थी। दोनों के बीच आपसी समझौते से तलाक हुआ था। इसके बाद शिकायतकर्ता ने एक अन्य व्यक्ति से विवाह किया। उसके और उसके स्वजनों के विरुद्ध भी उसने दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दोनों के बीच वर्ष 2018 में आपसी सहमति से तलाक हुआ था। इसके बाद शिकायतकर्ता अपने माता-पिता के साथ रहने लगी थी। वह भाईयों व माता-पिता से 10-10 हजार रुपये की नजायज मांग कर रही थी। मांग पूरी न होने पर उसने अपने माता-पिता के साथ मारपीट की थी। इसके अलावा झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी दी थी। जिसकी शिकायत उसकी मां ने 22 अगस्त, 2022 को थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने उसके विरुद् प्रकरण दर्ज कराया था। प्रकरण में पुलिस के द्वारा की गई पूछताछ व जमानत के दौरान उसकी तरफ से फरवरी 2022 में हुई कथित घटना का कोई उल्लेख नहीं किया गया था। शिकायतकर्ता ने आठ माह पूर्व की कथित घटना के संबंध में अक्टूबर 2022 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## पैसों के लेनदेन के विवाद पर चाकू से हमला

**जबलपुर**। हनुमानताल थाना अतंर्गत बादशाह फर्नीचर बहोराबाग में पैसों के लेन देन के पुराने विवाद पर तीन बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर जमीन पर पटक दिया और चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि बहोराबाग हनुमानताल निवासी सैफुल का खुर्शीद से मजदूरी के लेन देन को लेकर एक माह से विवाद चल रहा है। सैफुल ने खुर्शीद और उसके दोस्त मोह. अनवर उर्फ अन्नू, मोह. शहनवाज, मोह. अमन अंसार से अपनी मजदूरी के पैसे देने के लिये बार बार कहा लेकिन उन लोगों ने सैफुल की मजदूरी के पैसे नहीं दिए। गत रात सैफुल को अन्नू ने मजदूरी के संबंध में बातचीत करने के लिये बादशाह फर्नीचर के सामने बहोराबाग बुलाया था। तभी सैफुल अपने पिता बबलू अंसारी मोह.अनवर उर्फ अन्नू अपने साथी मोह. शहनवाज एवं मोह. अमन अंसारी ने सैफुल और उसके पिता बबलू अंसारी के साथ मारपीट करते हुए चाकू मारकर घायल कर दिया।

## रंगदारी वसूलने अज्ञात बदमाशों ने मारा बका

**जबलपुर**। लार्डगंज थाना अतंर्गत कछपुरा रेलवे फाटक पार कर पान के टपरे से सिगरेट ले रहे एक युवक पर अज्ञात दो लड़कों ने शराब के लिए रुपए की मांग की, मना करने पर अज्ञात बदमाशों ने चाकू व बका से उस पर हमलाकर घायल कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि त्रिमूर्ति नगर गोहलपुर निवासी 24 वर्षीय नवीन श्रीवास्तव गत रात लगभग 10 बजे अपने घर से अपने दोस्त सोनू पटेल, देव अवस्थी, सचिन गुप्ता के साथ घूमने सोनू पटैल की अल्टो कार से निकले थे घूमते हुये गुलौआ चौक होकर कछपुरा रेलवे फाटक पार कर पान के टपरे की दुकान से सिगरेट ले रहे थे। रात लगभग 12.30 बजे तीन अज्ञात लड़के आए और उससे बोले कि हम इस क्षेत्र के गुण्डे हैं कहते हुये शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये की मांग करने लगे, मना करने पर गाली गलौज कर एक लड़के ने पीछे से उसके बाल पकड़ लिये तथा दो लड़कों ने चाकू एवं बका से हमलाकर कमर के ऊपर नीचे चोटें पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी दी। घायल को उपचार के लिए मेडीकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात तीन लड़कों के खिलाफ रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## गोरखपुर तहसील अंतर्गत 86 पट्टों का किया वितरण

**जबलपुर**। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मदन महल के पास नागपाल गार्डन स्थित कार्यालय में आमजनों से भेंट की एवं गोरखपुर तहसील अंतर्गत नजूल भूमि के 86 पट्टे वितरित किये। आबादी के पट्टे प्राप्त कर लोगों में खुशी की लहर दिखाई दी। मंत्री सिंह से इस दौरान आमजनों ने स्थानीय समस्याओं जैसे सड़क, नाली, साफ-सफाई के संबंध में भी बताया। मंत्री सिंह ने कहा कि आमजन की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया जायेगा। पट्टे वितरण के दौरान अभय सिंह, पंकज दुबे सहित अन्य गणमान्य नागरिक और एसडीएम अनुराग सिंह व तहसीलदार भरत सोनी भी मौजूद थे।



# जबलपुर के किसानों को मिलेगी प्राकृतिक खेती से लाभ की जानकारी : राकेश सिंह

जबलपुर।

प्राकृतिक खेती से किस तरह हमारा किसान समृद्ध बन सकता है साथ ही इस खेती से हमारे खेत, मिट्टी को मिलने वाले फायदे की जानकारी प्राकृतिक खेती के नाम चौपाल कार्यक्रम में मिलेगी इस हेतु भाजपा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र से किसानों कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रित करे ताकि इसका लाभ अधिक से अधिक किसानों को मिल सके, यह बात लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भाजपा ग्रामीण जिले की बैठक में कही।

बैठक को संबोधित करते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हमेशा कहते है आप कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधी होने के नाते राजनैतिक कार्यक्रमों का आयोजन तो करते है पर अब समय बदल रहा है राजनैतिक कार्यक्रमों के साथ साथ हमारा दायित्व है कि ऐसे कार्य जिनसे समाज का भला हो और आने वाली पीढ़ी को भी हम कुछ देकर जाए, ऐसे कार्य को किया जाना चाहिए।



बैठक की प्रस्तावना एवं स्वागत उद्बोधन जिला अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल ने दिया। संचालन महामंत्री राजेश दाहिया एवं आभार महामंत्री राजेश राय ने व्यक्त किया।

बैठक में सांसद आशीष दुबे, ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्र राजकुमार पटेल,नगर जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अजय विश्नोई, सुशील तिवारी इंदु, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े, जिप अध्यक्ष श्रीमती आशा गोटिया, पूर्व जिला अध्यक्ष रानू तिवारी, पूर्व अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश पटेल, पूर्व विधायक दिलीप दुबे, नीलेश अवस्थी, महामंत्री राजेश दाहिया, राजेश राय के साथ ग्रामीण भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने ग्राम पंचायतों में फैलाई कानूनी जागृति

**जबलपुर** । जनपद पंचायत सिहोरा में गुरुवार को विधिक जागरुकता शिविरों का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी के मार्गदर्शन में आयोजन किया गया।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शक्ति वर्मा ने ग्राम पंचायत गाधी ग्राम व ग्राम पंचायत रामपुर जनपद सिहोरा में उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि ग्राम न्यायालय, ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनके घर के पास ही न्याय प्रदान करते हैं, जिससे उन्हें दूर-दराज के अदालतों में जाने की आवश्यकता नहीं होती। ग्राम न्यायालयों में मामलों का निपटारा अपेक्षाकृत कम खर्चीला होता है जिससे गरीब और वंचित लोगों को भी न्याय मिल पाता है। ग्राम न्यायालय, मामलों का शीघ्र निपटारा करने के लिए जाने जाते हैं जिससे लोगों को न्याय के लिए लबा इंतजार नहीं करना पड़ता।

# डीएपी उर्वरक भंडार डबल लॉक केंद्र का किया निरीक्षण

जबलपुर।

जिले में इंडोरामा एवं कृभको कंपनी की रैक लगने के बाद जिले के सभी डबल लॉक केंद्रों में डीएपी उर्वरक का भंडारण हो चुका है। डीएपी वितरण व्यवस्था का जायजा लेने कृषि अधिकारियों ने शहपुरा स्थित डबल लॉक केंद्र का निरीक्षण किया। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम के नेतृत्व में किये गये निरीक्षण में सहायक संचालक कृषि रवि आम्रवंशी, अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी शामिल थे। उप संचालक कृषि डॉ निगम के अनुसार निरीक्षण में पाया गया कि अनुविभागीय राजस्व अधिकारी शहपुरा के निर्देशों के अनुरूप डबल लॉक केंद्र पर कृषकों को टोकन जारी करके डीएपी उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। तहसीलदार शहपुरा रविन्द्र पटेल, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी शहपुरा सुश्री मेघा अग्रवाल, कृषि विस्तार अधिकारी के के डेहरिया एवं गौतम यादव की उपस्थिति में सुचारू रूप से डीएपी का वितरण किया जा रहा था। उप संचालक कृषि ने बताया कि निरीक्षण के दौरान किसानों द्वारा बेलखेड़ी में एक निजी विक्रय केंद्र पर अधिक दर पर डीएपी बेचे जाने की शिकायत की गई। किसानों की इस शिकायत पर विभागीय अधिकारियों द्वारा तत्काल चौकसे फर्टिलाइजर्स बेलखेड़ी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इस उर्वरक विक्रय केंद्र पर कुभको कंपनी के डीएपी 440 बैग पाये गये। जानकारी प्राप्त किये जाने पर ज्ञात हुआ कि चौकसे फर्टिलाइजर्स को 570 बैग डीएपी मिला था जो अभी पीओएस



मशीन पर प्राप्त नहीं हुआ है। इसके बावजूद 130 बैग डीएपी का विक्रय कर दिया गया। उप संचालक कृषि के अनुसार बिना पीओएस के डीएपी विक्रय किये जाने पर चौकसे फर्टिलाइजर्स को नोटिस जारी किया गया है। इस विक्रय केंद्र से डीएपी एवं एसएसपी के नमूने लेकर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भी भेजे गये हैं। साथ ही केंद्र पर उपलब्ध बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक औषधियों के प्रिंसिपल सर्टिफिकेट का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि इस विक्रय केंद्र के उर्वरक "ओ" फार्म की वैधता समाप्त हो चुकी थी। लेकिन विक्रेता द्वारा बिना इसका नवीनीकरण कराये डीएपी उर्वरक का विक्रय किया जा रहा था। इस कृत्य पर चौकसे फर्टिलाइजर्स को नोटिस जारी कर उर्वरक के विक्रय को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने किसानों से अपील की है कि कृषि आदान सामग्री की कालाबाजारी, अधिक दर पर विक्रय, बिना पीओएस मशीन अथवा पक्के बिल के उर्वरक के विक्रय की जानकारी मिलने पर इसकी सूचना तत्काल कृषि अधिकारियों को दें, ताकि तत्काल कार्यवाही की जा सके। उप संचालक कृषि ने बताया कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शनिवार को भी सभी डबल लॉक केंद्र खुले रखने के निर्देश जारी किये जा चुके हैं। साथ ही प्रत्येक डबल लॉक केंद्र में पीओएस मशीन बढ़ाने के निर्देश दिये गये हैं।

## कहीं भी निर्मित न हो जलप्लावन की समस्या

**जबलपुर**। निगमायुक्त प्रीति यादव के द्वारा जलप्लावन की समस्या से नागरिकों को राहत प्रदान करने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और जलप्लावन के लिए शहर के चिन्हित सभी संवेदनशील क्षेत्रों में मानव संसाधनों के साथ-साथ मशीनरी संसाधनों को लगाकर वर्षा जल निकासी की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिये। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने स्वास्थ्य अमले को यह भी निर्देशित किया कि जलप्लावन से नागरिकों को राहत प्रदान करने संभागवार 24 घंटे टीम तैनात रखने के निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त स्वास्थ्य संभव अयाची, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंकिता बर्मन, प्रभारी सहायक यंत्री स्वास्थ्य अभिनव मिश्रा, समस्त सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त सी.एस.आई., समस्त एस.आई. एवं वार्ड सुपरवाईजर आदि उपस्थित रहे।




आयोजित बैठक में आवश्यक दिशानिर्देश दिये

# संगठन की सेवाओं का लाभ सदस्यों तक पहुँचाना प्रथम कर्तव्य : राकेश सहरावत

जबलपुर।

विगत कुछ समय में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा नियोक्ताओं और सदस्यों को त्वरित तथा सरल सेवा प्रदान किये जाने के उद्देश्य से कई नवीन पहल की गयी है जिसके तहत संगठन का यह प्रयास है कि नियोक्ता और भविष्य निधि सदस्यों को समस्त सेवाएं निर्बाध रूप से प्राप्त हो सकें। नियोक्ताओं को संगठन की नवीन पहलों के प्रति जागरूक करने एवं संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों को इन सेवाओं का लाभ प्रदान करने के प्रति जागरूक किये जाने की आवश्यकता के महत्व को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय आयुक्त राकेश सहरावत द्वारा नियोक्ताओं के साथ बैठक की गयी।

बैठक के दौरान पीपीटी प्रजेन्टेशन के माध्यम से क्षेत्रीय आयुक्त द्वारा नियोक्ताओं को बताया गया कि वर्तमान में संगठन द्वारा नवीन पहलों के तहत प्रभावी की गयी कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही विभिन्न दावों के निपटान, उच्च पेंशन दावों के निपटान, ऑनलाइन सेवाओं को प्रभावी किया जाना और पेपर लेस कार्य को प्राथमिकता दिया जाना, अग्रिम दावों के




निपटान को सरल किया जाना एवं अग्रिम की राशि में वृद्धि, केंद्रीकृत पेंशन वितरण प्रणाली, बैंक केवायसी अपडेशन में नियोक्ता के एप्रूवल को समाप्त किया जाना, विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से लाइव सेशन की सुविधा आदि पर विस्तार में जानकारी प्रदान की गयी।राकेश सहरावत, क्षेत्रीय आयुक्त ने बताया कि कार्यालय द्वारा विगत वित वर्ष में 81% दावों का निपटान सात दिन के भीतर किया गया। वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान कार्यालय का प्रयास रहेगा कि इसमें और अधिक वृद्धि हो एवं समस्त दावों का निपटान सात कार्य दिवसों में किया जा सके। नियोक्ताओं को इस बात से भी अवगत कराया गया कि नवीन सदस्यों को यूएएन जारी किये जाने हेतु संस्थान का एक्टिव डीएससी (डिजीटल सिग्नेचर) होना आवश्यक है। उन्होंने अंतरण दावा प्रपत्रों के ऑटो प्रोसेसिंग के बारे में भी बताया। साथ ही विभिन्न प्रकार के दावा प्रपत्रों को लौटाये जाने के सामान्य कारणों से नियोक्ताओं को अवगत कराया। उन्होंने नियोक्ताओं से अपील की कि भविष्य यह सुनिश्चित करें की जो भी दावा प्रपत्र कार्यालय में जमा कराया जाना है वह पूर्ण रूप से नियमानुसार जमा कराया जा रहा है. इससे लाभार्थियों को वांछित देयकों का भुगतान समय पर किया जा सकेगा।

पेंशनरों के सहायतार्थ संगठन द्वारा की गयी नवीन पहलों पर जानकारी साझा करते हुए उन्होंने बताया कि एफएटी सुविधा का प्रयोग कर पेंशनर घर बैठे मोबाइल के माध्यम से अपना जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन अपडेट कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अशक्त पेंशनरों के मामले में सूचना प्राप्त होने पर कार्यालय के अधिकारियों द्वारा पेंशनर के घर पहुँचकर जीवन प्रमाण पत्र हासिल किया जाता है जो निधि आपके द्वार की परिकल्पना का एक उदाहरण है। श्री सहरावत क्षेत्रीय आयुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित नियोक्ताओं के साथ संगठन की सेवाओं को और बेहतर करने संबंधी सुझावों पर भी चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप

### तरंग प्रेक्षागृह में सामूहिक योगाभ्यास कल

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में विद्युत परिवार के समस्त कार्मिकों व उनके परिजन 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ₹एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग₹ ( योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ) थीम के साथ सामूहिक योगाभ्यास करेंगे। सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 6.30 बजे से 7.30 बजे तक तरंग प्रेक्षागृह प्रांगण में किया गया है। बारिश की स्थिति में यह कार्यक्रम कल्याण भवन में आयोजित होगा।

### सुरेन्द्र लखेरा मप्र अजाक्स जबलपुर के संभाग प्रभारी नियुक्त

**जबलपुर।** अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष जे.एन. कंसोदिया, कार्यवाहक प्रातांध्यक्ष धुर्वे, प्रांतीय महासचिव (प्रशासन समन्वय) प्रांतीय प्रवक्ता विजय शंकर एवं अवधनारायण मकोरिया, प्रांतीय सचिव, म.प्र. अजाक्स एवं प्रभारी नगरीय निकाय विभाग की अनुशंसा पर सुरेन्द्र लखेरा को नगरीय प्रकोष्ठ प्रांतीय महासचिव म.प्र. अजाक्स व जबलपुर संभाग प्रभारी नियुक्त किया गया है। सुरेंद्र लखेरा की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए राजकुमार वर्षे, राजू बावन, मुक्तेश्वर राव, जय केवट, दिलीप सेन, किशोरी बढ़ेल, सेख लाल आर्मी, रवीन्द्र सकतेल, भरत कान्त, जसवंत करोसिया, चंद्रेश कोल, पवन बरकड़े, बालकिशन उइके, मुन्ना परस्ते, ज्ञान सिंह धुर्वे, कमल आदि कर्मचारियों के हार्दिक बधाई प्रेषित की है।



### मकान खाली करने दबाव बना रहा तत्व

**जबलपुर।** संत रविदास विचार मंच ने राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मंच की महिला सदस्य को मकान से बेदखल करने से पूर्व सरकारी आवास दिलाये जाने की मांग की है। मंच ने बताया कि रविदास मंदिर के पीछे चौधरी मोहल्ला ग्वारीघाट निवासी मीराबाई चौधरी पति धनीराम चौधरी बीते 50 वर्षों से निवासरत हैं और नगर निगम को टैक्स और सभी कर देते आ रहे हैं, लेकिन विगत तीन-चार वर्षों से कृष्ण कुमार विश्वकर्मा आत्मज सुंदरलाल विश्वकर्मा नोटिस देकर मकान खाली करने दबाव बना रहा है, अतः उक्त नोटिस को निरस्त कर पीड़िता को यथावत रहने दिया जाए। साथ ही प्रशासन से अनुरोध है कि इस परिवार को सरकारी योजना के तहत आवास आवंटित किया जाए।

### जेडीओएस की वार्षिक कॉन्फ्रेंस 22 जून को

**जबलपुर।** प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी JDOS की वार्षिक कांफ्रेंस 22 जून रविवार को डुमना स्थित होटल हिलटन गार्डन में आयोजित की जा रही है। कांफ्रेंस के ऑर्गनाइज़र प्रेसीडेंट डॉ. पवन स्थापक ने बताया कि इस बार यह कांफ्रेंस विशेष महत्व रखती है, क्योंकि इसमें नेत्र विज्ञान में आधुनिक तकनीकी विधियों, रिसर्च पर चर्चा तो होगी ही, इसके साथ-साथ ऑल इंडिया ऑप्थैलमिक सोसाइटी प्रयोगशाला का भी आयोजन किया जा रहा है।

---

**101 किलो फूलों की बारिश, व्यासपीठ से सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने दिए प्रवचन**

# जेल में हुआ श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह, कैदियों ने पखारे पैर

**जबलपुर।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस केंद्रीय जेल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के षष्टम दिवस पर भगवान श्री कृष्ण एवं रुक्मणी जी का मंगल विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। जेल अधिकारियों तथा बंदियों ने 101 किलो विभिन्न सुगंधित फूलों की भगवान तथा व्यास पीठ पर बारिश की। कथा के दौरान जेल में ही सजा काट रहे दो कैदी झांकी के रूप में श्रीकृष्ण एवं रुकमणी जी बनकर शामिल हुए और बंदियों के बीच रुक्मणी हरण एवं श्री कृष्ण-रुक्मणी विवाह की लीला प्रस्तुत की। इसके बाद बंदियों ने भगवान के पैर पखारे। कथावाचक शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने व्यासपीठ




से भगवान श्री कृष्ण-रुक्मणी के विवाह के प्रसंग का वर्णन किया। कथा के दौरान बंदियों के आध्यात्मिक कल्याण हेतु कई उदाहरण दिए गए, जिससे बंदियों के मन में अपराध की भावना खत्म हो और वह धर्म, भक्ति एवं शांति के पथ पर अग्रसर हों।

#### अधिकारियों ने किया पूजन अर्चन

कथा में जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर ने श्री कृष्ण-रुक्मणि जी एवं व्यासपीठ का पूजन कर पुष्पमाला पहनाकर सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज का स्वागत किया। उप जेल अधीक्षक मदन कमलेश, रूपाली मिश्रा, सहायक जेल अधीक्षक अंजू मिश्रा, प्रशांत चौहान, हिमांशु तिवारी एवं ओम प्रकाश दुबे ने श्रीकृष्ण एवं रुक्मणी जी का पूजन कर आरती की। पंडित अमित उपाध्याय ने पूजन कार्य संपन्न कराया। इस दौरान जेल के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### बंदियों में उत्साह

उप जेल अधीक्षक मदन कमलेश ने बताया कि भागवत कथा के दौरान बंदियों में उत्साह देखा जा रहा है। कुछ बंदियों ने भागवत कथा के दौरान व्रत भी रखा है, जो सुबह से पूजन पाठ कर भागवत कथा श्रवण करते हैं, जिससे जेल का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

---




# जनसेवा दिवस के रूप में मनाया गया राहुल गांधी का जन्मदिन

**जबलपुर।** कांग्रेस नेता लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन जबलपुर में जनसेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर शहर में विविध सेवा गतिविधियों का आयोजन हुआ। भंवरताल गार्डन में रक्तदान शिविर लगाया गया। वहीं गरीबों और मरीजों का फल वितरित किए गए। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा, रक्तदान जीवन बचाने का सबसे बड़ा उपहार है। यह शिविर कांग्रेस की उस विचारधारा को दर्शाता है जिसमें समाज सेवा सर्वोपरि है। इसके अलावा डॉ. राजेन्द्र प्रसाद चौक (हाईकोर्ट चौक) पर रक्त तिलक समारोह भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, पार्षद अयोध्या तिवारी, संतोष दुबे (पंडा), सतीश तिवारी, अनुपम जैन, उमेश पटेल ,अभिषेक यादव, विजय रजक, शिवम् यादव, प्रशांत मिश्रा, रिजवान अली कोटी, सुधीर सोनू दुबे, अरबाज ने रक्तदान किया ।

---

## फार्मा के रुके रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण का मामला विधानसभा में उठाया जाए : मांग



**जबलपुर।** मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन जबलपुर ने लखन घनघोरिया से मुलाक़ात की और लगभग 11000 फ़ार्मा रजिस्ट्रेशन जो दो साल से नवीनीकरण नहीं हुए न ही नए पास हुए फ़ार्मा वालों का रजिस्ट्रेशन हो रहा है, जिस कारण उनके न नौकरी मिल रही न दवा दुकानों का नवीनीकरण हो रहा है, इससे उनके जीवन में बेरोज़गारी का गहन संकट छा रहा है, स्वास्थ्य मंत्री को इस संदर्भ में 15/04/25 को एक पत्र मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने भी दिया था पर कोई गंभीरता नहीं, आज विधायक लखन घनघोरिया ने पुनः एक पत्र भेजा और भविष्य में इसे विधानसभा में उठाने को कहा, इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. भावना निगम (महिला विंग), डॉ. अभिषेक जैन, एड. आशीष त्रिपाठी, अजय चौहान, डॉ. आनंद बहरानी, कमरुल इस्लाम ख़ान शामिल हुए।

---



## मोहर्रम की तैयारियों को लेकर बैठक आज

**जबलपुर।** मोहर्रम के आगामी इंतज़ामों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। हज़रत अल्हाज मौलाना डॉक्टर मुशाहिद रज़ा क़ादरी मुफ़्ती-ए-आज़म मध्य प्रदेश की इजाज़त से हो रही यह बैठक आज रात 9:00 बजे दरगाह शरीफ़ मदन महल में होगी। इस बैठक में शहर के सभी मुजावर, ताज़िया कमेटी के ज़िम्मेदार, अखाड़ा संचालक, लंगर कमेटी और सजावट से जुड़े सभी लोगों को आमंत्रित किया गया है ताकि वे अपने महत्वपूर्ण सुझाव दे सकें। सभी दरगाहों के सज्जादानशीन हज़रात से भी विशेष रूप से शिरकत करने की गुज़ारिश की गई है। यह बैठक प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न होगी, जिससे मोहर्रम से संबंधित सभी व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया जा सके। गुज़ारिशकर्ता मुतवल्ली और खादिमाने दरगाह मदन महल ने सभी लोगों से समय पर उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

---

**रेल मजदूर संघ का बहिष्कार सप्ताह जारी**

# एनपीएस, यूपीएस रेल कर्मचारी लाम-बंद

**जबलपुर।** एनएफआईआर के आह्वान पर डब्ल्यूसीआरएमएस के तत्वाधान में संघ के महामंत्री अशोक शर्मा व अध्यक्ष सी.एम. उपाध्याय के मार्गदर्शन में ओपीएस की मांग को लेकर एनपीएस/यूपीएस के विरोध में सघन बहिष्कार सप्ताह ( 16 से 26 जून ) पूरे पमरे के मुख्यालय, कोटा, भोपाल कारखानो, जबलपुर,भोपाल, कोटा मंडलों में, इटारसी-कटनी तुगलकाबाद शैडो समेत सभी स्टेशनों पर आयोजित किया जा रहा हैं जिसमें एनपीएस/यूपीएस का संपूर्ण बहिष्कार कर ओपीएस की मांग बुलंद कर गेट मीटिंग, धरना जनसम्पर्क आदि कार्यक्रम के माध्यम से एनपीएस/यूपीएस की खामियां गिनाकर कर्मचारियों को जागरूक किया जा रहा है । संघ प्रवक्ता सतीश कुमार ने बताया कि



इस क्रम में मुख्यालय शाखा डब्ल्यूसीआरएमएस के द्वारा केंद्रीय रेल चिकित्सालय जबलपुर में मंडल सचिव डीपी अग्रवाल के नेतृत्व में रेलवे अस्पताल में कार्यरत रेल कर्मियों से संपर्क कर एनपीएस/यूपीएस के नुकसान से अवगत कराकर केवल ओपीएस की मांग का आह्वान किया। इस दौरान संघ के हर्ष वर्मा ,संजय चौधरी, दीपक केसरी, तरुण बत्रा, श्याम कला श्रीवास्तव, त्रिभुवन सिंह, दुर्गा तिवारी, बॉबी धोलपुरे, देवी सिंह, धर्मेंद्र चैधरी, सचिन जैन, शारदा प्रसाद, वृंदावन यादव, अजय तिवारी, महेंद्र राजपूत, धर्मेंद्र कुमार, आशीष मिश्रा, जितेंद्र मंगरोरिया आदि उपस्थित रहे।

---




## पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे

**जबलपुर।** महर्षि विद्या मन्दिर नेपियर टाउन जबलपुर में महारानी लक्ष्मी बाई बलिदान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के मध्य काव्य पाठ, विचार अभिव्यक्ति पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन त्रिवेणी परिषद जबलपुर के द्वारा किया गया। बड़ी संख्या में विद्यार्थी सहभागी हुए। खूब लड़ी मर्दानी वो तो झाँसी वाली रानी थी, श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता का पाठ भी छात्राओं द्वारा किया गया। देश के सैनिकों की वीरता पर भी काव्य पाठ एवं विचार अभुव्यक्ति, रानी लक्ष्मी बाई पर पेंटिंग भी विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई, काव्य प्रतियोगिता में आकाश प्रथम, अन्वेषा द्वितीय, कनिष्का तृतीय, रोशनी को संत्वना पुरस्कार प्राप्त हुए। साथ ही समस्त प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी त्रिवेणी परिषद की तरफ से प्रदान किये गये, जिन्हें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महर्षि विद्या मन्दिर, नेपियर टाउन जबलपुर के प्राचार्य नीलेश पांडेय द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि संरक्षक डॉ. राज लक्ष्मी शिवहरे, प्रार्थना अर्गल थीं। इस अवसर पर वार्षिक पत्रिका त्रिवेणी का विमोचन प्राचार्य नीलेश पांडे एवं अथितियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजन डॉ. मुकुल तिवारी एवं लक्ष्मी छत्री तथा कार्यक्रम संचालन अल्पना श्रीवास्तव द्वारा किया गया। आभार हेमलता पाठक एवं एड. प्रभा खरे द्वारा किया गया।

---

# पदक विजेता खिलाड़ियों का नगर आगमन पर किया स्वागत

**ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने जीते 6 स्वर्ण, 3 रजत, 1 कांस्य पदक**

**जबलपुर।** मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया के संस्थापक राजकुमार यादव ने बताया कि विंध्य ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा ओपन राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन रीवा जिले में 13 जून से 18 जून तक किया गया, जिसमें जबलपुर टीम दल के खिलाड़ी अपने-अपने आयु व वजन वर्ग में अपने प्रतिद्वंद्वी को हराकर पदक अर्जित करने में सफल रहे। प्रतियोगिता में जबलपुर टीम ने 06 स्वर्ण, 03 रजत, 01 कांस्य पदक के साथ तृतीय स्थान अर्जित किया। पदक विजेता खिलाड़ियों के नगर आगमन पर रॉक फोर्ड सोफ्टसोल कम्प्यूटर एकेडमी एवं ट्रेनिंग सेंटर के संचालक उत्कर्ष गुप्ता, मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया के



संस्थापक राजकुमार यादव ने फूल माला पहनाकर एवं मुखमिष्ठान कर स्वागत किया। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका राष्ट्रीय रेफरी शिवानी बेन, झामसिंह तेकाम, जयराज चौधरी, कामाक्षा पटेल, मोहित यादव, दीपा रघुवंशी ने निभाई। पदक विजेता खिलाड़ियों में स्वर्ण पदक- मानवी यादव, खुशी यादव, कृतिका खियानी, दीपा रघुवंशी, कुशाग्र गुप्ता, एडरिन सेलमॉन वॉर्नर। रजत पदक- श्री दुबे, सुरमई दुबे, ओम द्विवेदी। कांस्य पदक- सुरम्या दुबे रहे।

---




# सांसद निधि से प्रदान किए पानी के टैंकर

**जबलपुर।** लोकसभा सांसद आशीष दुबे ने बुधवार को पाटन विधानसभा अंतर्गत मझौली जनपद में पानी के टैंकर प्रदान किए. सांसद श्री दुबे ने पानी के टैंकरों का उद्घाटन करके क्षेत्र में पानी की कमी से जूझ रहे लोगों के लिए नवीन टैंकरों को प्रदान किया, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि जरूरतमंद लोगों तक आवश्यकता पड़ने पर गांव गांव पानी पहुंचाया जा सके। इससे न केवल पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी, बल्कि लोगों को आवश्यकता पड़ने पर पीने के पानी के लिए दूर-दूर तक नहीं जाना पड़ेगा,इस दौरान विधायक अजय विश्नोई भी उपस्थित थे।इस अवसर पर पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी , राजेन्द्र चौरसिया , जनपद अध्यक्ष विद्या दिनेश चौरसिया जी, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल , राजेश राय , श्रीमती उर्मिला दहिया ,मंडल अध्यक्ष त्रय मुकेश सेन , बृजेश पटेल , श्री रामकृष्ण पटेल जी सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण, क्षेत्रीयजन, पार्टी कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

---




**श्री सिद्धार्थ सैनी-** मदनमहल सुदामानगर निवासी श्री रमेश सैनी के पुत्र श्री सिद्धार्थ सैनी (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री भरत चौधरी-** चंडालभाटा चेरीताल निवासी श्री दशरथ चौधरी के पुत्र श्री भरत चौधरी (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शिव प्रकाश शुक्ला-** डी ब्लाक, अप्सरा अपार्टमेंट साउथ सिविल लाइन निवासी श्री शिव प्रकाश शुक्ला (72) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मैदान सिंह अर्खेल-** प्रेमसागर निवासी श्री मैदान सिंह अर्खेल (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ओम प्रकाश शर्मा-** विजयनगर एमआर फोर निवासी श्री ओम प्रकाश शर्मा (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. कनक चौधरी-** रद्दी चौकी अधारताल निवासी श्री गेंदा लाल चौधरी की पुत्री कु. कनक चौधरी (16) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शिव कुमार तिवारी-** पुरवा गढ़ा निवासी श्री शिव कुमार तिवारी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गौरव कुचबंधिया-** कुचबंधिया मोहल्ला नेहरू वार्ड निवासी श्री धनेश कुचबंधिया के पुत्र श्री गौरव कुचबंधिया (22) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मेंदा देवी ठाकुर-** मां नर्मदे नगर बिलहरी निवासी श्री देवनाथ ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती मेंदा देवी ठाकुर (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अनीता समुंद-** छुई खदान अंचल नगर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री राजेंद्र समुंद की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता समुंद (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री भगवत सिंह चौधरी-** प्रोफेसर कॉलोनी सुहागी निवासी श्री भगवत सिंह चौधरी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सोहन यादव-** गौतम मढिय़ा के पास गढ़ा निवासी श्री सुनील यादव के पुत्र श्री सोहन यादव (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री पंचम लाल गौंड़-** ग्राम छिवला गौरीघाट निवासी श्री पंचम लाल गौंड़ (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम बिहारी शर्मा-** सुहागी तीन आमा के पास निवासी श्री राम बिहारी शर्मा (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री बाबू लाल तिवारी-** नब्बे क्वाटर्स विजयनगर निवासी श्री बाबू लाल तिवारी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| सिंगल साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| सिंगल साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| सिंगल साइज | 8x8 से.मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407382160

---

### शिक्षक संवर्ग समयमान वेतनमान से वंचित

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी ने आरोप लगाया है की म प्र मे वर्तमान मे समस्त केडर के अधिकारी/कर्मचारी के लिए 01-04-2006 से 10, 20 30 वर्ष की सेवा मे समयमान वेतनमान दिये जाने का प्रावधान है, परंतु शिक्षा विभाग में अन्य केडर की भाँति शिक्षक केडर को समयमान वेतन नहीं दिया जा रहा है, पूर्व से लागू क्रमोन्नति योजना लागू है जिससे समस्त शिक्षक संवर्ग को आर्थिक क्षति हो रही है। संगठन आयुक्त लोक शिक्षण से मांग करता है कि समस्त शिक्षक संवर्ग को अन्य संवर्ग की भाँति 10-20-30 वर्षो मे समयमान देने के आदेश जारी किये जाए।

---

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्र-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/53
दिनांक:- 17/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति इन्दु कुकरेजा पति श्री विजय कुमार कुकरेजा ने मकान नं. 2656/1 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 1000 व.फु. दानपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्र-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/51
दिनांक:- 17/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संतोष कुमार नेमा पिता स्व. श्री बाबूलाल जी नेमा ने मकान नं. 1122/1 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 450 व.फु. प्रथम तल 400 व.फु. द्वितीय तल 400 व.फु. रिलीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

## खबर संक्षेप

### कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सोना 150 रुपए टूटा



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 150 रुपये टूटकर 1,00,560 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,00,710 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### रुपया 30 पैसे की गिरावट के साथ 86.73 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपये में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट देखी गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 30 पैसे की गिरावट के साथ 86.73 पर बंद हुआ। विदेशी बाजारों में डॉलर के मजबूत होने तथा कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण डॉलर के मुकाबले रुपया 30 पैसे लुढ़ककर 86.73 पर बंद हुआ।

### कल्पतरु का आईपीओ 24 जून को खुलेगा, मूल्य दायरा तय

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट डेवलपर कल्पतरु लिमिटेड ने अपने 1,590 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 387-414 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। आईपीओ 24 जून को खुलेगा और 26 जून का संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 23 जून को बोली लगा पाएंगे।

### क्रिसिल ने 33 करोड़ में ओपीएल में अल्पांश हिस्सेदारी खरीदी



**नई दिल्ली।** डेटा, अनुसंधान, विश्लेषण एवं समाधान प्रदाता क्रिसिल ने ऑनलाइन पीएसबी लोन्स लिमिटेड में अल्पांश हिस्सेदारी हासिल करने के लिए 33.25 करोड़ रुपये का निवेश किया है। दिसंबर, 2024 में निवेश की इच्छा जाहिर की थी। 'डिजिटल क्रेडिट इन्फ्रास्ट्रक्चर' कंपनी है, जो उन्नत प्रौद्योगिकियों का विकास एवं एकीकरण करती है।

### एलेनबैरी इंडस्ट्रियल का आईपीओ 24 को खुलेगा



**नई दिल्ली।** एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज ने अपने 852 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए 380-400 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। 26 जून को बंद होगा। आईपीओ 400 करोड़ रुपये के नए शेयरों के निर्गम और 452.53 करोड़ रुपये के 1.13 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश का संयोजन है।

### सरकार ने कोलाइडल धातुओं के आयात पर अंकुश लगाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश के भीतर तरल रूप में सोने के अवैध प्रवाह को रोकने के मकसद से कुछ कोलाइडल बहुमूल्य धातुओं पर आयात अंकुश लगा दिया है। कोलाइडल बहुमूल्य धातुएं तरल रूप में फैले सोने या चांदी के नैनो कणों के विलयन होते हैं। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ आयातक थाइलैंड जैसे देशों से आयात के लिए तरल रूप में स्वर्ण कणों का सहारा ले रहे थे। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, ''सीटीएच 2843 श्रेणी के तहत आने वाली वस्तुओं की आयात नीति को तत्काल प्रभाव से 'मुक्त' से संशोधित कर 'अंकुश' किया जाता है।''

# निजी क्षेत्र के बैंकों में 1 जुलाई से होंगे बदलाव, महंगे होंगे डेबिट कार्ड से जुड़े चार्ज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्राइवेंट सेक्टर के बैंकों के कुछ नियमों में एक जुलाई से बदलाव होने जा रहा है। एक तरफ जहां एचडीएफसी बैंक ने क्रेडिट कार्ड को लेकर कुछ नियमों में बदलाव किया है तो वहीं आईसीआईसीआई बैंक की तरफ से कुछ ट्रांजेक्शन पर लगने वाले चार्ज में भी बदलाव किया गया है।

■ फ्यूल पर 15 हजार से ज्यादा खर्च करने पर एक फीसदी ज्यादा शुल्क

एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड का अगर इस्तेमाल करके आप एमपीएल, ड्रीम 11 जैसे गेमिंग एप्स पर दस हजार रुपए से ज्यादा प्रति महीने खर्च करते हैं तो आपको उसके ऊपर एक प्रतिशत से ज्यादा चार्ज देना होगा। ऐसे ही मोबिक्विक, पेटीएम, ओला मनी और फ्रीचार्ज जैसे थर्ड पार्टी वॉलेट्स पर दस हजार रुपए से ज्यादा एक महीने में डालते हैं तो उस पर भी एक प्रतिशत चार्ज लगेगा। फ्यूल पर 15 हजार रुपए से ज्यादा खर्च करने पर एक प्रतिशत का अतिरिक्त चार्ज देना होगा। इसके अलावा, अगर बिजली-पानी और गैस पर पचास हजार रुपए से ज्यादा चुकाते हैं तो भी उस पर एक प्रतिशत चार्ज देना होगा।

## क्रेडिट कार्ड का उपयोग गेमिंग ऐप पर करने से ज्यादा लगेगा चार्ज

### मेट्रो शहरों में तीन बार ट्रांजेक्शन फ्री

मेट्रो शहरों में हर महीने तीन बार ट्रांजेक्शन फ्री मिलेगा। जबकि छोटे शहरों में आपको पांच ट्रांजेक्शन तक फ्री दिया जाएगा। इसके बाद पैसे निकालने पर पहले जहां 21 रुपए लगते थे तो वहीं अब आपको 23 रुपए चार्ज के तौर पर देना होगा। जबकि सिर्फ बैंलेंस चेक करते हैं या गैर वित्तीय काम करते हैं तो फिर उस पर 8.5 रुपए प्रति ट्रांजेक्शन चार्ज लगेगा।





### पांच लाख के ऊपर 15 रुपए प्रति ट्रांजेक्शन देना होगा

इसके अलावा, आईएमपीएस यानी तत्काल सेवा के जरिए पैसे भेजने के ऊपर अब आपके ट्रांजेक्शन के हिसाब से चार्ज देना होगा। जैसे 1 हजार रुपए पर ढाई रुपये प्रति ट्रांजेक्शन, जबकि एक हजार से लेकर एक लाख तक के ऊपर 5 रुपये प्रति ट्रांजेक्शन। वहीं एक लाख से लेकर पांच लाख तक के ऊपर 15 रुपये प्रति ट्रांजेक्शन देना होगा।

### आईसीआईसीआई बैंक के नियमों में बदलाव

प्राइवेट सेक्टर के एक और बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने आईएमपीएस और एटीएम पर लगने वाले कुछ शुल्कों में बदलाव किया है। इसके बाद अगर आप अब अगर किसी दूसरे बैंक का इस्तेमाल करेंगे तो उस पर कुछ अतिरिक्त चार्ज देना होगा।

## ईरान ने सिर्फ कूटनीतिक दबाव के लिए बंद करने की दी धमकी

# धमकियों के बावजूद ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को कभी बंद नहीं किया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक तेल एवं गैस परिवहन के लगभग पांचवें हिस्से और भारत की एक-तिहाई से अधिक ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने वाला रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य कभी बंद नहीं हुआ है और ईरान ने सिर्फ कूटनीतिक दबाव के लिए इसे बंद करने की धमकी दी है।

विश्लेषकों ने यह कहा है। उनका यह भी कहना है कि पेट्रोलियम उत्पादों की अच्छी आपूर्ति है और मौजूदा ईरान-इजराइल संघर्ष के बावजूद वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य के समक्ष कोई खतरा नहीं है। होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच स्थित है और यह सऊदी अरब, ईरान, इराक, कुवैत एवं यूएई से तेल निर्यात का मुख्य मार्ग है।

### एलएनजी जहाज इसी मार्ग से गुजरते है

कतर से आने वाले कई तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) जहाज भी इसी मार्ग से गुजरते हैं। यस सिक्योरिटीज में संस्थागत इक्विटी शोध के रणनीतिकार हितेश जैन ने कहा कि ईरान इस जलडमरूमध्य को बंद करने की धमकियों का इस्तेमाल केवल एक कूटनीतिक दबाव के तौर पर करता है, क्योंकि इसे बंद करने की रणनीतिक एवं आर्थिक लागत खुद ईरान पर ही अधिक भारी पड़ेगी।

**विश्लेषकों का कहना, अभी भी पेट्रोलियम उत्पादों की अच्छी आपूर्ति**

**मौजूदा ईरान-इजराइल युद्ध के दौरान वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य को खतरा नहीं**

**होर्मुज ईरान, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच स्थित**

### तेल बाजार में अच्छी आपूर्ति

जैन ने कहा कि तेल बाजार में फिलहाल अच्छी आपूर्ति है। तेल निर्यातक देशों के समूह ओपेक की 40 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) की क्षमता बढ़ाने और संघर्ष शुरू होने के पहले 90 लाख बीपीडी का वैश्विक अधिशेष होने से एक महत्वपूर्ण बफर बना हुआ है। इसके अलावा अमेरिकी शैल तेल के उत्पादन में वृद्धि ने भी वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में लचीलापन बढ़ाया है।



*वैश्विक तेल मांग नरम पड़ रहे : मांग के मोर्चे पर, महामारी के बाद चीन में आर्थिक पुनरुद्धार कमजोर रहने और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की ओर संरचनात्मक बदलाव होने से भी वैश्विक तेल मांग के अनुमानों नरम पड़ रहे हैं।*

### चालू खाता घाटा बढ़ने के आसार

हालांकि पश्चिम एशिया में लगातार तनाव बने रहने की सूरत में कच्चे तेल के दाम इस अनुमान से अधिक जा सकते हैं। इक्रा ने कहा, /"कच्चे तेल की औसत कीमत में 10 डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि होने पर वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान शुद्ध तेल आयात बिल में 13-14 अरब डॉलर की वृद्धि हो जाएगी। ऐसा होने पर देश के चालू खाता घाटा में 0.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो जाएगी।/"

### भारत का 85 फीसदी हिस्सा आयात से

भारत अपनी तेल जरूरतों को 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आयात से पूरा करता है। ऐसे में कच्चे तेल के दाम बढ़ने से उसके आयात बिल पर सीधा असर पड़ेगा। जैन ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद न किए जाने या खाड़ी के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हमला न होने तक कच्चे तेल का 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाना मुश्किल है।

### इक्रा ने दी चेतावनी

होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाला तेल भारत के कुल कच्चे तेल आयात का लगभग 40-45 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस आयात का 60 प्रतिशत है। इक्रा ने चेतावनी दी है कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने का पेट्रोलियम उत्पादों की वैश्विक आपूर्ति और कीमतों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है।

# भारत में इस वर्ष अमेजन 2000 करोड़ रुपए का करेगी निवेश





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ निवेश से नेटवर्क विस्तार व उन्नयन में सहायता मिलेगी

■ ग्राहकों को अधिक तेजी से विश्वसनीय सेवा मिलेगी

ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन ने अपने अखिल भारतीय परिचालन नेटवर्क का विस्तार करने के लिए 2025 में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की।

अमेजन ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, निवेश से नेटवर्क विस्तार एवं उन्नयन में सहायता मिलेगी, जिससे ग्राहकों को अधिक तेजी से और अधिक विश्वसनीय सेवा प्रदान की जा सकेगी। साथ ही प्रौद्योगिकी तथा नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और कर्मचारियों व सहयोगियों को बेहतर अनुभव मिलेगा।''

कंपनी ने 2,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की घोषणा करते हुए कहा कि यह नया निवेश परिचालन नेटवर्क बनाने में किए गए निवेश के अतिरिक्त है, जो कंपनी को समूचे भारत में सभी सेवा योग्य क्षेत्रों तक आपूर्ति करने में मदद करेगा।


अमेजन ने साथ ही कहा कि वह आपूर्ति करने वाले सहयोगियों और साझेदारों को सचेत करने और उन्हें आराम के लिए उचित समय देते रहेगा। साथ ही नवीनतम प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल करके सड़क सुरक्षा को बढ़ाने का प्रयास जारी रखेगा।

### राष्ट्रव्यापी पहल शुरू की

कंपनी ने हाल ही में, 2025 के अंत तक चिकित्सकीय शिविरों के माध्यम से 80,000 से अधिक आपूर्ति सहयोगियों व साझेदारों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच प्रदान करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी पहल शुरू की है।

# पश्चिम एशिया में जारी तनाव से शेयर बाजार में गिरावट जारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



■ सेंसेक्स में 83 अंक और निफ्टी में 19 अंक की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और दोनों मानक सूचकांक नीचे आ गए। बीएसई सेंसेक्स जहां 83 अंक के नुकसान में रहा, वहीं एनएसई निफ्टी 19 अंक नीचे आया। ईरान-इजराइल के बीच जारी संघर्ष के बीच वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के साथ घरेलू बाजार में गिरावट आई।

विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को यथावत रखने के निर्णय से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई।उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 82.79 अंक की गिरावट के साथ 81,361.87 अंक पर बंद हुआ। बीएसई के 3,018 शेयर नुकसान में जबकि 959 बढ़त में रहे। वहीं 140 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय शेयर सूचकांक में नकारात्मक रुख के साथ सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव रहा। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष में अमेरिका की संभावित भागीदारी को लेकर चिंताओं के कारण दुनियाभर में निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं।'' एशियाई बाजारों में, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार बुधवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, नेस्ले और टाटा स्टील प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल और मारुति के शेयर लाभ में रहे।

# पश्चिमी नेपाल में मीथेन गैस का विशाल भंडार मिला

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

पश्चिमी नेपाल में कुल मीथेन गैस भंडार लगभग 430 अरब घन मीटर तक पहुंच सकता है, जो संभवतः देश की गैस की मांग को लगभग 50 वर्षों तक पूरा करने के लिए पर्याप्त है। बृहस्पतिवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

सरकारी दैनिक गोरखापत्र के अनुसार, चीन भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (सीजीएस) द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में दैलेख जिले के जलजले क्षेत्र में लक्षित चार कुओं में से केवल एक से प्रारंभिक निष्कर्ष पेश किए गए हैं। इससे देश के घरेलू ऊर्जा स्रोतों का दोहन करने की संभावना बढ़ गई है। बृहस्पतिवार को नेपाल सरकार के साथ निष्कर्ष साझा किए गए। यह अन्वेषण नेपाल और चीन के बीच 2019 में हस्ताक्षरित एक द्विपक्षीय समझौते के तहत किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है, "पहला खुदाई अभियान 11 मई, 2021 को शुरू किया गया, जो 4,000 मीटर से अधिक की गहराई तक पहुंच गया। इससे एक ही कुएं में अनुमानित 1.12 अरब घन मीटर मीथेन का पता चला।

■ भंडार 430 अरब घन मीटर तक पहुंच सकता है



*सबसे गहरा व उन्नत अन्वेषण : खान एवं भूविज्ञान विभाग के उप महानिदेशक तथा पेट्रोलियम अन्वेषण परियोजना के प्रमुख दिनेश कुमार नापित ने कहा कि यह स्थल नेपाल में अब तक किया गया सबसे गहरा तथा वैज्ञानिक रूप से उन्नत अन्वेषण है। गैस की गुणवत्ता, वाणिज्यिक व्यवहार्यता और आर्थिक क्षमता का आकलन करने के लिए आगे का परीक्षण जारी है।*

# सीमेंस लिमिटेड अलग इकाई के रूप में शेयर बाजार में सूचीबद्ध

■ बीएसई पर 2,850 रुपए पर कारोबार किया शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





सीमेंस लिमिटेड का ऊर्जा कारोबार अलग होने के बाद सीमेंस एनर्जी इंडिया लिमिटेड (एसईआईएल) बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजारों पर सूचीबद्ध हो गई।

सीमेंस एनर्जी इंडिया लिमिटेड के शेयर ने बीएसई पर 2,850 रुपये पर कारोबार शुरू किया। बाद में, यह 2,992.45 रुपये की ऊपरी सर्किट सीमा को छू गया, जो शुरुआती कीमत से पांच प्रतिशत अधिक था। बाद में कंपनी का शेयर 3.92 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,738.35 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर कंपनी का शेयर 2,840 रुपये पर खुला और बाद में कारोबार के दौरान पांच प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,982 रुपये की ऊपरी सर्किट सीमा को छू गया। कंपनी का शेयर 3.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,735 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 97,518.26 करोड़ रुपये रहा।

# एलएंडटी ने डिबेंचर के जरिए 500 करोड़ रुपए जुटाए





**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने डिबेंचर के जरिये 500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एलएंडटी ने बीएसई को दी सूचना में कहा, "कंपनी ने आज 50,000 या 6.35 प्रतिशत सूचीबद्ध, रेटेड, बिना गारंटी वाले, विमोच्य, गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर एक लाख रुपये प्रत्येक (एनसीडी) आवंटित किए हैं, जो कुल मिलाकर 500 करोड़ रुपये हैं। डिबेंचर चिह्नित पर्यावरण अनुकूल लक्ष्यों से जुड़े हैं और शेयर बाजार नियामक सेबी द्वारा जारी पर्यावरण, सामाजिक और शासन ऋण प्रतिभूतियों के ढांचे के तहत जारी किए गए हैं।

## भारत के 91 फीसदी खिलौने गुणवत्ता मानदंडों के अनुरूप



**मुंबई।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने जनवरी, 2021 में गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के कार्यान्वयन के बाद से खिलौनों के 17,860 नमूनों में से 91 प्रतिशत को इस आदेश के अनुरूप पाया है। यह घरेलू बाजार में गुणवत्ता वाले उत्पादों की उपलब्धता को दर्शाता है। बीआईएस, मुंबई के निदेशक और प्रमुख (पश्चिमी क्षेत्रीय प्रयोगशाला) अनिल कापड़ी ने कहा कि ब्यूरो ने जनवरी, 2021 में खिलौना (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश के कार्यान्वयन के बाद व्यापक प्रवर्तन गतिविधियां शुरू की हैं। केंद्र सरकार में उपभोक्ता मामलों के विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "बाजार में उपलब्ध प्रमाणित खिलौनों की गुणवत्ता की जांच रखने के लिए बीआईएस लगातार परीक्षण को लिए गए नमूनों की संख्या में वृद्धि कर रहा है। वर्ष 2021 से डेटा निगरानी गतिविधियों में वृद्धि का रुझान है।"

## 'इंडिया मीट्स ब्रिटेन ट्रैकर' के अनुसार कंपनियों की संख्या बढ़कर 1,197 हुई

# ब्रिटेन में भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियां 23 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▶▶| लंदन

ब्रिटेन में काम कर रहीं भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों की संख्या 2025 में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 1,197 हो गई है। किसी एक वर्ष में दर्ज यह सबसे तेज वृद्धि है।

■ किसी एक वर्ष में दर्ज यह सबसे तेज वृद्धि

वैश्विक वित्तीय सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन द्वारा उद्योग निकाय सीआईआई (भारतीय उद्योग परिसंघ) के सहयोग से किए गए विश्लेषण, 'इंडिया मीट्स ब्रिटेन ट्रैकर' के अनुसार ब्रिटेन में भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों द्वारा दर्ज किया गया संयुक्त राजस्व 2024 के 68.09 अरब पाउंड (जीबीपी) से बढ़कर 2025 में 72.14 अरब जीबीपी हो गया। विश्लेषण के 12वें संस्करण में पाया गया कि अब ब्रिटेन में 1,197 भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियां कार्यरत हैं, जो 2024 के आंकड़ों की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है।

'इंडिया मीट्स ब्रिटेन ट्रैकर' को लंदन में 'इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) यूके-इंडिया वीक' के दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के उनके समकक्ष जोनाथन रेनॉल्ड्स ने बुधवार को पेश किया।

### कंपनियों का सामूहिक राजस्व 72.14

इस वर्ष के विश्लेषण से पता चला है कि ब्रिटेन में भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों का सामूहिक राजस्व 2024 के 68.09 अरब जीबीपी (ब्रिटेन मुद्रा) से बढ़कर 72.14 अरब जीबीपी हो गया। ये कारोबार पूरे ब्रिटेन में 1,26,720 लोगों को रोजगार देते हैं। पिछले वर्ष इन्होंने 8,000 से अधिक नई नौकरियों का सृजन किया।





### नई प्रवेशी कंपनी जोहो

इसके बाद नई प्रवेशी आईटी प्रबंधन कंपनी जोहो कॉरपोरेशन लिमिटेड है जिसने 197 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। कुल मिलाकर 20 कंपनियां 2025 में पहली बार इसमें (ट्रैकर में) शामिल हुईं, जबकि 41 कंपनियां पिछले साल से इसमें बनी हुई हैं।

### विप्रो वृद्धि रैंकिंग में शीर्ष पर

आईजीएफ के चेयरमैन मनोज एल. ने कहा, '' इस वर्ष का 'इंडिया मीट्स ब्रिटेन ट्रैकर' इस बात को रेखांकित करता है कि भारतीय व्यवसाय एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार और निवेश केंद्र के रूप में ब्रिटेन के साथ कितने जुड़े हुए हैं।" विप्रो आईटी सर्विसेज यूके 2025 के विश्लेषण में 448 प्रतिशत राजस्व वृद्धि के साथ वृद्धि रैंकिंग में शीर्ष पर है।

### एफटीए के क्रियान्वयन पर चर्चा

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ब्रिटेन और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के क्रियान्वयन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने तथा दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों का पता लगाने के लिए दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर लंदन में हैं।

# जेएसडब्ल्यू एनर्जी राशि जुटाने शेयरधारकों की मंजूरी लेगी

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी 11 जुलाई को अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में प्रतिभूतियों जारी कर एक या अधिक किस्तों में 10,000 करोड़ रुपये तक की राशि जुटाने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मांगेगी।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वह वित्त वर्ष 2029-30 तक 30 गीगावाट स्थापित क्षमता और 40 गीगावाट घंटे की भंडारण क्षमता का लक्ष्य हासिल करने के अनुरूप कारोबार वृद्धि के विभिन्न रास्ते तलाश रही है।

## चिंतन

# ईरान और इजरायल के बीच बढ़ती कटुता शांति में बाधक

इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध भीषण रूप लेता जा रहा है। दोनों मुल्क एक-दूसरे को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। ईरान ने इजरायल में नागरिक अस्पताल को मिसाइल से निशाना बनाया तो इजरायल की चेतावनी राष्ट्र प्रमुख के वजूद को खत्म करने तक पहुंच गई। यह दोनों देशों के बीच बढ़ रही अदावत का परिचायक है। इजरायल व ईरान के बीच युद्ध समाप्त कराने के लिए ताकतवर देश की ओर से किसी भी स्तर पर कूटनीतिक प्रयास होते नहीं दिख रहे हैं। उल्टे उत्तेजना से भरे बयान आ रहे हैं। जो अमेरिका रूस व यूक्रेन जंग से तंग आकर इसे समाप्त कराने की दिशा में पहल कर रहा था, वही अब ईरान व इजरायल जंग को हवा देने में लिप्त है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान को चेतावनी भरे बयान कहीं से भी अमेरिकी राष्ट्रपति की गरिमा और कूटनीति की मर्यादा के अनुरूप नहीं हैं। पश्चिम एशिया में जारी इस जंग में विश्व दो ग्रुप में भी बंटता दिखाई दे रहा है। अमेरिका खुले तौर पर इजरायल का साथ देने का ऐलान कर रहा है, वह सैन्य साजो-सामान से तेल अवीव की मदद कर रहा है और ईरान को बुरे अंजाम के प्रति चेता रहा है। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ईरान के साथ हैं और युद्ध जल्द खत्म करने के पक्ष में हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी इजरायल व ईरान के बीच जारी युद्ध को समाप्त कराने में भूमिका निभाने की बात कही है। अमेरिका व इजरायल किसी भी हालत में ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने देने की अपनी योजना पर अड़े हुए हैं। ईरान के साथ अगर इजरायल का युद्ध लंबा खिंचता है तो विश्व के अधिकांश देशों के लिए ऊर्जा का संकट पैदा हो सकता है। बेशक ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध हो, लेकिन ईरान कच्चे तेल व प्राकृतिक गैस का बड़ा आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। चीन बड़ा खरीदार है। इसलिए चीन की कोशिश जंग को जल्द से जल्द खत्म कराने की है, रूस भी यही चाहता है कि जंग जारी न रहे, लेकिन अमेरिका लंबी योजना लेकर चल रहा है। इसलिए उसने पाकिस्तान से अपनी दोस्ती को बढ़ाया है, ताकि ईरान के खिलाफ पाक के सैन्य बेस का इस्तेमाल हो सके। इसी के साथ पाकिस्तान को ईरान खेमे में जाने व उसे मदद करने की संभावना को भी यूएस ने रोक दिया है। पाकिस्तान अमेरिका की चाल समझे या नहीं, पर ट्रंप ने पाक जनरल असीम मुनीर को लंच पर बुलाकर सोची समझी कूटनीतिक चाल चली है। अमेरिका को सऊदी अरब, कतर, यूएई, जॉर्डन, मिस्र आदि देशों में अपने सैन्य बेस की बढ़त है। हमास के आतंकी हमले से शुरू सैन्य संघर्ष ने इजरायल व ईरान के बीच भीषण युद्ध का रूप ले लिया है। इजरायल अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। ईरान ने अपने प्रायोजित आतंकी गुटों हमास, हिजबुल्लाह व हूती के जरिये इजरायल को घेर रखा है। भारत ने हमेशा शांति की अपील की है और वार्ता के जरिये मुद्दों को हल करने की बात कही है, लेकिन ईरान व इजरायल के बीच युद्ध में अमेरिका इस तरह से कूदा हुआ है कि हाल-फिलहाल वार्ता की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। रूस खुद युद्ध में लिप्त है, तो वह किस मुंह से शांति का पैगाम देगा। चीन की प्राथमिकता भी निष्पक्ष नहीं है, भारत व पाक के बीच सैन्य संघर्ष में वह खुलकर पाकिस्तान के पक्ष में आ गया था। इसलिए वह भी नैतिक रूप से शांति का पैरोकार नहीं है, अभी भी वह ईरान के पक्ष में है। ईरान व इजरायल को युद्ध छोड़ वार्ता के टेबल पर आना चाहिए और बाहरी प्रभावों से मुक्त होना चाहिए, वरना बढ़ती कटुता शांति में बाधा बनती रहेगी।



जी-7 समिट
विकेश कुमार बडोला

# युद्ध खत्म कराने का संकल्प न ले सके

> गंभीर एवं कठोर कार्यनीतियों के सत्यनिष्ठ संकल्प प्रदर्शित करने के स्थान पर जी-7 का प्रमुख सामूहिक वक्तव्य विश्व के मध्य पूर्व में स्थित इजरायल और ईरान के युद्ध पर केंद्रित होकर रह गया। समूह ने इस क्षेत्र में शांति व स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता तो दिखाई है, पर प्रश्न ये है कि समूह के पांच देशों में से किसी भी देश ने अभी तक इजरायल की स्वायत्तता की रक्षा हेतु उसे अपना प्रत्यक्ष सैन्य सहयोग नहीं दिया है। संभवतः यह पहला अवसर होगा जब समूह सात का सम्मेलन बिना किसी ठोस कार्यसंकल्प और पारस्परिक सहयोगात्मक व समन्वयकारी संवाद के समाप्त हो गया। यह सम्मेलन केवल कोरी औपचारिकताओं का सम्मेलन बनकर ही व्यतीत हुआ है।

कनाडा के कनानैस्किस, अल्बर्टा में 17 जून को आयोजित जी-7 का 51वां सम्मेलन कई वैश्विक समस्याओं के समाधान, विश्व में शांति, स्थिरता के उपादान व संतुलित विकास कार्यक्रम संचालन के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यमंच के रूप में अपेक्षित था, किंतु इस दिशा में गंभीर एवं कठोर कार्यनीतियों के सत्यनिष्ठ संकल्प प्रदर्शित करने के स्थान पर जी-7 का प्रमुख सामूहिक वक्तव्य विश्व के मध्य पूर्व में स्थित इजरायल और ईरान के युद्ध पर केंद्रित होकर रह गया। समूह ने इस क्षेत्र में शांति व स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता तो दिखाई है, पर प्रश्न ये है कि समूह के पांच देशों में से किसी भी देश ने अभी तक इजरायल की स्वायत्तता की रक्षा हेतु उसे अपना प्रत्यक्ष सैन्य सहयोग नहीं दिया है। अमेरिका, जर्मनी, जापान, फ्रांस, इंग्लैंड, इटली व कनाडा ने हालांकि समूह के सामूहिक वक्तव्य के रूप में ये अवश्य कहा है कि इजरायल को अपनी रक्षा का अधिकार है और वे उसकी सुरक्षा के लिए अपना समर्थन प्रकट करते हैं, किंतु नवीनतम वैश्विक कूटनीति को देखकर तो यही प्रतीत होता है कि इजरायल के साथ मिलकर ईरान के परमाणु कार्यक्रमों को अंतिम छोर तक ध्वस्ताधूत करने के लिए धरातल पर उसका सैन्य-सहयोग करने या न करने, कब व किस स्तर पर करने का अंतिम निर्णय अमेरिका को छोड़ शेष छह देशों के हाथों में है ही नहीं। समूह ने पूरे मध्य पूर्वी क्षेत्र में नागरिकों की सुरक्षा के महत्व की भी पुष्टि की है।

समूह ने खुलकर ये भी कहा है कि ईरान जो है वो क्षेत्रीय अस्थिरता एवं आतंक का मुख्य स्रोत है। अपने पहले कार्यकाल से ही अमेरिकी राष्ट्राध्यक्ष ट्रंप द्वारा बारंबार ये दावा किया जाता रहा है कि ईरान के पास परमाणु कार्यक्रमों की विस्तृत योजना है और उसने कुछ परमाणु बम बना भी लिए हैं। लेकिन चूंकि ईरान का परमाणु कार्यक्रम स्वतंत्र रूप में चला आ रहा है और इसमें अमेरिका की ओर से सहयोग, रखरखाव, अनुरक्षण और परमाण्विक प्रौद्योगिकी या तकनीक हस्तांतरण के लिए कोई हस्तक्षेप नहीं है, इस बिंदु पर अमेरिका आरंभ से ही असहज था। वह मध्य पूर्व के अपने क्षेत्रीय सहयोगी इजरायल के माध्यम से किसी तरह ईरान के परमाणु ठिकानों, कार्यक्रमों और इनसे जुड़े हुए वैज्ञानिकों, अनुसंधानकर्ताओं, सैन्य प्रमुखों तथा नेताओं को खत्म कर देना चाहता था। लेकिन नव अमेरिकी शासन में राष्ट्रीय गुप्तचर निदेशक तुलसी गेबार्ड के इस वक्तव्य ने ईरान के संदर्भ में स्वयं अमेरिका, इजरायल और विश्व के दूसरे देशों के लिए ऊहापोह की स्थितियां उत्पन्न कर दी हैं कि ईरान के पास कोई परमाणु कार्यक्रम नहीं है और उसके सर्वोच्च नेता ने नया परमाणु कार्यक्रम स्वीकृत नहीं किया है। ऐसा ही वक्तव्य अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को छोड़ समूह सात के अन्य राष्ट्र प्रमुखों का भी है।

उनके अनुसार वे लगातार स्पष्ट कर रहे हैं कि ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं हो सकता। इस परिस्थिति में ईरान और उसके परमाणु हथियारों के संबंध में सत्य व असत्य के दो पक्ष उभर आए हैं। इसके आलोक में पहला प्रश्न ये उभरता है कि जब ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं थे या हैं, तो वह गत आठ-दस वर्षों से अमेरिकी प्रतिबंधों के प्रतिकार के लिए क्यों ये धमकी देता रहता था कि वह परमाणु शक्ति से संपन्न है



और अमेरिका या किसी भी अन्य देश से अपनी स्वायत्तता की सुरक्षा भलीभांति कर सकता है। दूसरा प्रश्न ये है कि यदि वास्तव में उसका कोई परमाणु कार्यक्रम था ही नहीं, तो उसने इस संदर्भ में अमेरिका को आवश्यक सूचनायें व जानकारियां क्यों नहीं दीं। अमेरिकी राष्ट्रपति को प्राप्त होने वाली कोई भी गुप्तचर सूचना व्यर्थ नहीं हो सकती है और ना ही इजरायल की राष्ट्रीय गुप्तचर एजेंसी मोसाद को हलके में लिया जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति और मोसाद के नेतृत्व में इजरायल का प्रामाणिक दावा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम अधिक सीमा तक आगे बढ़ चुका है और उसने कुछ परमाणु बम, हथियार, मिसाइलें बना भी ली हैं और वह उन्हीं के प्रभाव में अमेरिका पर हमला करने तथा इजरायल का अस्तित्व समाप्त करने की धमकियां देता रहा है। और अंततः ईरान की इसी अकड़ को तोड़ने के लिए इजरायल ने उसके चिन्हित सैन्य व परमाणु ठिकानों पर छह दिन पहले हवाई हमले आरंभ कर दिये थे, जिसके बाद अभी भी दोनों देशों की ओर से एक-दूसरे पर मिसाइलों, ड्रोनों से लगातार हमले किये जा रहे हैं। इस संघर्ष में जहां ईरान में 400 से अधिक तो इजरायल में 50-100 के लगभग लोगों की मृत्यु हो चुकी है। ईरान की राजधानी तेहरान समेत इजरायल हवाई हमलों से ध्वस्त दूसरे नगरों को छोड़कर अन्य देशों में जाने वाले ईरानियों व विदेशी नागरिकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। भारतीय प्रधानमंत्री ने कनाडा में आयोजित समूह सात के सम्मेलन में सम्मिलित होने से पहले क्रोएशिया व साइप्रस में भी अपने कूटनीतिक पड़ाव डाले हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि कनाडा में कनाडा तथा अन्य छह राष्ट्र प्रमुखों के साथ प्रमुख बिंदुओं पर उपयोगी विचार-विमर्श की तुलना में मोदी के लिए क्रोएशिया व साइप्रस में रुकना अधिक लाभदायी रहा। दुनिया, भारत-अमेरिका को अपेक्षा थी कि जी-7 में ट्रंप व मोदी की भेंट से वैश्विक अस्थिरताओं के संदर्भ में कुछ समाधानमूलक कार्यबिंदु निकलेंगे, किंतु ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को रौंदते भारत को युद्ध समाप्त करने के लिए मनवाने का 14 बार दावा कर चुके ट्रंप का मोदी के कनाडा पहुंचने से पहले ही बीच में जी-7 की बैठक छोड़ इजरायल-ईरान के युद्ध के संदर्भ में आवश्यक निर्णय लेने वाशिंगटन जाने का बहाना, समूह सात की समग्र कार्यनीतियों के समक्ष भावी अनिर्णय की स्थिति छोड़ गया।

संभवतः यह पहला अवसर होगा जब समूह सात का सम्मेलन बिना किसी ठोस कार्यसंकल्प और पारस्परिक सहयोगात्मक व समन्वयकारी संवाद के समाप्त हो गया। वैसे भी चीन, भारत का नई आर्थिक शक्तियों के रूप में उभरने के बाद समूह सात की व्यावहारिक उपयोगिता वर्ष-प्रतिवर्ष कम होती जा रही है। इटली, कनाडा, जापान, इंग्लैंड व फ्रांस से बड़ी आर्थिक शक्तियां तो एशिया के भारत व चीन हैं। ऐसे में समूह सात अब केवल अमेरिका व जर्मनी के प्रतिनिधित्व के साथ प्रासंगिक नहीं रह सकता। अमेरिकी ट्रंप प्रशासन तो वैसे भी समूह सात, समूह बीस, संयुक्त राष्ट्र, इत्यादि सभी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं व संगठनों के प्रति अपने पहले व पिछले कार्यकाल में भारी हतोत्साहना प्रदर्शित कर ही चुका है। ऐसे में कनाडा में संपन्न 51वें समूह सात सम्मेलन में विश्व के लिए कुछ ठोस और उपयोगी कार्यक्रम निर्धारित करने की परिस्थिति बनी ही नहीं है। कह सकते हैं कि यह सम्मेलन केवल और केवल कोरी औपचारिकताओं का सम्मेलन बनकर ही व्यतीत हुआ है। बता दें कि आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख की पुष्टि करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 के नेताओं से आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक कार्रवाई को गति देने का आग्रह किया और इसे ''बढ़ावा देने और समर्थन'' देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण
डॉ. रमेश ठाकुर



# राष्ट्रीय राजमार्गों पर किफायती होगी नई टोल भुगतान नीति

टोल टैक्स पर आए दिन घटित होती नाना प्रकार की सामान्य-असामान्य घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आखिरकार केंद्र सरकार ने एक दफा फिर पुरानी टोल्स नीतियों में बदलाव करते हुए नए फास्टैग नियम लागू करने का ऐलान किया है। बदले नियमों को केंद्र सरकार ने 'सुपरफास्ट फास्टैग' बताया है। हालांकि, ये नवीनतम योजना दो महीने बाद यानी आगामी 15 अगस्त से देशभर में अमल में आएगी। इसके संबंध में मोटी-मोटी सूचनाएं विभागीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए देशवासियों से साझा की। नए नियमों को लेकर लोगों के जेहन में सिर्फ दो सवाल प्रमुखता से उठ रहे हैं। अव्वल, क्या अब टोल टैक्स पर लगने वाली लंबी-लंबी कतारें कम होंगी। वहीं दूसरा, क्या इससे वाहन चालकों को थोड़ी बहुत रियायत मिल पाएगी? गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी मंत्री नितिन गडकरी ने एक ऐलान किया था कि 60 किमी अंतराल में आने वाले टोल से वसूली नहीं की जाएगी। लेकिन अफसोस वह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। कम दूरी वाले किसी टोल को बंद नहीं किया गया, आज भी टोल्स पर वसूली बदस्तूर जारी है। ज्यादातर पुराने टोल की दूरी 60 किमी से काफी कम हैं। 30-40 किमी की दूरी में ही बने हैं। विगत सालों पहले सरकार ने टोल से नगद वसूली के नियमों को बदलकर जब से फास्टैग योजना को लागू किया था, तब से उसकी आमदनी में चार चांद लग गए। दरअसल, फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली है, जिसे एनएचएआई लीड करती है। फास्टैग से टोल वसूली का पैसा सरकार के खजाने में जाता है। वित्तीय वर्ष-2024 में देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह राजस्व का मूल्य 648 बिलियन भारतीय रुपये से अधिक रहा। यही कारण है कि सरकार इस सब्जेक्ट को इतनी गंभीरता से लेकर चल रही है। सरकार का मकसद है कि नए नियमों का फायदा ग्राहकों को भी हो और उनकी आमदनी में भी इजाफा हो? केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम-1956 और शुल्क नियम-2008 के तहत टोल प्लाजा के माध्यम से शुल्क वसूलती है। नियमों में बदलाव पहले भी कई मर्तबा किए गए। पर, बीते एकाध दशक से टोल वसूली में बेतहाशा इजाफा हुआ, जिसे कम करने का आमजन का भारी दबाव सरकार पर है। आम लोगों को मिलने वाली किफायत की जहां तक बात है, तो नई पॉलिसी फिलहाल निजी वाहनों पर लागू होगी। तीन हजार रुपये का वैध वार्षिक पास बनवाने के बाद ग्राहक सालभर की अवधि में 200 टोल टैक्स क्रॉस कर सकेंगे। ये पास मौजूदा फास्टैग में ही संचालित होगा, नया बनवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हालांकि, इसमें एक पेंच फंसाया गया है। योजना सिर्फ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों में प्रयोग होगी। राज्य स्तरीय मार्गों-सड़कों, निकाय और नगर निगम की अधिकृत सड़कों को इससे नहीं जोड़ा गया है। योजना से ग्राहकों को जो फायदा होगा, वह ये है कि अभी तक अमूमन प्रत्येक एनएचएआई टोल टैक्स पर भुगतान करने की कीमत 50 रुपये से लेकर 200 रुपये के बीच होती है। 3 हजारी वैध पास के बाद मात्र 15 रुपये ही प्रत्येक टोल पर वसूले जाएंगे। ये फायदा निजी वाहन चालकों को सीधे तौर पर होगा। योजना की एक अच्छी बात ये है कि चालक अगर साल में 200 टोल्स को क्रॉस नहीं करता है, तो उसकी वैधता अगले वर्ष भी जारी रहेगी। राष्ट्रीय राजमार्गों पर रोजाना चलने वालों के लिए 'सुपरफास्ट फास्टैग' योजना निश्चित रूप से कारगर साबित होने वाली है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय पर बीते कुछ वर्षों से टोल प्लाजा पर ट्रैफिक को कम करने का भारी प्रेशर पड़ा है। रोज कहीं न कहीं मारपीट की घटनाएं होती रही हैं। इन सभी से छुटकारा पाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस योजना को लागू किया। भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों का विशाल नेटवर्क बिछ चुका है। वर्ष-2014 तक राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 91,287 किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 1,46,195 किलोमीटर हो चुकी है। अगले 10 सालों में राजमार्गों की लंबाई डेढ़ गुनी तक बढ़ने की संभावनाएं हैं और उसमें नए टोल भी जुड़ेंगे। इसलिए सरकार के लिए ये क्षेत्र कमाई का बड़ा जरिया बन गया है। सरकार को नेशनल हाईवे से प्रति वर्ष टोल बूथों पर टैक्स के तौर पर 1.44 लाख करोड़ रुपये की कमाई हो रही है। कमाई बढ़े अच्छी बात है, पर सड़कों की सुरक्षाओं को लेकर वाहन चालकों के प्रति जो चिंताएं हैं वह भी कम होनी चाहिए। सरकार को सुविधाओं पर भी ध्यान देना होगा। निर्बाध और सुगम सड़क यात्राओं की इच्छाएं सभी में हैं।

(लेखक राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान के सदस्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## सत्य के प्रति जागने में ही 'जीवन की महत्ता'



संकलित
**दर्शन**

प्रत्येक व्यक्ति का इस जगत में आना एक संयोग है और यह संयोग परमात्मा की कृपा की देन है, लेकिन संसार में सभी के आने का संयोग कुछ पाने के लिए है, खोने के लिए नहीं। इसलिए कि खोना आसान है, परंतु पाना बहुत ही कठिन है। संसार में प्रायः लोग सोने वाले हैं, जागने वाले कम। जागने वाले ही कुछ पाते हैं और सोने वाले सब कुछ खो देते हैं। जागने वाले ही इस संसार में जीवित हैं और सोने वाले मृत। सच्चाई के लिए जागना ही है, जड़ता का त्याग। जड़ता के त्याग के बिना पशुता की स्थिति से उबरना संभव नहीं है। जड़ता सुषुप्ति की अवस्था है और जड़ता का त्याग जागृतावस्था। जागृतावस्था में जीवन के उत्थान, विकास, महानता प्राप्ति का संयोग है और सुषुप्तावस्था में मृत्यु, पतन, अवनति, निंदा, दुखभरी स्थिति है। जागने में भलाई है और सोने में बुराई है। यह पतन की ओर ले जाने वाला है। व्यक्ति जन्म के समय न कुछ लेकर आता और न ही मृत्यु के समय कुछ लेकर जाता है। झूठ बोलकर की गई सारी कमाई यहीं रह जाती हैं, लेकिन सत्य की कमाई सदा साथ रहती है। त्याग, प्रेम, सत्य, जिम्मेदारी के प्रति जागना ही जीवन में सत्कर्म है और यह सत्कर्म ही पुण्य की कमाई है, जो कभी नष्ट नहीं हो सकती। परमात्मा तो सिर्फ सत्य मार्ग पर चलने वाले का साथ देता है और कुमार्गगामी को दंड भी देता है। सत्य के प्रति सजगता ही चेतना का ऊर्ध्वमुखी होना होता है। इसके विपरीत असत्य के प्रति चेतना की जागृति विनाश, पतन का मूल है। परमात्मा प्रदत्त यह काया क्षणभंगुर है, पर इसके अंदर स्थित आत्मा अविनाशी है।

## मृत्यु टाले नहीं टलती



संकलित
**प्रेरणा**

भगवान विष्णु गरुड़ पर बैठ कर कैलाश पर्वत पर गए। द्वार पर गरुड़ को छोड़ कर खुद शिव से मिलने अंदर चले गए। तब कैलाश की अपूर्व प्राकृतिक शोभा को देख कर गरुड़ मंत्रमुग्ध थे कि तभी उनकी नजर एक खूबसूरत छोटी सी चिड़िया पर पड़ी। चिड़यिा कुछ इतनी सुंदर थी कि गरुड़ के सारे विचार उसकी तरफ आकर्षित होने लगे। उसी समय कैलाश पर यम देव पधारे और अंदर जाने से पहले उन्होंने उस छोटे से पक्षी को आश्चर्य की दृष्टि से देखा। गरुड़ समझ गए उस चिड़िया का अंत निकट है और यमदेव कैलाश से निकलते ही उसे अपने साथ यमलोक ले जाएंगे। गरूड़ को दया आ गई। इतनी छोटी और सुंदर चिड़िया को मरता हुआ नहीं देख सकते थे। उसे अपने पंजों में दबाया और कैलाश से हजारों कोस दूर एक जंगल में एक चट्टान के ऊपर छोड़ दिया, और खुद वापिस कैलाश पर आ गए। आखिर जब यम बाहर आए तो गरुड़ ने पूछ ही लिया कि उन्होंने उस चिड़िया को इतनी आश्चर्य भरी नजर से क्यों देखा था। यम देव बोले- गरुड़ जब मैंने उस चिड़िया को देखा तो मुझे ज्ञात हुआ कि वो चिड़िया कुछ ही पल बाद यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा खा ली जाएगी। मैं सोच रहा था कि वो इतनी जल्दी इतनी दूर कैसे जाएगी, पर अब जब वो यहां नहीं है तो निश्चित ही वो मर चुकी होगी। गरुड़ समझ गए मृत्यु टाले नहीं टलती चाहे कितनी भी चतुराई की जाए।

## सटाका




## आज की पाती


### बरसात में सावधान- सतर्क रहने की जरूरत

पहाड़ी इलाकों में बरसात कभी-कभी पर्यटकों की जान पर भारी पड़ जाती है। देश में बरसात का मौसम अपने पूरे यौवन पर आ रहा है। ज्यादा बारिश होने से पहाड़ियों की मिट्टी कमजोर पड़ जाती है जिस कारण पहाड़ियों के खिसकने की संभावना ज्यादा प्रबल हो जाती है। सडकों का भी ऐसा ही हाल बेहाल हो जाता है। प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के दूसरे पहाड़ी राज्यों में ऐसी स्थिति होती है। इसलिए इस मौसम में इन पहाड़ी क्षेत्रों में जाने से पर्यटकों को परहेज करना चाहिए। और वहां के स्थानीय लोगों को भी पूरी सावधानी और सतर्कता बरतनी चाहिए। सरकार और प्रशासन को चाहिए कि वो इन पहाड़ी इलाकों में आने वाले पर्यटकों पर कड़ी नजर रखें। कुछ पर्यटक खतरनाक क्षेत्रों में सेल्फी और रील्स लेने की कोशिश भी करते हैं, जो कि उनकी जान पर भारी पड़ सकता है।

*- संतोष ठाकुर, बसना*

## करंट अफेयर

### म्यांमार के गृहयुद्ध में उतरे रोहिंग्या मुस्लिम



म्यांमार में चल रहे गृहयुद्ध ने सबसे ज्यादा प्रभाव रखाइन राज्य पर डाला है। रखाइन में बीते महीनों में अराकान आर्मी (एए) ने लगातार जुंटा शासन के खिलाफ बढ़त बनाई है और राज्य के ज्यादातर हिस्से पर कब्जा कर लिया है। एए का रुख स्थानीय रोहिंग्या मुस्लिमों के खिलाफ रहा है। इसकी वजह से रोहिंग्याओं को बड़ी तादाद में पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इसका नतीजा ये हो रहा है कि कई विद्रोही समूह रखाइन में एए के खिलाफ लड़ाई में जुंटा के साथ शामिल हो गए हैं। इससे बांग्लादेश में शरण लिए रोहिंग्याओं का संकट बढ़ सकता है। बांग्लादेश में ही ये गुट लड़ाकों की भर्ती कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इंटरनेशनल क्राइसिस ग्रुप (आईसीजी) की एक नई रिपोर्ट कहती है कि रोहिंग्या विद्रोही समूहों ने रखाइन के लिए लड़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बांग्लादेश में शरणार्थी शिविरों को नियंत्रित करने के लिए वर्षों से चल रहे युद्ध को रोक दिया है। ये गुट जुंटा सैनिकों या संबद्ध मिलिशिया के साथ एए के खिलाफ लड़ रहे हैं। म्यांमार में रखाइन राज्य में पिछले 18 महीनों में सैन्य सरकार ने सबसे अधिक जमीन खोई है। अराकान आर्मी ने उत्तरी रखाइन के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण कर लिया है और पूरे राज्य पर कब्जा करने की तैयारी में है।

## ऑफ बीट

### आंत रोग की कुछ स्थितियां पार्किंसन के लिए जिम्मेदार



कुछ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं, जैसे निगलने में कठिनाई, कब्ज और आंत विकार (आईबीएस) पार्किंसंन रोग के जोखिम से जुड़ी हो सकती हैं। एक अध्ययन से यह जानकारी सामने आई है। पार्किंसंन एक मस्तिष्क विकार है, जिसके कारण शरीर में कंपकंपी, ऐंठन और संतुलन एवं समन्वय बैठाने में कठिनाई होती है। शोधकर्ताओं ने कहा कि पूर्व में आंत की कुछ समस्याओं को पक्षाघात या मस्तिष्क धमनी विकार या अल्जाइमर रोग जैसी बीमारियों का कारण बनने से जोड़ा गया है। पत्रिका 'गट' में प्रकाशित नवीनतम अध्ययन में अमेरिकी राष्ट्रव्यापी मेडिकल रिकॉर्ड नेटवर्क (ट्राइनेटएक्स) के 24,624 लोगों के आंकड़ों का उपयोग किया गया, जिन्हें अज्ञात कारण से पार्किंसंन रोग हुआ था। ऐसे लोगों की तुलना उन लोगों से की गई, जो अन्य मस्तिष्क विकार स्थितियों जैसे अल्जाइमर रोग (19,046) या सेरेब्रोवास्कुलर रोग से ग्रसित (23,942) या इनमें से कोई भी नहीं (24,624) पाए गए थे। पार्किंसंन रोग से पीड़ित लोगों का उनके इस रोग का पता चलने से औसतन 6 साल पहले के इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड में शामिल आंत रोग स्थितियों की आवृत्ति की तुलना करने के लिए उम्र, लिंग और अन्य विवरणों के आधार पर अन्य समूहों के लोगों के साथ मिलान किया गया था।


## ट्रेंड

### कश्मीर की असली आत्मा



पहलगाम में नृशंस आतंकी हमले की जगह का दौरा किया और स्थानीय लोगों और पर्यटकों से बातचीत की, जिन्होंने इस क्षेत्र को फिर से जीवंत बना दिया है और रोज़मर्रा की ज़िंदगी की लय में ला दिया है। यही कश्मीर की असली आत्मा है।
- गजेन्द्र सिंह शेखावत, केंद्रीय पर्यटन मंत्री

### सहयोगात्मक प्रयास




गोवा प्रौद्योगिकी संघ की नवगठित प्रबंध समिति के साथ राज्य में अधिक रोजगार सृजन और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सहयोगात्मक प्रयासों की योजना बनाने के लिए उपयोगी चर्चा हुई।
- डॉ. प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा

### स्वस्थ मध्यप्रदेश बनाएंगे



सिकल सेल रोग उन्मूलन के राष्ट्रीय संकल्प को मध्यप्रदेश दृढ़ता से साकार कर रहा है। विश्व सिकल सेल रोग जागरूकता दिवस पर संकल्प लें कि इसके उन्मूलन के प्रयासों में योगदान देकर स्वस्थ मध्यप्रदेश के निर्माण में सहभागी बनेंगे।
- डॉ. मोहन यादव, सीएम, गोवा


### सिख धर्म के प्रति सम्मान



मैंने पावंटा साहिब में आयोजित जनसभा में किसी भी समुदाय विशेष के बारे कोई भी टिप्पणी नहीं की है। मेरी गुरु गोविन्द सिंह के प्रति अगाध श्रद्धा है और सिख धर्म के प्रति बहुत सम्मान है। अतः मेरी बात को ग़लत तरह से न लिया जाए ।
- जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हप्र

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

स्वास्थ्य



युविका धर योग प्रशिक्षक

बच्चो, अगर तुम्हें फिजिकली-मेंटली फिट एंड हेल्दी रहना है तो अपने डेली रूटीन में योगाभ्यास को जरूर शामिल करो। योगासन, बॉडी पोश्चर को सुधारने के साथ-साथ हमें टेंशनफ्री और रिलैक्स रखते हैं। यहां हम तुम्हारे लिए कुछ योगासनों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें तुम आसानी से कर सकते हो, ये बहुत प्रभावी भी हैं।

# ये योगासन तुम्हें रखेंगे फिट एंड हेल्दी



### सुखासन

**इसे करने** के लिए अपने पैरों को क्रॉस करके और पीठ को सीधा करके जमीन पर बैठ जाओ। अपने हाथों को अपने हृदय के मध्य में या घुटनों पर रखो। अब आंखें बंद करके धीरे-धीरे गहरी सांस लो और धीरे-धीरे छोड़ो।

**लाभ:** सुखासन करने से एकाग्रता यानी कंसंट्रेशन बढ़ाने में मदद मिलती है। तुम जो भी काम करते हो वह जल्दी और बहुत अच्छे से हो जाता है।*

### बद्धकोणासन



**इसे बाउंड** एंगल पोज या तितली मुद्रा भी कहा जाता है। बच्चो, इस आसन को तुम आराम से कर सकते हो। इसे करने में तुम्हें मजा भी आएगा। बद्धकोणासन करने के लिए सबसे पहले अपनी पीठ सीधी और पैरों को चौड़ा करके बैठ जाओ। अब पैरों को मोड़कर तलवों को एक-दूसरे के सामने रखकर पैरों से तितली की तरह फ्लाइंग मूवमेंट करो।

**लाभ:** इस आसन को करने से डाइजेशन सही रहता है। अगर पीठ का दर्द है तो इससे राहत मिलती है और मूड भी अच्छा बना रहता है।*


### मार्जरी आसन (बिल्ली मुद्रा)



**मार्जरी आसन** करने के लिए अपनी कोहनियों, कंधों और कलाइयों को सही पोजिशन में रखते हुए, अपने हाथों और घुटनों के बल टिक कर अपनी पीठ को झुकाओ और एक बिल्ली की तरह पोज बनाओ फिर 30 सेकेंड तक इसी पोजिशन में रुको। बच्चो, इस योग को करने में तुम्हें बहुत मजा भी आएगा।

**लाभ:** इस मजेदार आसन को करने से तुम्हारी पीठ की मसल्स मजबूत बनेंगी। साथ ही इससे

### वीरभद्रासन



**इस आसन** को 'वॉरियर पोज' यानी 'योद्धा मुद्रा' भी कहते हैं। वीरभद्रासन करने के लिए एक पैर को आगे बढ़ाकर ऊंची छलांग लगाने वाली मुद्रा में खड़े हो और सामने वाले घुटने को 90 डिग्री के कोण पर मोड़ो। अपने पिछले पैर को जमीन पर 45 डिग्री के कोण पर सीधा रखो। सांस बाहर छोड़ो और कुछ देर तक रोक कर रखो। इस आसन को करते हुए तुम अपने आप को स्ट्रॉन्ग और बैलेंस्ड फील करोगे।

**लाभ:** यह आसन तुम्हें भीतर से मजबूत बनाएगा। इसे करने से तुम्हारा आत्मविश्वास बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ने पर तुम कभी किसी काम के लिए ना नहीं कहोगे, तुम्हारी छवि एक योग्य व्यक्ति के रूप में बनेगी।*

### उत्कटासन



**इस आसन** को चेयर पोज भी कहा जाता है। उत्कटासन करने के लिए अपनी भुजाओं को सिर के ऊपर उठाओ, गहरी सांस लो और अपने घुटनों को आगे लाओ। अपनी जांघों को जमीन के समानांतर रखो। एक मिनट तक इसी पोजिशन में रुको फिर धीरे-धीरे पहले जैसी स्थिति में आ जाओ।

**लाभ:** उत्कटासन करने से तुम्हारे पैर की मसल्स मजबूत बनेंगी। तुम्हारी बैलेंसिंग केपेसिटी बढ़ेगी। साथ ही तुम्हारी मेंटल हेल्थ भी बेहतर रहेगी।*

### वृक्षासन



**इस आसन** को करने के लिए अपने हाथों को बगल में रखकर सीधे खड़े हो जाओ। अपना वजन एक पैर पर डालो और दूसरे पैर को उठाकर अपनी जांघ, टखने या पिंडली पर टिका दो। अपनी हथेली को आपस में एक साथ मिलाकर इसे दबाते हुए अपने सिर के ऊपर उठाओ। कुछ समय तक इसी पोजिशन में रुको फिर सामान्य हो जाओ।

**लाभ:** वृक्षासन से शरीर का संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। इससे हमारा शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है।*

प्रस्तुति: शिखर चंद जैन

# नियमित करो योग रहो स्वस्थ-निरोग

हर कोई शरीर और मन से स्वस्थ, निरोग रहना चाहता है। इसके लिए हमें योग जरूर करना चाहिए। योग का हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत ही अच्छा प्रभाव पड़ता है। बच्चो, जानो योग करने के क्या-क्या फायदे होते हैं।



सलाह

राकेश चक्र

योग का जन्मदाता अपना देश भारत है। योग भारत में तो लोकप्रिय है, आज इसे विश्व के अन्य देश भी अपना रहे हैं। योग हमारे तन-मन दोनों को ही स्वस्थ रखने का बहुत प्रभावी माध्यम है। इसलिए हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग के क्या-क्या लाभ हैं, इसकी जानकारी हर बच्चे को होनी चाहिए, जानो।

**स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी:** नियमित योग करने से हम स्फूर्तिवान बनते हैं। शारीरिक ही नहीं, मानसिक रूप से मजबूत बनते हैं। हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, हमारा शरीर निरोगी रहता है।



**बढ़ती है कार्यक्षमता:** चूंकि योग से हम स्वस्थ रहते हैं, इसलिए हमारी कार्यक्षमता बढ़ती है। इससे मन एकाग्रचित रहता है, याददाश्त बढ़ती है, बुद्धि तेज होती है। इस कारण हम अपने सभी काम जल्दी और बेहतर ढंग से कर पाते हैं। योग हमारी रचनात्मकता को बढ़ाता है। यह हमें शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूक करता है, जिससे हम स्वस्थ रहते हैं।

**बढ़ता है आत्मविश्वास:** योग हमारे स्वास्थ्य को बेहतर रखने में सहायक रहता है। अगर इसे नियमित किया जाए तो इससे हमारा आत्मविश्वास यानी कॉन्फिडेंस बढ़ता है। बच्चो, हमारा कॉन्फिडेंस मुश्किल से मुश्किल काम को आसानी से करने का हौसला देता है। हम अपना काम सही ढंग से करने में सफल होते हैं।

**प्रकृति से जोड़ता है:** प्रायः योग किसी खुले स्थल जैसे पार्क आदि में किया जाता है, इसलिए इसे करने के दौरान हम प्रकृति के करीब आते हैं। योग की विभिन्न मुद्राएं, जैसे- हंस मुद्रा (हंस की तरह मुद्रा), वृक्षासन (पेड़ की तरह स्थिर कद), सिंहासन (शेर की तरह), मंडूकासन (मेंढक की तरह) आदि ऐसे आसन हैं, जो हमें प्रकृति को समझने का अवसर देते हैं, हमें प्रकृति से जोड़ते हैं। ये आसन पशु-पक्षियों एवं प्रकृति से ही सीख कर, प्रेरित होकर हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा अपनाए गए हैं।

**दूर होती है हीन भावना:** जब लोग किसी दूसरे से खुद की तुलना करते हैं तो कई बार उनके मन में हीन भावना घर कर जाती है। इस तरह की हीन भावना उनकी सफलता में बाधक बनती है। योग हमें हीन भावना जैसे नकारात्मक विचारों से दूर रखता है। योग हमें खुद को बेहतर बनाने और बिना किसी से तुलना किए अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने में मदद करता है। योग आलस्य से दूर रखकर हमें परिश्रमी और जागरूक बनाता है।

बच्चो, इन सबके अलावा भी योग के अनेक फायदे हैं, जो तुम योग करते-करते खुद ही महसूस करोगे। योग तुम्हें शारीरिक-मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाकर हर दिन बेहतर बनने में मदद करता है। योग तुम्हारी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसलिए अपनी दिनचर्या में योग को जरूर शामिल करो।*

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## रोचक विज्ञान कथाएं

कई बच्चे विज्ञान को बहुत कठिन विषय मानते हैं, उसके नियम और सिद्धांत उन्हें आसानी से समझ में नहीं आते हैं। लेकिन वास्तव में ऐसा है नहीं। विज्ञान को अगर मजेदार तरीके से पढ़ा और प्रायोगिक तौर पर समझा जाए, तो यह तुम्हें सबसे रोचक विषय लगेगा। प्रसिद्ध विज्ञान कथा लेखक देवेंद्र मेवाड़ी द्वारा लिखी पुस्तक 'सुनो बात विज्ञान की' में संकलित दस कहानियां पढ़कर तुम इस बात को जरूर मानोगे। इस किताब में तुमको विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी बहुत ही रोचक कहानी के जरिए पढ़ने को मिलेगी। इन सभी कहानियों के मुख्य पात्र देवीदा, विज्ञान के बहुत अच्छे जानकार हैं, जो अपने आस-पड़ोस में रहने वाले कुछ बच्चों को विज्ञान से जुड़ी जानकारियां खिलंदड़े अंदाज में देते हैं। ये बच्चे (मानसी, गार्गी, नंदू, चेतन, विक्रम, सौरभ, शेफाली, विवेक आदि) अपने मन की सारी जिज्ञासाएं बेझिझक देवीदा से पूछते हैं, जिन्हें वे व्यावहारिक प्रमाण देकर उन्हें समझाते हैं। इन कहानियों में तुम चंद्रमा पर भारत के सफल चंद्रयान-3 मिशन के बारे में, धूमकेतुओं के बारे में, बिजली के आविष्कार के इतिहास के बारे में, पेड़-पौधों की महत्ता के बारे में, ऋतु चक्र में वसंत के महत्व के बारे में, जुगनुओं, पक्षियों, आलू की कहानी समेत प्राकृतिक आपदा सुनामी और होली पर नकली रंगों के इस्तेमाल से नुकसान के बारे में पढ़ सकते हो। इन्हें पढ़ने के दौरान तुम्हें जरा भी बोरियत नहीं महसूस होगी और तुम बहुत कुछ नया जान-समझ जाओगे।*



**किताब:** सुनो बात विज्ञान की, **लेखक:** देवेंद्र मेवाड़ी, **मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली


कहानी



संतोष उत्सुक

आभास को अपने दोस्तों की देखा-देखी जंक फूड्स खाने का शौक हो गया। देखते-देखते उसका वजन बढ़ गया, वह मोटा दिखने लगा। मम्मी को चिंता हुई तो उन्होंने आभास को टोका, पापा ने भी उसे समझाया। क्या आभास पर अपने मम्मी-पापा के समझाने का कोई असर हुआ?

# भगाया मोटापा!



आभास के पापा का ट्रांसफर दूसरे शहर में हो गया था। नए शहर में आकर वह बहुत खुश और उत्साहित था। यहां उसके नए दोस्त बने। नए घर में शिफ्ट होने के बाद पापा ने आभास से कहा, 'बेटा, तुम्हें एक बड़े और अच्छे शहर में रहने का फायदा उठाना चाहिए। पढ़ाई, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए। तुम्हारे नए स्कूल में ये सभी सुविधाएं उपलब्ध भी हैं। तुम इनका फायदा उठाओ।'

आभास का स्कूल जाना शुरू हुआ तो नए सहपाठी मिले, जिनमें से कई उसके मित्र बन गए। आभास के कई सहपाठी तो पड़ोस में ही रहते थे। स्कूल के बाद रोजाना सभी मिलते थे। आभास के कई मित्र, तरह-तरह की चीजें खाने के बहुत शौकीन थे। आपस में पढ़ाई-लिखाई के साथ मनपसंद चीजें खाने की बातें भी होती थीं। उन्हें जंक फूड्स बहुत पसंद थे। स्कूल के आस-पास जंक फूड के कई आउटलेट्स खुले हुए थे। स्कूल टाइम के बाद बच्चे मोमोज, स्प्रिंग रोल, चाऊमिन, पिज्जा, बर्गर और भी कई ऐसी चीजें मजे से खाते थे।

आभास पहले जंक फूड कभी-कभार ही खाता था, क्योंकि जहां वह रहता था, ये चीजें कम ही मिलती थीं। वह तरह-तरह की चीजें खाने का बहुत शौकीन था, इसलिए जब उसे ये चीजें रोज खाने को मिलने लगीं तो उसकी जुबान पर इनका स्वाद चढ़ गया। ज्यादा समय नहीं लगा, इन्हें खाकर उसका वजन बढ़ गया। दो महीने में ही आभास का पेट निकल आया। कुछ दिन बाद कमीज के निचले बटन मुश्किल से बंद होने लगे। कमर पर पैंट कसने लगी। एक दिन मम्मी ने कहा, 'बेटा, मुझे पता है तुमने जंक फूड ज्यादा खाना शुरू कर दिया है। तुम्हारा वजन बढ़ रहा है। यह अच्छी बात नहीं है। अपनी हेल्थ का ध्यान रखो।'

आभास बोला, 'मम्मी, आपको पता तो है मुझे मोमोज, पास्ता, पिज्जा, बर्गर और चाऊमीन बहुत पसंद हैं। पहले ये चीजें मैं कहां खा पाता था, अब चांस मिला है।'

मम्मी ने समझाया, 'बेटा, तुम पहले कभी-कभी खाते थे तो तुम्हारे शरीर पर ज्यादा असर नहीं होता था। तुम्हारा स्कूल भी घर से दूर था। पैदल भी खूब चलते थे। यहां स्कूल पास है और जंक फूड की दुकानें भी हैं। तुम अपना ध्यान रखो, नहीं तो मोटे होते जाओगे।'

आभास ने मम्मी की चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया। नतीजा यह हुआ कि उसका वजन और ज्यादा बढ़ गया। कभी-कभार उसके मन में आता कि आज नहीं खाएगा, लेकिन अपने सहपाठियों के कहने और दुकान से आ रही खुशबू के कारण, वह ललचा जाता फिर जाकर वह खा लेता। जंक फूड खाने से उसे सुस्ती आने लगी। वह सुबह भी देर से उठता।

एक दिन फिर मम्मी ने आभास को चेताया कि वह मोटा होता जा रहा है। वह बोला, 'मम्मी, मैं अपनी हेल्थ का ध्यान दूंगा। मैं योग करके अपना बढ़ा हुआ पेट कम कर लूंगा।' लेकिन कई दिन बीतने पर भी जब आभास ने कुछ नहीं किया तो मम्मी ने चिंता से पापा से बात की।

रविवार को पापा ने आभास को अपने पास बुलाया और समझाया, 'बेटा, जंक फूड खाने से तुम मोटे हो रहे हो। तुम्हारा पेट बाहर निकल गया है। मोटापा एक बार आ जाए तो वापस मुश्किल से जाता है। अगर विद्यार्थी जीवन से ही संतुलित खाना खाया जाए और योग-व्यायाम किया जाए, तो शरीर चुस्त रहता है। बेटा, मोटापा कई बीमारियों का कारण है। अच्छे स्वास्थ्य का कोई विकल्प नहीं। तुमको अनुशासन में रहकर खाना चाहिए ताकि पसंद का सब कुछ खा सको और वजन भी न बढ़े। बेटा, मुझसे वायदा करो कि नियमित योग करोगे, बढ़ा हुआ वजन एक महीने में कम कर लोगे।'

आभास को अपने पापा की बात, समझ में आ गई। उसने पापा से वायदा किया कि वह जंक फूड खाना बिल्कुल बंद कर देगा। अपना वजन घटाने और पेट अंदर करने के लिए रोजाना योग-व्यायाम करेगा।

सोमवार को स्कूल जाते समय आभास ने जंक फूड की दुकानों की तरफ देखा तक नहीं। उसने पक्का निश्चय कर लिया था कि उसे अपना वजन कम करना है। कुछ दिन बाद उसका वजन कम भी होने लगा। वह मन ही मन यह सोचकर खुश होता कि बहुत जल्दी अपने मोटापे को घटा लेगा, फिट और फुर्तीला नजर आएगा।*

कविता

सूर्यकुमार पांडेय



## योग करें बन जाएं भीम

पापा बोले, 'योग करो तो,
दूर भागते रोग।
तन-मन की दिक्कतें मिटाए,
काया बने निरोग।'
एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य-
इस वर्ष के लिए थीम।
योग करे जो भी दुनिया में,
वह बन जाए भीम।'
मैं बोला, 'प्यारे पापा!
फिर चलो सिखाओ योग।
मैं भी रोज करूंगा,
कर के मुझे दिखाओ योग।'
योग दिवस इक्कीस जून को,
मना रहा संसार।
'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य',
की गूंज रही जयकार।
अब पापा के साथ बैठकर,
मैं करता हूं योग।
देखा-देखी योग कर रहे,
घर के सारे लोग।

## जीके क्विज-158



1. हाल ही में किस पूर्व भारतीय कप्तान को आइसीसी के 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया है?
2. जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर कौन थे?
3. एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन किस राज्य में स्थित है?
4. प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर किस राज्य में स्थित है?
5. शुष्क बर्फ किस गैस के ठोस रूप को कहते हैं?
6. हमारे शरीर के बालों में कौन सा प्रोटीन पाया जाता है?
7. हल्दी घाटी का युद्ध कब हुआ था?
8. भारत में नेशनल डॉक्टर्स डे कब मनाया जाता है?
9. सफेद सोना (व्हाइट गोल्ड) किस धातु को कहा जाता है?
10. एवरेस्ट के शिखर तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थी?

बच्चों, जीके क्विज-158 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-157 का उत्तर:** 1.शतरंज, 2.कनाडा, 3.एनालेना बैरबॉक, 4.सुभाष चंद्र बोस, 5.ओडिशा, 6.मेगास्थनीज, 7.ओटावा, 8.विटामिन ए, 9.बैकाल, 10.किडनी

**जीके क्विज-157 का सही उत्तर देने वाले:** आशीष-दुर्ग, सौम्या-रायपुर, सागर-बिलासपुर, हिमांशु-बिलासपुर, गोल्डी-भोपाल, चेतन-रोहतक, कबीर-हिसार, गोदावरी-ईमेल से, चैतन्य-महासमुंद, राजन-बालोद, काव्या-दुर्ग

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां योग दिवस से जुड़े एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें ये सारे अंतर पांच मिनट में खोज कर बताने हैं, तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।





**उत्तर :** 1. सबसे आगे बैठकर योग कर रहे लड़के की टी-शर्ट का कलर बदला हुआ है। 2.नीचे बाईं तरफ एक फूल कम दिख रहा है। 3.ऊपर बाईं तरफ आकाश में दो की बजाय चार पंछी उड़ रहे हैं। 4.दाईं तरफ घर के ऊपरी हिस्से में दो वेंटिलेशन विंडो दिख रहे हैं। 5.दाहिनी तरफ घर के थोड़ा ऊपर एक मधुमक्खी दिख रही है। 6.नीचे दाईं तरफ तितली गायब है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, ऋषि के दोस्त पार्क में योगाभ्यास कर रहे हैं, उसे इनके पास योगाभ्यास के लिए पहुंचना है। लेकिन पार्क तक पहुंचने का रास्ता बहुत टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम ऋषि को अपने दोस्तों तक पहुंचने का रास्ता बताओ तो जरा।



**गो-शालाओं में गोवंश के व्यवस्थापन के लिए लगभग 50 करोड़ रुपए अंतरित किए जाएंगे**

# मुख्यमंत्री निवास में आज होगा प्रदेश स्तरीय गो-शाला सम्मेलन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश स्तरीय गो-शाला सम्मेलन का आयोजन आज शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से मुख्यमंत्री निवास प्रांगण में किया जाएगा। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल शामिल होंगे।

सम्मेलन में प्रदेश के समस्त जिलों से शासकीय एवं अशासकीय गो-शाला संचालकों एवं प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी उमाकांत उमराव ने बताया कि सम्मेलन में गो-शालाओं में गोवंश के व्यवस्थापन के लिए लगभग 50 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की जाएगी।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव और पशु पालन राज्य मंत्री पटेल होंगे शामिल**



### पुरस्कारों का होगा वितरण

आचार्य विद्यासागर जीव दया गो-सेवा सम्मान योजना के अंतर्गत चयनित गो-शालाओं एवं संस्थाओं को गो-सेवा पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया जाएगा। सम्मेलन में नवीन गो-शालाओं को पंजीयन प्रमाण पत्र तथा मप्र गो-संवर्धन बोर्ड एवं दयोदय महासंघ के सहयोग से हितग्राहियों को ट्रैक्टर-ट्रॉली वितरण भी किया जाएगा। 'पशुपालन के क्षेत्र में प्रदेश के बढ़ते कदम' विषय पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी होगा।

## 'खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा' पर राष्ट्रीय कार्यशाला का कल, शुभांरभ करेंगे सीएम



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 21 जून को 'खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला, डोंगला, उज्जैन में करेंगे। कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और शिक्षाविद शामिल होंगे। इस दौरान अनेक शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

**अत्याधुनिक तारामंडल का लोकार्पण भी करेंगे मुख्यमंत्री**

### देश के ये वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद होंगे शामिल

कार्यशाला में विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. शिवकुमार शर्मा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, भारतीय ज्ञान प्रणाली भारत सरकार नई दिल्ली के राष्ट्रीय संयोजक प्रो गंटी एस मूर्ति, राष्ट्रीय नवप्रर्वतन प्रतिष्ठान गांधीनगर के निदेशक डॉ. अरविंद रानाडे, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी नई दिल्ली के कार्यकारी निदेशक डॉ. ब्रजेश पांडे, मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एनपी शुक्ला, डेक्कन विश्वविद्यालय पुणे के पूर्व कुलपति एवं सीएसआईआर भटनागर फेलो, सीसीएमबी हैदराबाद डॉ. वसंत शिंदे, आचार्य वराहमिहिर न्यास उज्जैन के अध्यक्ष हेमंत भवालकर, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरु प्रो अर्पण भारद्वाज, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी, अवादा फाउंडेशन की निदेशक रितु पटवारी तथा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वरिष्ठ वैज्ञानिक सहित अन्य प्रतिष्ठित वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद शामिल होंगे।

### *तारामंडल-शो का किया जाएगा प्रदर्शन*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव पद्मश्री डॉ विष्णु श्रीधर वाकणकर वेधशाला में शंकु यंत्र के माध्यम से शून्य छाया अवलोकन करेंगे। साथ ही आचार्य वराहमिहिर न्यास एवं अवादा फाउंडेशन द्वारा निर्मित अत्याधुनिक तारामंडल का लोकार्पण भी करेंगे। इस दौरान तारामंडल-शो का प्रदर्शन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव वेधशाला स्थित ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन-सत्र को संबोधित करेंगे। परिचर्चा सत्र में खगोल विज्ञान और भारतीय ज्ञान परंपरा पर चर्चा होगी।*

**खबर संक्षेप**

### आउटसोर्सिंग ऑपरेटरों का दो माह का वेतन अटका

**भोपाल।** आउटसोर्सिंग ऑपरेटरों के वेतन के मामले में लेटलतीफी की जा रही है। बीते एक वर्ष का एरियर और लगातार दो माह से लंबित वेतन के कारण ऑपरेटर परेशान हैं। उन्हें रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी कठिन हो रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने कई बार जिला शिक्षा कार्यालय, संबंधित परियोजना अधिकारियों और आउटसोर्सिंग एजेंसी से संपर्क किया, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिले। 57 ऑपरेटरों की मांग है कि जल्द से जल्द लंबित वेतन और एक साल का एरियर उन्हें प्रदान किया जाए, ताकि वे आर्थिक संकट से बाहर निकल सकें।

### तीस के बाद 13 पंचायत सचिवों के तबादले

**भोपाल।** लंबे समय से एक ही पंचायत में जमे भोपाल के 13 पंचायत सचिवों के तबादले किए गए हैं। इन्हें मिलाकर 7 दिन में 43 सचिवों का ट्रांसफर किया गया है। अब इन सचिवों को नई पंचायत में ज्वॉइनिंग देना पड़ेगी। इसके पहले, 10 जून को जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप ने 30 सचिवों की लिस्ट को मंजूरी दी थी। वहीं, तबादलों की समय सीमा 17 जून की देर रात 13 सचिवों की एक और लिस्ट जारी की गई। भोपाल में 222 ग्राम पंचायतें हैं। जिन ग्राम पंचायतों को एक पंचायत से दूसरी पंचायत में भेजा गया है, उन्हें 14 दिन के अंदर काम संभालना होगा। किसी भी पंचायत सचिव का उसकी पैतृक या ससुराल की ग्राम पंचायत में किया गया तबादला भी निरस्त माना जाएगा।

**11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजन कल, कलेक्टरों को दिए दिशा-निर्देश**

# कार्यक्रम आयोजकों को कराना होगा अपना पंजीयन प्रत्येक जिले में नियुक्त होगा एक नोडल अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन की ओर से 11 वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को आयोजित करने के संबंध मे सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए है। जारी आदेश में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए जिले की समस्त संस्थाओं को प्रेरित किया जाएगा, सभी कार्यक्रम आयोजकों को अपना पंजीयन कराना होगा। इसका पंजीयन लिंक पर होगा।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम जिले के पंचायत मुख्यालयों तथा पंचायत के अन्य ग्रामों एवं सभी नगरीय निकायों मुख्यालय एवं समस्त वार्डो में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कराया जाएगा। योग दिवस के कार्यक्रम के लिए भारत सरकार के योग निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के लिए जिले में पंतजलि योग संस्थान, श्रीरामचंद्र मिशन हार्टफुलनेस संस्थान, जन अभियान परिषद, मप्र योग आयोग एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं से संबद्ध योग इन्स्ट्रक्टर/योगा वालेंटियर उपलब्ध है, जिनकी सूची पृथक से आयुष विभाग की ओर से प्रदाय की जाएगी।

***ग्रामों एवं नगरीय निकायों में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कराया जाएगा कार्यक्रम***

**योग प्रशिक्षक एवं वालेंटियर्स को ट्रेंनिग कराने के लिए ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार किया**



### शासकीय सेवकों को कार्यक्रमों में हिस्सा के लिए प्रेरित किया जाएगा

योग दिवस कार्यक्रम के लिए जिले में योग आयोजन कराने वाली संस्थाओं का अधिकाधिक पंजीयन कराया जाना है। इसके लिए जिले में एक नोडल अधिकारी को नियुक्त किया जाए, नोडल अधिकारी योग दिवस कार्यक्रम उपरांत जानकारी एवं फोटो भारत सरकार के पोर्टल पर भेजने के लिए उत्तरदायी होगा। जिले के समस्त शासकीय सेवको को योग दिवस के नजदीकी कार्यक्रम में सहभागिता के लिए प्रेरित किया जाए।

### *पीएम-सीएम का संबोधन*

*प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव का 21 जून के योग दिवस कार्यक्रम में उद्बोधन का सीधा प्रसारण प्रदेश के समस्त ग्रामों एवं वार्डो में कराया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 6 बजे से 7.45 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसका प्रसारण लिंक मप्र जनसंपर्क विभाग की ओर से प्रदाय किया जाएगा। सभी जिलों में उपलब्ध योग प्रशिक्षक एवं वालेंटियर्स को ट्रेंनिग कराने के लिए आयुष विभाग की ओर से ट्रेनिंग मॉडयूल तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से दिनांक 19 एवं 20 जून को ऑनलाइन ट्रेनिंग की व्यवस्था की जाएगी, जिसकी लिंक आयुष विभाग से प्रेषित की जाएगी।*

### अंतरराष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम दिवस पर 27 को रतलाम में होगा 'एमपी राइज-2025'

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को राज्य की आर्थिक प्रगति का प्रमुख आधार मानते हुए 27 जून को अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम दिवस पर रतलाम के शहीद स्मारक मैदान में 'रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव'एमपी राइज-2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रदेश में औद्योगिक निवेश, कौशल विकास और स्वरोजगार को एक साथ संवर्धित करने का समग्र मंच प्रस्तुत करेगा। इस समेकित पहल से मप्र में निवेश, कौशल विकास और स्वरोजगार के नए आयाम स्थापित होंगे और राज्य की आर्थिक प्रगति को स्थाई व समावेशी दिशा मिलेगी।

#### युवाओं को जॉब-ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे

एमपी राइज-2025 कॉन्क्लेव में औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन एवं औद्योगिक पार्कों तथा कौशल प्रशिक्षण केंद्रों का लोकार्पण होगा। इस अवसर पर चयनित युवाओं को जॉब-ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे तथा महिला उद्यमियों और ग्रामीण स्वरोजगार समूहों को प्रारंभिक पूंजी सहायता वितरित की जाएगी।

#### प्रशिक्षण योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी जाएगी

कॉन्क्लेव में नवीनतम तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। वन-टू-वन सत्रों में प्राइवेट सेक्टर, तकनीकी संस्थान एवं वित्तीय समूह मुख्यमंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निवेश व सहयोग के नए अवसरों पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

**नकदी, एफडी, कार, सहित करोड़ों ऐंठे**

## सलाखों के पीछे पहुंचा व्यापारी को ब्लैकमेल करने वाला शातिर दंपति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

वैशाली नगर पुलिस ने एक शातिर दंपति को गिरफ्तार किया है। पति-पत्नी ने मिलकर सराफा व्यवसाई से जमीन, बंगला, गाड़ी, ज्वेलरी, नगदी समेत 2 करोड़ की वसूली की थी। आरोपियों ने पीड़ित व्यवसाई को इतना प्रताड़ित किया था कि उसने दोनों से छुटकारा पाने के लिए आत्महत्या की कोशिश भी की। परिजनों को जब इसकी जानकारी हुई तो व्यवसाई के साथ वैशाली नगर थाने पहुंचे और इसकी शिकायत दर्ज कराई।

दरअसल, वैशाली नगर में पीड़ित सराफा व्यवसाई की ज्वेलरी की दुकान है। 4-5 साल पहले निलिमा यादव उर्फ निलम लहरे नाम की महिला सराफा व्यवसाई की दुकान में काम मांगने के लिए गई थी। इसी दौरान नीलिमा ने बातचीत के दौरान व्यवसाई को अपने जाल में फंसा लिया और मोबाइल नंबर मांगकर उससे बातचीत करने लगी। इसी बीच आरोपी महिला अपने पति के साथ मिलकर एक दिन व्यवसाई को बुलाया और उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद महिला सराफा व्यवसाई को ब्लैकमेल करने लगी। पति-पत्नी ने पिछले चार साल से ब्लैकमेल कर व्यवसाई के करोड़ों रुपये हड़प लिए। महिला ने गाड़ी, बंगला, जमीन, नगदी और सोने सहित साड़ी संपत्ति अपने नाम करवा ली थी। महिला की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़ित व्यवसाई ने एक बार आत्महत्या की कोशिश भी की थी। हालांकि उसके परिजनों ने उसे बचा लिया था, जिसके बाद व्यवसाई ने अपने साथ हुई पूरी घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने बिना देरी किए वैशाली नगर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 308(2),351(2), 61(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया। एसएसपी विजय अग्रवाल ने भी ब्लैकमेलिंग के मामले को गंभीरता से लिया और जांच कर आरोपियों को पकड़ने के निर्देश दिए। पुलिस ने जांच करते हुए निलिमा व उसके पति आनंद को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करने की बात स्वीकर की। पुलिस ने दोनों के पास से ब्लैकमेलिंग के जरिए वसूली रकम 16 लाख 45 हजार नगदी, सोने की बिस्किट, ज्वेलरी 80 लाख 49 हजार, 25 लाख की एफडी,35 लाख रूपये का बंगला, दो पहिया वाहन, कार समेत 2 करोड़ रुपए का सामान बरामद किए हैं।

**मप्र के लक्ष्मीपुरा जिला नीमच का रहने वाला था मृतक**

## निर्माण कार्य में लगे सड़क के ठेकेदार की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



जिले के गुरूर थाना क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। मृतक का नाम सरदार सिंह बताया जा रहा है, जोकि मध्यप्रदेश के लक्ष्मीपुरा जिला नीमच का रहने वाला था। उसकी उम्र लगभग 60 वर्ष बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जिले के विख्यात कंकालीन मंदिर के समीप इस घटना को अंजाम दिया गया है। गुरूर थाने से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक सरदार सिंह सड़क निर्माण कार्य में लगा था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने उसकी हत्या कर दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम सभी एंगल से जांच कर रही है।

**तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की महिलाओं को चरण पादुका प्रदान करेंगे सीएम**

## चरण पादुका वितरण योजना का शुभारंभ कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 21 जून को चरण पादुका वितरण योजना का शुभारंभ करेंगे। जशपुर जिले के तपकरा में आयोजित कार्यक्रम में सीएम साय तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की महिलाओं को चरण पादुका प्रदान करेंगे। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार का राज्य के तेंदूपत्ता संग्राहकों से किया गया एक और वादा पूरा होगा।

छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने संकल्प पत्र में चरण पादुका योजना को फिर से शुरू किये जाने का वादा किया था, जिसे पूर्ववर्ती सरकार ने बंद कर दिया था। छत्तीसगढ़ की संवेदनशील सरकार द्वारा पुनः शुरू की जा रही है। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए सरकार ने 40 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है। यह योजना सीधे-सीधे राज्य के 12 लाख 40 हजार तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की महिलाओं को लाभ पहुंचाएगी, जिन्हें चरण पादुका का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता हमेशा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक न्याय और सुविधा पहुंचाना है। तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों का राज्य की अर्थव्यवस्था और वनोपज आधारित आजीविका में अमूल्य योगदान है। चरण पादुका योजना हमारे संकल्प पत्र का वादा था, जिसे हम पूरा करने जा रहे है। यह सिर्फ चरण पादुका का वितरण नहीं, बल्कि संग्राहक परिवार के स्वाभिमान और सुरक्षा का प्रतीक है।



### *तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के सम्मान का प्रमाण है यह योजनाः सीएम साय*

*चरण पादुका वितरण योजना की शुरूआत इस बात का प्रमाण है कि छत्तीसगढ़ सरकार तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की आवश्यकता, सम्मान और गरिमा का ध्यान रख रही है। इस योजना का उद्देश्य न सिर्फ तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार की महिलाओं को सम्मान देना है, बल्कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में काम करने वाली संग्राहक महिलाओं की सुविधा सुनिश्चित करना भी है। छत्तीसगढ़ राज्य में इस साल तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य बीते अप्रैल के तृतीय सप्ताह से शुरू हुआ था, जो अब सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। राज्य की 902 प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से 10,631 फड़ों में संग्रहण का कार्य किया गया। हालांकि इस वर्ष असमय वर्षा, तूफान और ओलावृष्टि के कारण फसल प्रभावित हुई, परंतु इसके बावजूद 11.40 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों ने अपनी लगन और मेहनत से 13.54 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण और फड़ों में विक्रय किया, जिसका कुल क्रय मूल्य 745 करोड़ रूपये है। इस राशि का भुगतान संग्राहकों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से उनके बैंक खातों में किया जा रहा है। अब तक 300 करोड़ रूपये से अधिक की राशि सीधे संग्राहकों के खाते में अंतरित की जा चुकी है, शेष राशि के भुगतान की प्रक्रिया जारी है।*

**सौजन्य भेंट...**



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा अध्यक्ष तोमर का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने भी पुष्पगुच्छ भेंटकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत किया।

## मुख्यमंत्री, रक्षा मंत्री ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद





**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर की पुत्री के विवाह समारोह में सम्मिलित होकर वर-वधू को सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए मंगलकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सौजन्य भेंट हुई।

**मंत्री तुलसीराम ने कहा, बाढ़ नियंत्रण कक्ष में 24 घंटे कार्य सुनिश्चित करें**

## विभागीय अधिकारी बांधों का निरीक्षण कर वर्षा पूर्व सुधार कार्य पूर्ण करेंः सिलावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी वर्षा से पूर्व सभी बांधों का निरीक्षण करें। वर्षा से पहले ही आवश्यकतानुसार सुधार कार्य कर लिए जाएं। सभी बांधो के गेट्स का मेंटीनेंस कर उन्हें क्रियाशील स्थिति में रखा जाए।

बैठक में आगामी मानसून पूर्व तैयारियों एवं विभाग द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम की समीक्षा की गई। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने मंगलवार को मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक की।

### *बांधों की सुरक्षा की जानकारी दी*

*बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख अभियंता विनोद कुमार देवड़ा आदि उपस्थित थे। क्षेत्रीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित हुए। देवड़ा ने वर्षा ऋतु से पूर्व बांधों की सुरक्षा और संभावित आपदा स्थितियों से निपटने संबंधी विभागीय योजना एवं विभाग की ओर से किए गए जल संरक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। सिलावट ने निर्देश दिए कि जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर 24 घंटे क्रियाशील किया जाए।*

### *डैम से पानी छोड़ने की स्थिति में अग्रिम सूचना दें*

*मंत्री सिलावट ने निर्देश दिए कि वर्षा काल में जब भी डैम से पानी छोड़ने की स्थिति बने जिले के सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाओं को अग्रिम सूचना दे दी जाए। जिन स्थानों पर पानी छोड़ा जा रहा है वहां जन सामान्य को पर्याप्त समय पूर्व पानी छोड़ने की सूचना अनिवार्य रूप से दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय मैन्युअल के अनुसार वर्षा पूर्व निरीक्षण प्रतिवेदन विभागीय पोर्टल पर दर्ज किए जाएं।*

**मुरैना में मिली अपना दल (एस) सदस्यता अभियान को गति**

## मप्र में हमारी पार्टी समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



अपना दल (एस) के मध्य प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह पटेल अपने चार दिवसीय दौरे के पहले दिन बुधवार को भिंड में कार्यकर्ता बैठक के बाद मुरैना पहुंचे। इसके बाद मुरैना के एक होटल में शाम 5 बजे आयोजित सदस्यता अभियान सह कार्यकर्ता बैठक में उन्होंने हिस्सा लिया। इस महत्वपूर्ण बैठक में संगठन की मजबूती और सदस्यता अभियान को गति देने पर चर्चा हुई।

### *यह दौरा अगले दिन और रहेगा*

*पटेल ने कहा, मध्य प्रदेश में हमारी पार्टी कार्यकर्ताओं के दम पर जन-जन तक पहुंचेगी और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलेगी। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा सत्ता में रहते हुए पिछड़ा वर्ग के लिए उठाये गए कदमों की जानकारी भी साझा की। गौरतलब है कि यह दौरा अगले तीन दिनों तक ग्वालियर-चम्बल संभाग के विभिन्न जिलों में जारी रहेगा, जिसमें कार्यकर्ताओं के साथ संवाद और संगठन विस्तार पर जोर दिया जाएगा।*